# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, बुधवार 1 अप्रैल 2026


कंपनियां लागू करेंगी न्यू लेबर कोड

## बढ़ेगा पीएफ, इन हैंड सैलरी घटेगी




**नई दिल्ली।** नौकरीपेशा के लिए बुधवार 1 अप्रैल 2026 से बहुत कुछ बदलने वाला है। देश की तमाम बड़ी कंपनियां अप्रैल से नए श्रम कानून लागू करने जा रही हैं। इससे कर्मचारियों के सैलरी स्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। जहां उनका पीएफ कंट्रीब्यूशन बढ़ जाएगा, तो टेक होम सैलरी कम हो सकती है।

### खबर संक्षेप

## आज से दूध के 5 रुपए प्रति ली.तक बढ़ेंगे दाम



**भोपाल।** महंगाई की मार अब आम आदमी की रसोई तक पहुंच गई है। 1 अप्रैल से भोपाल सहित मप्र के कई बड़े शहरों में दूध के दामों में भारी बढ़ोतरी होने जा रही है। इंदौर में दूध की कीमतों में 3 रुपए प्रति लीटर इजाफा किया गया है, अब दूध 63 से 65 रुपए प्रति लीटर के भाव पर मिलेगा। इंदौर में जहां 3 रुपए,धार में कीमतें 4 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ा दी गई हैं। मप्र दुग्ध विक्रेता महासंघ के अनुसार, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, देवास और बड़वाह जैसे शहरों में भी 2 से 4 रुपए तक की बढ़ोतरी की जाएगी। पशु आहार के दाम बढ़ते रहे तो भविष्य में फिर से कीमतों पर विचार होगा।

## इंडिगो ने विलियम वॉल्श को बनाया नया सीईओ



**नई दिल्ली।** पीटर एल्बर्स के अचानक इस्तीफे के कुछ हफ्तों बाद इंडिगो ने नए सीईओ का नाम घोषित किया है। इस भारतीय एयरलाइन ने मंगलवार को ब्रिटिश एयरवेज के पूर्व प्रमुख विलियम वॉल्श को नया सीईओ बनाने का ऐलान किया। इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन में वॉल्श का कार्यकाल 31 जुलाई, 2026 को समाप्त हो रहा है। इंडिगो में उनके 3 अगस्त, 2026 तक या उससे पहले कार्यभार संभालने की उम्मीद है। इंडिगो के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि विलियम वॉल्श (विली) इंडिगो की कमान संभालेंगे। वह एक बेहतरीन ग्लोबल एविएशन लीडर हैं। उनका कई एयरलाइनों में शानदार नेतृत्व का बेमिसाल रिकॉर्ड रहा है।

### सीएम डॉ. यादव ने कहा

### एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन भविष्य की संभावनाओं को प्रदान करेगा मजबूत आधार



कॉरिडोर का निरीक्षण करते हुए

### मप्र-उप्र के बीच आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन के एक नए युग की शुरुआत

# विश्वनाथ मंदिर और महाकालेश्वर मंदिर ट्रस्ट के मध्य हुआ एमओयू

*मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम प्रधानमंत्री मोदी का कर्मक्षेत्र भी है। उनके कुशल नेतृत्व में भारत सशक्त राष्ट्र बनकर उभरा है, जो स्थिरता, संभावनाओं और भरोसे का प्रतीक है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वाराणसी में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन में कहा कि दोनों राज्यों के बीच आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन के एक नए युग की शुरुआत हुई है। मप्र और उप्र मिलकर एक साझा धार्मिक सर्किट विकसित कर रहे हैं, जिससे न केवल पर्यटन को गति मिलेगी, बल्कि श्रद्धालुओं को एक सुगम, समृद्ध और एकीकृत तीर्थ अनुभव प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को बनारस में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन के शुभारंभ सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने मप्र और उप्र की औद्योगिक क्षमताओं, पारंपरिक शिल्प, ओडीओपी(एक जिला एक उत्पाद) और जीआई टैग उत्पादों, कृषि एवं खाद्य उत्पादों, निवेश अवसरों और पर्यटन संभावनाओं को एक साझा मंच देने के उद्देश्य से आयोजित सहयोग सम्मेलन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री की मौजूदगी में काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति तथा ओडीओपी की पहल को मजबूत करने, स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने तथा अंतर्राज्यीय सहयोग के माध्यम से आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के लिए उत्तर प्रदेश और मप्र के मध्य 2 महत्वपूर्ण एमओयू हुए। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

- ओडीओपी उत्पादों के क्षेत्र में आगे बढ़ने उप्र और मप्र के बीच हुआ एमओयू
- उज्जैन में ओडीओपी प्रोडक्ट के लिए 284 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा यूनिटी मॉल



पूजा अर्चना करते सीएम

### विश्वनाथ कॉरिडोर की व्यवस्थाओं को भी समझा

*मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में सिंहस्थ के आयोजन के लिए हर तरह के प्रबंधन की तैयारियां चल रही है। प्रयागराज में ऐतिहासिक महाकुंभ के आयोजन की व्यवस्थाओं के अध्ययन से सिंहस्थ के बेहतर प्रबंधन में मदद मिलेगी। इस संदर्भ में विश्वनाथ कॉरिडोर की व्यवस्थाओं को भी समझा है।*

**औद्योगिक क्षमताओं, निवेश अवसरों और पर्यटन संभावनाओं को साझा करने के लिए हुआ मप्र-उप्र सहयोग सम्मेलन**

### मंत्री नंदी ने कहा-डॉ. यादव जनता के मन पर छाप छोड़ने वाले राजनेता

उत्तर प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मप्र के धार में प्रधानमंत्री मोदी ने वृहद स्तरीय पीएम मित्र पार्क की नींव रखी है। इसी प्रकार से बनारस में 100 एकड़ भूमि पर टैक्सटाइल पार्क का भूमि-पूजन प्रस्तावित है। उप्र के औद्योगिक विकास तथा निर्यात एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि बाबा महाकाल के अनन्य भक्त मप्र के मुख्यमंत्री का बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में आगमन एक सुखद सौभाग्य है। बेहद सरल स्वभाव के मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनता के मन में छाप छोड़ने वाले लोकप्रिय राजनेता हैं। उनके प्रशासनिक निर्णय कठोर होते हैं, मप्र सरकार में लापरवाही बर्दाश्त नहीं है। यह आयोजन दोनों राज्यों के बीच गहरी समझ का स्पष्ट उदाहरण है।



घटनास्थल पर पुलिस जांच करती हुई

सुबह की सैर में घात लगाए थे हमलावर

## दतिया में दिनदहाड़े भाजपा पार्षद की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया

सेवढ़ा चुंगी चौराहे पर मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे उस समय सनसनी फैल गई, जब अज्ञात हमलावरों ने भाजपा पार्षद कल्लू कुशवाहा की गोली मारकर हत्या कर दी। कल्लू कुशवाहा रोज की तरह सुबह टहलने के लिए सेवढ़ा चुंगी चौराहे पर पहुंचे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे हमलावर अचानक सामने आए और उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। प्रारंभिक जांच में इस हत्या के पीछे पुरानी आपसी रंजिश की आशंका जताई जा रही है। बताया गया है कि वारदात में शामिल मुख्य आरोपी छोटू कुशवाह और सुधीर कुशवाह ने सरेंडर कर दिया है। हालांकि, पुलिस ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। वहीं मृतक कल्लू कुशवाह के भाई शेरू कुशवाहा ने 6 लोगों पर केस दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कई टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



मृतक कल्लू

- दो आरोपियों ने सरेंडर किया
- हत्या के पीछे आपसी रंजिश की आशंका

### पार्षद का भी आपराधिक रिकॉर्ड

मृतक कल्लू कुशवाहा वार्ड नंबर एक से भाजपा पार्षद थे और क्षेत्र में उनकी सक्रिय राजनीतिक पहचान थी। हालांकि, उनका आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। उन पर पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज थे। हत्या के एक मामले में उन्हें आजीवन कारावास की सजा भी हो चुकी थी और करीब 4 महीने पहले ही वे जमानत पर जेल से बाहर आए थे।





INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife — Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits#

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~As per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles until March 2025. World's no 1 disclaimer- World's largest Two-Wheeler manufacturer with the highest Two-wheeler unit sales by a single corporate entity globally, for the past 25 years. Data Source: Certificate from SIAM dated 9th January 2026.^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. #Limited period offer, T&C apply. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of Splendor+ drum brake non i3S variant applicable in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः भोपालः वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाइटिड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सेठी ऑटोमोबाइल्स (भवरकुआँ) 9289923211, रुक्मारानी ऑटोमोटिव (एलआईजी स्क्वायर के पास) 8871444414, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, रतलामः एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) नीमचः उत्तम हीरो 9289922367, मन्दसौरः रामदर्शन हीरो 9289922369, जावराः रिलायबल हीरो 9289923045, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी : गंगोत्री मोटर्स 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 9425416084, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली: श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्ड : शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342, सीतामऊ: तिरुपति मोटर्स, 9753008855, पिपलिया मंडी: नवपद मोटर्स, 9479861211, दलोदा: जेएस मोटर्स, 9926600906.

RS/Hero/03/26

शहर की करीब 104 लोकेशन पर बढ़ेंगे पचास और पचास फीसदी से अधिक दाम

पुराने रेट पर रजिस्ट्री कराने आए लोग, आज से प्रॉपर्टी खरीदना महंगा

# आखिरी दिन रिकॉर्ड 1293 रजिस्ट्री विभाग को हुई 32 करोड़ की आय


आईएसबीटी स्थित पंजीयन कार्यालय में भीड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन को लेकर मार्च माह के आखिरी दिन जिले के आईएसबीटी और परी बाजार स्थित पंजीयन दफ्तरों में प्रॉपर्टी के खरीदारों की भीड़ उमड़ी। रात 12 बजे तक रिकार्ड 1293 रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं, जिनसे विभाग को 32 करोड़ की आय हुई। नई गाइडलाइन लागू होने पर 740 लोकेशन पर 5 से 181 फीसदी तक रेट बढ़ाए गए हैं। इस बार पंजीयन विभाग ने 104 लोकेशनों पर 50 और 50 प्रतिशत से अधिक दाम बढ़ाए गए हैं। इसके साथ कई लोकेशन पर 100, 150 और 181 फीसद तक बढ़ोतरी की गई है। जिसके तहत एक अप्रैल से इन लोकेशन पर रजिस्ट्री कराने में स्टांप ड्यूटी अधिक चुकाना पड़ेगी। वित्तीय वर्ष का आखिरी दिन होने की वजह से प्रॉपर्टी खरीदने वालों की भीड़ पंजीयन कार्यालयों में लगी रही। इस दौरान नेट कनेक्टिविटी स्लो होने के कारण बीच-बीच में परेशानी भी हुई, बावजूद रात 12 बजे तक 1200 से अधिक दस्तावेज रजिस्टर्ड हुए। इस बार पंजीयन विभाग ने जिले में साढ़े तीन सौ करोड़ करोड़ रुपए की टॉरगेट से अतिरिक्त आय दर्ज कराई है। हालांकि आखिरी दिन तक करीब बीस करोड़ रुपए की आमदनी हुई है। वरिष्ठ जिला पंजीयन स्वपनेश शर्मा का कहना है कि प्रॉपर्टी की खरीदारों की सहुलियत को देखते हुए परी बाजार, आईएसबीटी और गोविंदपुरा दफ्तरों में 700-700 स्लॉट कर दिए गए थे। जिससे रात 12 बजे तक रजिस्ट्री की गई हैं।

### रात भर जागकर बुक किए स्लॉट

*मंगलवार को 31 मार्च पुरानी दरों पर रजिस्ट्री कराने का अंतिम दिन था। ऐसे में प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त के लिए लोगों ने सोमवार की रात को दो से तीन बजे तक स्लॉट बुक कराए। यही नहीं देर रात तक डीडी बनवाने का सिलसिला चलता रहा। बावजूद इसके इन्हें दोपहर दो से तीन बजे का समय मिला। परी बाजार में रजिस्ट्री कराने आए संजय मीणा ने बताया कि उन्होंने रात दो बजे स्लॉट बुक किया था। यही नहीं रात एक बजे डीडी बनवाई थी। उन्हें उम्मीद थी कि सुबह उनका नंबर आ जाएगा, लेकिन तीन बजे का स्लॉट मिला।*

### 13 से 14 हजार हुई कंस्ट्रक्शन कॉस्ट

*मकान, दुकान, फ्लैट, गोदाम और कमर्शियल परिसरों में भी एक हजार रुपए प्रति वर्गमीटर के हिसाब से कॉस्ट बढ़ा दी गई है। कंस्ट्रक्शन कॉस्ट को भी 13 हजार से बढ़ाकर 14 हजार कर दिया है। जिससे एक हजार वर्गफीट (सौ वर्गमीटर लगभग) की रजिस्ट्री पर कंस्ट्रक्शन कॉस्ट के नाम पर दस हजार रुपए अधिक चुकाना पड़ेंगे। ऐसे में यह बढ़ोतरी मकान, दुकान, फ्लैट, गोदाम सहित सभी तरह के निर्माण पर लागू की जाएगी।*

**निगम क्षेत्र में प्रतिशत और लोकेशन संख्या**

- *50% से अधिक वाली लोकेशन-57*
- *50% वाली लोकेशन-47*
- *40% और अधिक वाली लोकेशन-14*
- *30% और अधिक वाली लोकेशन-57*
- *20% और अधिक वाली लोकेशन-183*
- *10% और अधिक वाली लोकेशन-114*
- *5% से अधिक वाली लोकेशन-45*
- *1% से 5% तक वाली लोकेशन-53*

# कंपोजिट शराब दुकानों की देर रात तक नीलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले की 87 कंपोजिट शराब दुकानों के नीलाम प्रक्रिया मंगलवार देर रात पूरी कर ली गई है। दुकानों को नीलाम करने आबकारी विभाग के अधिकारी मार्च में मशक्कत करते रहे। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिन 31 मार्च को 837 करोड़ की 24 दुकानों के लिए 163 ईटेंडर आए थे। दुकानें तो नीलाम हो गईं थी, लेकिन उनसे कितना राजस्व विभाग को मिला है, इसका पता नहीं चल सका था। जानकारी के अनुसार राजधानी की 87 शराब दुकानों का आरक्षित मूल्य करीब एक हजार 677 करोड़ रुपये रखा गया है। इनको नीलाम करने नौ बार ईटेंडर किए गए,जिनमें से 63 दुकानें पहले ही नीलाम हो चुकी थी। इनसे विभाग को करीब 840 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है, जबकि शेष 24 दुकानों के लिए आरक्षित मूल्य 837 करोड़ रुपये रखा गया था।

कचरे में डेढ़ करोड़, पानी दो करोड़, लाइसेंस 50 लाख, लीज रेंट 28 लाख से ज्यादा वसूले

# वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन निगम ने किया रिकॉर्ड कलेक्शन, 16 करोड़ से ज्यादा वसूली

**वित्तीय वर्ष 2025-26 में वसूली 537 करोड पार, बीते वित्तीय वर्ष से 11 फीसदी अधिक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


वसूली में लगे निगम के कर्मचारी।

नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिन मंगलवार को रिकार्ड कलेक्शन किया। एक दिन में 16 करोड से ज्यादा वसूली की। 12 हजार से अधिक रसीदें कटीं। इसमें 10 करोड़ संपत्ति कर, कचरे में डेढ़ करोड़, लाइसेंस शुल्क 50 लाख, लीज रेंट 28 लाख रुपए सहित अन्य मदों में 16 करोड रुपए से ज्यादा वसूली की। उक्त वसूली मिलाकर वसूली का आंकड़ा 537 करोड़ रुपए से उपर बताया जा रहा है। जबकि निगम ने 600 करोड रुपए से ज्यादा का वसूली का लक्ष्य रखा था। वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर निगम की कुल वसूली 537 करोड़ रुपए के पार पहुंच गई। इसमें बड़ा योगदान प्रॉपर्टी टैक्स का रहा, जिसने कुल कलेक्शन का बड़ा हिस्सा शामिल है। सालभर वसूली की रफ्तार धीमी रही और मार्च के अंतिम सप्ताह में ही तेजी आई। हर साल की तरह इस बार भी बकाएदारों ने अंतिम समय में भुगतान करना ज्यादा बेहतर समझा।

### अंतिम दिन जोन-13 और 10 ने दिखाया दम

*जोन-13 सबसे आगे रहा, जहां 1.54 करोड़ रुपए की वसूली हुई। जोन-10 ने भी 1.13 करोड़ रुपए के साथ मजबूत प्रदर्शन किया। जोन-18 में 1.11 करोड़ रुपए की वसूली हुई। जोन-6 जैसे क्षेत्रों में कलेक्शन 20 लाख के आसपास ही सिमट गया।*

### कहीं 50 फीसदी बढत तो कहीं गिरावट

*जोनवार आंकड़ों पर नजर डालें तो जोन-5 में 56 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जोन-7 में करीब 9 फीसदी की स्थिर बढ़त देखने को मिली। जोन-3 में भी 40 फीसदी से ज्यादा उछाल दर्ज हुआ। जोन-11 जैसे कुछ क्षेत्रों में वसूली में करीब 1 फीसदी की गिरावट सामने आई। बाकी जोनों ने ज्यादा नहीं तो कम वसूली भी नहीं की।*

### कैटेगरीवार वसूली 200 फीसदी तक

*कैटेगरी के आधार पर वसूली पर नजर डालें तो प्रॉपर्टी टैक्स में कई वार्डों में 200 फीसदी तक की बढ़ोतरी दर्ज हुई, जो कुल वसूली बढ़ाने का मुख्य कारण बना। जल उपभोक्ता शुल्क में कई जगह गिरावट भी दर्ज हुई, जिससे कुल ग्रोथ पर असर पड़ा।*

जल कार्य के अमले की चल रही मुहिम में 157 सैंपल लिए गए

## जल सुनवाईः दो घंटे में न कोई सैंपल लेकर आया न कोई शिकायत पहुंची



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के सभी वार्डों में हर मंगलवार को होने वाली जल सुनवाई में अब लोगों की रूचि नहीं दिख रही है। मंगलवार को हुई जल सुनवाई में एक व्यक्ति भी न तो पानी के सैंपल की जांच करवाने पहुंचा और न ही कोई शिकायत दर्ज हुई। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे प्रदेश में यह जल सुनवाई प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हो रही है।

इधर जलकार्य विभाग के अमले ने नियमित कार्यवाई के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 158 पानी के सैंपल लिए और जांच के लिए लैब भेजे। 48 स्थानों पर लीकेज सुधारे गए और 9 शिकायतों का निराकरण भी किया। निगम अमला अब तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 14957 पानी के सैंपल की जांच करवा चुका है।

गौहत्या नहीं होना चाहिए, एक भी हिन्दू का धर्मांतरण न हो सरकार इसके प्रयास करेः प्रवीण तोगड़िया

## एक लाख हनुमान चालीसा केंद्रों का प्रचार-प्रसार कर रहे अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया अपने दो दिनी प्रवास पर भोपाल पहुंचे। इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ताओं से मिले और देश भर चल रहे हनुमान चालीसा केंद्रों पर चर्चा की। इस कड़ी में डॉ तोगड़िया का बोर्ड ऑफिस चौराहे पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रजापति एवं विकास पटेल के नेतृत्व भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। प्रांत मंत्री राकेश प्रजापति ने बतया की हिन्दू समृद्धी सुरक्षा सम्मान के धेय वाक्य को लेकर एवं गांव गांव मे एक लाख हनुमान चालीसा केंद्रों को लेकर डॉ तोगड़िया देश भर में प्रवास कर रहे हैं।

### गौ हत्या नहीं होना चाहिए, सरकार काम करे

इस अवसर पर डॉ. तोगड़िया ने कहा कि एक भी गौ हत्या नहीं होना चाहिए। सरकार को इस पर काम करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार को धर्मांतरण रोकने पर भी काम करना चाहिए। हिंदू समाज से जुड़े मुद्दों पर प्रवीण तोगड़िया ने बयान देते हुए कहा कि हिंदुओं की एकता सरकारों पर निर्भर नहीं है।

### पहले वह रुद्राक्ष की माला बेचती थी, अब कलमा पढ़ रही

मध्य प्रदेश में मोनालिसा और फरमान के विवाह को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। मीडिया से बातचीत में प्रवीण तोगड़िया ने मोनालिसा को लेकर टिप्पणी करते हुए कहा कि पहले वह रुद्राक्ष की माला बेचती थी और अब कलमा पढ़ रही है। उन्होंने घर वापसी से जुड़े सवाल पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि ऐसे मामलों को रोका जाए।

खरीदी शुरु होने के पहले ही भर लिया छह हजार क्विंटल गेहूं

## वेयरहाउस में एडवांस गेहूं खरीदी पर सोसाइटी और किसान ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरसिया में भागवती वेयरहाउस में गेहूं खरीदी शुरु होने के पहले ही छह हजार क्विंटल गेहूं सरकारी बोरियों में भरकर जमा कर दिया गया है। जबकि साढ़े पांच सौ क्विंटल गेहूं को बोरियों में भरकर रखने की तैयारी चल रही थी। मंगलवार को जब खाद्य विभाग की टीम पहुंची तो किसान मार्केटिंग सोसाइटी के कर्मचारी खुले गेहूं को सरकारी बोरियों में भरकर वेयरहाउस में रखवा रहे थे। खाद्य विभाग ने मार्केटिंग सोसाइटी और गेहूं बेचने वाले 35 किसानों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है।

- 550 क्विंटल गेहूं मिला खुला, टीम ने किया जब्त

जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि बैरसिया स्थित भागवती वेयर हाउस बैरसिया विधायक विष्णु खत्री का है। यहां पर खरीदी शुरु होने के पहले ही छह हजार क्विंटल गेहूं किसानों से खरीदकर रखा गया था, जबकि साढ़े पांच सौ क्विंटल गेहूं को सरकारी बारदाने में शिफ्ट किया जा रहा था। टीम ने मौके पर पहुंचकर गेहूं को जब्त कर लिया है। वेयर हाउस को भी ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है।

### 35 किसान नहीं बेच सकेंगे गेहूं

*जांच में जिन 35 किसानों ने खरीदी शुरु होने से पहले ही वेयर हाउस में गेहूं रखवाया है, उन्हें भी ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। जिसके तहत अब यह किसान सरकारी खरीदी केंद्रों पर गेहूं नहीं बेच सकेंगे। उन्हें मंडी में जाकर ही गेहूं बेचना पड़ेगा। इधर किसान मार्केटिंग सोसाइटी के प्रबंधन पर भी कार्रवाई की अनुशंसा की जा रही है।*



भोपाल
बुधवार, 1 अप्रैल 2026
चैत्र मास शुक्ल पक्ष -14
वर्ष : 12, अंक : 359
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 35
न्यून. 24

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

11 बेथ की 26 महीने की बादशाहत खत्म....



विचार पेज
06 महंगाई के बेकाबू होने के आसार

## समुद्री मार्ग पर ईरान का 'मास्टरस्ट्रोक'

### ईरान की संसद की सुरक्षा समिति ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज प्रबंधन योजना को मंजूरी दी

# अमेरिका-इजराइल के जहाजों पर बैन अब हरेक जहाज को देना होगा 'टोल'

दुनिया के कुल कच्चे तेल का 20% हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है

एजेंसी ▶▶ तेहरान/नई दिल्ली

ईरान ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक, होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर एक बड़ा फैसला किया है। अब यहां से गुजरने वाले जहाजों को ईरान को टोल टोल देना होगा।

ईरान की संसद की सुरक्षा समिति ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज प्रबंधन योजना को मंजूरी दे दी है। इस नए कानून के तहत न केवल टैक्स वसूला जाएगा, बल्कि अमेरिका और इजराइल के जहाजों की एंट्री पर भी पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। होर्मुज से गुजरने वाले ▶▶ शेष पेज 4 पर



एआई इमेज

### खाड़ी देशों पर निर्भरता खत्म, अब अफ्रीका से आएगी रसोई गैस!

*खाड़ी देशों से गैस सप्लाई बाधित होने की आशंका को देखते हुए भारतीय तेल कंपनियों ने अब अफ्रीकी देश अंगोला का रुख किया है। देश की दिग्गज सरकारी कंपनियां- आईओसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल और गेल अंगोला की सरकारी कंपनी सोनानगोल के साथ एलपीजी और एलएनजी की खरीद के लिए बड़े समझौते पर बातचीत कर रही हैं। अगर बातचीत सफल रहती है, तो इतिहास में पहली बार अंगोला भारत को रसोई गैस की सप्लाई करेगा। अंगोला से आने वाले जहाज अटलांटिक और अरब सागर के सुरक्षित रास्ते से सीधे भारत पहुंचेंगे। अंगोला के पास करीब 4.6 ट्रिलियन क्यूबिक फीट प्राकृतिक गैस का विशाल भंडार है।* ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

## भारत समेत एशिया पर महंगाई बम फटने का खतरा!

### आईएमएफ की रिपोर्ट की 5 बड़ी बातें

1. **महंगाई का चक्र:** युद्ध लंबा खिंचा तो ऊर्जा की कीमतें स्थिर रूप से ऊंची रहेंगी, जिससे हर जरूरी चीज महंगी हो जाएगी।
2. **सप्लाई चेन ध्वस्त:** जहाजों के रास्ते बदलने से ट्रांसपोर्ट और इंश्योरेंस का खर्च बढ़ गया है, जिससे सामान पहुंचने में देरी हो रही है।
3. **टेक्नोलॉजी पर असर:** खाड़ी देशों से होने वाली हीलियम की सप्लाई रुकने से सेमीकंडक्टर और मेडिकल उपकरणों का निर्माण प्रभावित होगा।
4. **यूरोप में हाहाकार:** इटली और ब्रिटेन जैसे देशों में 2021-22 जैसा गैस संकट फिर से लौट सकता है।
5. **शेयर बाजार में हलचल:** वैश्विक बाजारों में गिरावट और बॉन्ड यील्ड बढ़ने से वित्तीय स्थितियां और सख्त हो गई हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
एलएसजी डीसी
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### भाजपा में शामिल हुए टेनिस खिलाड़ी लिएंडर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल चुनाव में टीएमसी को अलविदा कहते हुए दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस भाजपा में शामिल हो गए।



अक्टूबर 2021 को गोवा में ममता बेनर्जी की उपस्थिति में टीएमसी की सदस्यता लेने वाले लिएंडर पेस ने हाल में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से कोलकाता में मुलाकात की थी। इसके बाद से ही उनके भाजपा में जाने की अटकलें लगाई जा रही थीं। माना जा रहा है कि भाजपा उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है। पेस का परिवार मूल रूप से कोलकाता का है। वह अब सक्रिय राजनीति में कदम रख रहे हैं।

### टोयोटा के सीईओ बोले हम टिक नहीं पाएंगे

**नई दिल्ली।** ग्लोबल ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में तेजी से हो रहे बदलाव ने टोयोटा के सीईओ कोजी सातो की चिंता बढ़ा दी है। इसीलिए उन्होंने कंपनी के भविष्य को लेकर गंभीर चेतावनी दी है।



सातो ने हाल में कहा कि मौजूदा हालात में बदलाव की जरूरत है। ऐसा न होने पर सेल्स के मामले में दुनिया की सबसे बड़ी कार कंपनी टोयोटा सर्वाइव नहीं कर पाएगी। इस सप्लायर समिट में 484 कंपनियां मौजूद थीं। ऑटोमोटिव न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, सातो ने कहा, जब तक हालात नहीं बदलते, हम टिक नहीं पाएंगे।

### मप्र विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन का हुआ समापन

### राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि अब विधानसभाएं भी तेजी से हो रही हैं डिजिटल

# तब आते थे कागजों के पुलिंदे, अब संसद पेपरलेस, एआई पर काम शुरू

*स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि युवा विधायक चुनौतियों का समाधान कर अपनी नेतृत्व क्षमता का नवाचार में उपयोग करें। युवा नेतृत्व समाज की सोच में परिवर्तन ला सकता है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि जब वे सांसद बनकर आए थे, तब कागजों के पुलिंदे आते थे और उन्हें घर में रखने की जगह भी नहीं होती थी। पढ़ने का भी पूरा अवसर नहीं मिल पाता था। आज वही संसद पूरी तरह पेपरलेस हो चुकी है और अब आगे एआई के उपयोग पर भी काम चल रहा है। विधानसभाएं भी तेजी से डिजिटल हो रही हैं, जिससे जनप्रतिनिधियों के लिए कई नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

सिंह ने कहा कि आप क्यों देश को विकसित करना चाहते हैं, पहले आज की दुनिया का यथार्थ समझिए। यदि आप विकसित नहीं हैं, आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं हैं, और आपके पास आर्थिक व सैन्य शक्ति नहीं है, तो आज की दुनिया में आपका भविष्य सुरक्षित नहीं है। इसलिए हमें अपने देश की अस्मिता, सभ्यता, संस्कृति और अपने लोगों को सुरक्षित और मजबूत बनाए रखना है। गांव, जंगल और समाज के अंतिम ▶▶ शेष पेज 4 पर

आप विकसित नहीं तो आपका भविष्य सुरक्षित नहीं



उपसभापति युवा विधायकों को संबोधित करते हुए

**तीन राज्यों के 40 विधायकों ने सम्मेलन में दिए गए विषयों पर वक्तव्य दिए**

**मप्र विधानसभा की त्रैमासिक पत्रिका का विमोचन भी हुआ**

### अपनी नेतृत्व क्षमता का नवाचार में उपयोग करें : तोमर

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा है कि विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए युवा विधायकों को समसामयिक परिस्थितियों में देश के प्रति समर्पण भाव से कार्य करना होगा।



नेतृत्व विकास के लिए सकारात्मक सोच और अनुशासन से कार्य करना होगा। युवा विधायक चुनौतियों का समाधान कर अपनी नेतृत्व क्षमता का नवाचार में उपयोग करें। युवा नेतृत्व समाज की सोच में परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने युवा ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### विधायक अपने-अपने क्षेत्र के ब्रांड एंबेसडर होते हैं : डॉ. राहुल कराड़

कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन इंडिया रीजन के डॉ. राहुल कराड़ ने कहा कि हर विधानसभा में इस तरह के सम्मेलन किये जाना चाहिए। समाज का रूख बदलने में विधायकों की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। विधायक अपने-अपने क्षेत्र के ब्रांड एंबेसडर होते हैं।

#### इन विधायकों का भी संबोधन

विधायक डॉ. अभिलाष पांडेय, संतोष वरवडे, रामसिया भारती, छत्तीसगढ़ से विद्यावती सिदार, राजस्थान से थावर चंद सहित अन्य विधायकों ने विचार व्यक्त किए। दो दिवसीय सम्मेलन में तीन राज्यों के लगभग 40 विधायकों ने सम्मेलन में दिए गए विषयों पर अपने वक्तव्य दिए। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

## नालंदा में शीतला माता मंदिर में हादसा

# चैत्र के आखिरी मंगलवार को भगदड़, 8 महिलाओं की मौत

- भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक
- पहले दर्शन करने के चलते मच गई थी भगदड़

एजेंसी ▶▶ नालंदा



बिहार में नालंदा के शीतला माता मंदिर में भगदड़ में 8 महिलाओं की मौत हो गई। मंदिर में भारी भीड़ के चलते पूजा के दौरान भगदड़ की यह घटना हुई। इस घटना में एक दर्जन से ज्यादा लोगों के घायल हुए हैं। यह घटना नालंदा के दीपनगर थाने के मघड़ा शीतला माता मंदिर की है। चैत्र के आखिरी मंगलवार ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### पीएम मोदी ने जताया शोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के नालंदा में भगदड़ मचने से लोगों के मारे जाने पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपए तथा घायलों को 50,000 रुपए अनुग्रह राशि के तौर पर देने की घोषणा की। सीएम नीतीश कुमार ने आपदा प्रबंधन ▶▶ शेष पेज 4 पर

## गुजरात के सूरत में लगी भीषण आग

# 4 महिलाओं और एक बच्चे की मौत

घर में रखा था 8 टन साड़ियों का स्टॉक



आग की लपटें उठती हुई

एजेंसी ▶▶ सूरत

यहां एक मकान में मंगलवार दोपहर को आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 4 महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। आग लगने के कारण घर में फंसे लोग को सांस लेने में तकलीफ हुई। इसमें उनकी सांसें थम गईं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। उस घर में साड़ियां ▶▶ शेष पेज 4 पर

## सरकारी नौकरी के लिए युवाओं को राहत

### पैटर्न में बदलाव : एक परीक्षा के आधार पर मिलेंगे कई मौके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



■ ईएसबी अब केवल पात्रता परीक्षा आयोजित करेगा

मध्य प्रदेश में सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया को सरल, तेज और पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा रहा है। राज्य में अब कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) सीधे भर्ती परीक्षाएं आयोजित नहीं करेगा, बल्कि केवल पात्रता परीक्षा कराएगा। इस नई व्यवस्था का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है, जिसे मुख्य सचिव के ▶▶ शेष पेज 4 पर

## न्यायालय में 6 को होगी सुनवाई

### बाढ़ राहत घोटाले में तहसीलदार निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



■ कलेक्टर के प्रतिवेदन पर हुई कार्रवाई

ढाई करोड़ के बाढ़ राहत घोटाले में जेल जाने वाली तहसीलदार अमिता सिंह तोमर को सस्पेंड कर दिया गया है। मंगलवार को निलंबन की यह कार्रवाई चंबल कमिश्नर सुरेश कुमार द्वारा कलेक्टर अर्पित वर्मा के प्रतिवेदन पर की गई। बता दें कि तहसीलदार अमिता सिंह तोमर इन दिनों बाढ़ राहत घोटाले में शिवपुरी की महिला जेल में बंद है। ▶▶ शेष पेज 4 पर

## रतलाम में सीबीआई की कार्रवाई

### जीएसटी अफसर 1.50 लाख रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतलाम



■ कार्रवाई रोकने के बदले मांगे थे 5 लाख

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को रतलाम में बड़ी कार्रवाई करते हुए सीजीएसटी विभाग के सहायक आयुक्त शंकर परमार को 1.5 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उनके साथ एक शख्स सुरेश मनसुखानी को भी आरोपी बनाया गया है। भोपाल से पहुंची सीबीआई टीम ने पूरी कार्रवाई को अंजाम ▶▶ शेष पेज 4 पर

## आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट का अहम फैसला

हिंदू महिला की पैतृक संपत्ति पिता के वारिसों की

# मायके से मिली संपत्ति पर पति का अधिकार ही नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने कहा है कि किसी हिंदू महिला को अपने माता-पिता से विरासत में संपत्ति मिली है और वह बिना वसीयत किए मर जाती है तो वह संपत्ति उसके पिता के वारिसों को मिलेगी। ऐसी संपत्ति पर उसके पति या ससुराल का कानूनी अधिकार नहीं होगा। हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 15 (2) (ए) का उल्लेख करते हुए न्यायमूर्ति तरलादा राजशेखर राव ने कहा कि हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 15(2)(ए) को सीधे तौर पर पढ़ने से यह स्पष्ट होता है कि यदि ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### क्या है मामला?

मामला एक परिवार की संपत्ति से जुड़ा है। 2002 में एक महिला ने अपनी संपत्ति पहली नातिन को गिफ्ट कर दी थी। 2005 में उस नातिन की बिना संतान मौत हो गई। इसके बाद नानी ने पुराना गिफ्ट रद्द कर संपत्ति दूसरी नातिन के नाम वसीयत कर दी। 2012 में दादी की मौत के बाद दूसरी नातिन ने राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने का आवेदन किया। राजस्व अधिकारी ने दूसरी नातिन के पक्ष में आदेश दिया, लेकिन मृत नातिन के पति ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

## कांग्रेस विधायक का मप्र हाई कोर्ट में यू टर्न

# बीना विधायक निर्मला सप्रे की ओर से बड़ा दावा- वे अभी भी कांग्रेस पार्टी में

अगली सुनवाई 20 अप्रैल को, हाई कोर्ट ने जवाब को रिकॉर्ड में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष मंगलवार को बीना विधायक निर्मला सप्रे के विरुद्ध नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में उस समय नया मोड़ आया जब हाई कोर्ट के पूछने पर निर्मला सप्रे की ओर



से दावा किया गया कि वे अभी भी कांग्रेस पार्टी में हैं।

अब इस मामले में याचिकाकर्ता उमंग सिंघार को विधानसभा स्पीकर के सामने नौ अप्रैल को अपना पक्ष रखना है। इसके मद्देनजर कोर्ट ने मामले पर अगली सुनवाई 20 अप्रैल को नियत की है।

#### सदस्यता समाप्त करने की याचिका

सप्रे की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल ने पक्ष रखा। विगत सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा था कि 16 माह बीतने के बावजूद सिंघार की याचिका पर विधानसभा अध्यक्ष ने निर्णय क्यों नहीं लिया। उल्लेखनीय है कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

## ग्वालियर संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश और ओले गिरे

### तापमान में सबसे अधिक कमी पूर्वी मप्र के सिवनी और मलाजखंड में 4-4 डिग्री तक रही

# एक तिहाई प्रदेश में आंधी व बारिश नर्मदापुरम में तापमान 40.3 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश दर्ज की गई। सोमवार से मंगलवार के बीच नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा, जबलपुर, शहडोल, सागर संभागों में कहीं-कहीं तथा भोपाल, ग्वालियर संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर बारिश और ओले गिरे।

इनमें प्रमुख रूप से खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, मंदसौर, उज्जैन, राजगढ़, शाजापुर, नीमच, धार, सीहोर, छिंदवाड़ा, सिवनी में कुछ देर मटर के आकार के ओले गिरे। इससे दिन के तापमान ▶▶ शेष पेज 4 पर



राजधानी के पीपुल्स स्कूल के पास दोपहर 3 बजे का दृश्य

#### आज यहां बारिश-आंधी

बुधवार को बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी आदि जिलों में गरज चमक के साथ बारिश होगी। भोपाल में मौसम ऐसा ही रहेगा। शाम को बादलों का आना जाना रहेगा।

#### यहां 40 डिग्री तक गर्मी

मंगलवार को प्रदेश में सबसे गर्म रहे नर्मदापुरम में दिन का तापमान 40.3 डिग्री रहा। रतलाम, नौगांव में 39, खजुराहो 39.2 डिग्री रहा। उमरिया, सीधी, मंडला, दमोह, खंडवा, खरगोन और रायसेन में 38 डिग्री तक रहने से हल्की गर्मी का अहसास रहा। बुधवार को भी अधिकांश जिलों में दिन में हल्की गर्मी रहेगी। गुरुवार से तापमान में कमी आएगी।

# एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन ने विकास और सांस्कृतिक समन्वय को प्रदान की नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि काशी विश्वनाथ की पावन नगरी वाराणसी में सहयोग सम्मेलन का मप्र और उत्तर प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है। यह आयोजन निर्यात सहयोग, सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक पर्यटन की नई इबारत लिखेगा। यह सम्मेलन मुख्यतः एक जिला-एक उत्पाद, जीआई टैग उत्पादों, निर्यात योग्य उत्पादों, पारंपरिक शिल्प और क्षेत्रीय विशेषताओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने पर केंद्रित रहा।

डॉ. यादव सम्मेलन के बाद वाराणसी में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस सम्मेलन की सफलता के लिए प्रधानमंत्री मोदी तथा उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार माना। उन्होंने उत्तरप्रदेश के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी तथा राकेश सचान को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के विशिष्ट उत्पादों को प्रोत्साहन देते हुए उनके ब्रांडिंग, विपणन एवं निर्यात को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया गया। औद्योगिक सहयोग, निवेश संवर्धन, सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं पर्यटन विकास को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों ने परस्पर समन्वय और सहयोग से समृद्धि और विकास की दिशा में लंबी छलांग लगाने का संकल्प लिया है।

**खास बातें**

- प्रधानमंत्री मोदी तथा उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माना आभार
- मुख्यमंत्री ने एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन के बाद किया प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित


सीएम डॉ. यादव ने की पीसी।

### महत्वपूर्ण एमओयू हुए हस्ताक्षरित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सम्मेलन में मप्र एवं उत्तरप्रदेश सरकार के बीच दो महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। पहला एमओयू श्री काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं श्री महाकाल मंदिर प्रबंधन समिति के मध्य हुआ। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत वाराणसी और उज्जैन में हुए विकास कार्यों से दोनों स्थानों पर धार्मिक पर्यटन में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। दोनों शहरों की अर्थव्यवस्था में बदलाव आया है। इन समानताओं को देखते हुए बाबा विश्वनाथ और महाकाल मंदिर के प्रबंधन से संबंधित अनुभवों को साझा करने के उद्देश्य से यह एमओयू किया गया है। दूसरा एमओयू वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट की पहल को मजबूत करने, स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने तथा अंतर्राज्यीय सहयोग के माध्यम से आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया।

### विशेष प्रदर्शनी का आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सम्मेलन में ओडीओपी उत्पादों पर एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। प्रदर्शनी में मध्यप्रदेश के 14 और उत्तरप्रदेश के 07 जिलों के वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में दोनों राज्यों के प्रदर्शकों द्वारा हस्तशिल्प, वस्त्र, खाय उत्पाद, जीआई टैग उत्पाद एवं अन्य स्थानीय विशिष्ट उत्पाद प्रदर्शित किए गए। सम्मेलन में दो समानांतर सत्रों का आयोजन भी किया गया।

### विभिन्न औद्योगिक संस्थाओं की रही सहभागिता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य ओडीओपी, जीआई टैग, शिल्प, कृषि एवं फूड उत्पादकों, उद्योग जगत, निवेशकों, शिल्पकारों एवं नीति-निर्माताओं को एक वृहद एवं साझा मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में कुल लगभग 400 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों की व्यापक सहभागिता ने कार्यक्रम को संवाद, सहयोग एवं अनुभवों की साझेदारी का एक सशक्त एवं प्रभावी मंच बनाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा विशुद्ध रूप से ओडीओपी उत्पादों के एक्सचेंज और आपसी सीख के लिए अभिकल्पित किया गया था, जहां दोनों राज्यों के कारीगरों, उद्यमियों और निर्यातकों को प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला। ओडीओपी एक्सचेंज आधारित प्रदर्शनी, राज्यों के बीच सहयोग, साझा ब्रांडिंग, संयुक्त निर्यात और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभरा।

### काशी विश्वनाथ में महानाट्य विक्रमादित्य का होगा मंचन

मप्र सरकार के संस्कृति विभाग और विक्रमादित्य शोध संस्थान का प्रयास है कि सम्राट विक्रमादित्य के जीवन से जुड़े विविध पहलु तथा उनका विराट व्यक्तित्व पूरे देश के लोगों के सामने आए। इस उद्देश्य से काशी विश्वनाथ धाम में महानाट्य विक्रमादित्य का 3, 4 और 5 अप्रैल को मंचन किया जा रहा है। इस नाट्य से विक्रमादित्य की न्यायप्रियता, दयालुता, सुशासन और लोकतंत्र के प्रति उनकी गहरी आस्था बेहतर तरीके से सबके सामने आएगी। नाटक में हाथी, घोड़े, ऊंट और पालकी शामिल होंगी। इस नाटक में 300 से 400 कलाकार सम्राट विक्रमादित्य के तत्कालीन समय को जीवंत करेंगे। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश सरकार का पूर्ण सहयोग हमें प्राप्त हो रहा है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज करेंगे 'स्कूल चले हम' का शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव "हर नन्हा मन जुड़े, शिक्षा की रोशनी से स्कूल चलें हम" अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार 1 अप्रैल को सुबह 9 बजे



मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टीटी नगर में करेंगे। साथ ही कार्यक्रम में विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल का वितरण भी करेंगे। राज्य शासन द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने किये विभिन्न सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं। इसके अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप सहायता दी जा रही है। स्कूटी योजना एवं साइकिल वितरण योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मिडिल एवं हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अतिरिक्त ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की पहचान एवं उनके पुनः नामांकन के लिये ट्रैकिंग सिस्टम भी संचालित किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। राज्य शासन ने इस वर्ष हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है।

### मध्यप्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा विधायक सम्मेलन का हुआ समापन

# विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने युवा विधायकों ने लिए पांच संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार हो सकता है, जब हमारे युवा विधायक अपने कर्तव्यों का निष्ठा और दूरदर्शिता के साथ पालन करें। इस तथ्य को रेखांकित करते हुए मप्र विधानसभा में आयोजित युवा विधायक सम्मेलन (राष्ट्रकुल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-6) के समापन सत्र में युवा विधायकों ने मंगलवार को पांच संकल्प लिए।

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने युवा विधायकों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत 2047 का विजन केवल सरकार का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि दो दिनों तक चले इस सम्मेलन में अलग-अलग विचारधाराओं के विधायकों ने अपनी सीमाओं से ऊपर उठकर विषय के अंतर्गत अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में टेक्नोलॉजी के उपयोग, स्वच्छता कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने, सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने, शिक्षा के विस्तार के साथ उसकी गुणवत्ता सुधारने, व आधारभूत संरचना के विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

***विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा: यह केवल सरकार का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प***





**विधायकों ने लिए यह 5 संकल्प**

**संकल्प पहला:** हम, युवा विधायक सम्मेलन में यह दृढ संकल्प लेते है कि लोकतंत्र की सशक्तता का मूल आधार नागरिकों की सक्रिय भागीदारी है।

**संकल्प दूसरा:** हम, युवा विधायक समाज की नई ऊर्जा, नवाचार और परिवर्तन की सोच का प्रतिनिधित्व करते हुये नागरिकों और शासन के बीच सेतु का कार्य करेंगे, हम जनसरोकारों को समझकर आम जनता की समस्याओं को विधानसभा तक पहुँचायेंगे तथा पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी नीतियों के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभायेंगे।

**संकल्प तीसरा:** हम, नागरिकों को जागरूक और सशक्त बनाने हेतु सतत/सार्थक प्रयास करेंगे ताकि वे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लें. तकनीक और नवाचार का उपयोग कर शासन को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दीर्घकालिक नीतियाँ बनाने एवं युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों की आवाज को सशक्त बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभायेंगे।

**संकल्प चौथा :** हम युवा विधायक, राजनीतिक दबाव, संसाधनों की कमी, सामाजिक असमानताएँ और बदलती वैश्विक परिस्थितियों का सामना करते हुये ईमानदारी, प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता के साथ कार्य करने के लिये दृढ संकल्पित रहेंगे।

**संकल्प पांचवा:** हम यह भी संकल्प लेते हैं कि हम स्वयं भी एक जागरूक नागरिक बनेंगे, विधायिकाओं में होने वाली बहसों और चर्चाओं में जनप्रतिनिधियों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु शोध एवं अनुसंधान सहायता को सुदृढ करेंगे. लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी निभाएँगे और ऐसे नेतृत्व का समर्थन करेंगे।

### नाराजगी के डर से सच बोलने से घबराएं नहीं : हेमंत कटारे

*युवा विधायक सम्मेलन में मप्र विधानसभा के उप नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने महिला सशक्तिकरण के नाम पर चल रही योजनाओं पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि हम बोलते हैं कि महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं, लेकिन कैसे? आप उनके खाते में 10,000 डालकर कह रहे हैं कि वे सशक्त हो रही हैं? मेरा मानना है कि हर महिला के अंदर काबिलियत है, उसकी काबिलियत का उपयोग करके ही उसे असल में सशक्त बनाया जा सकता है। इसी तरह, अगर युवा को सशक्त बनाना है तो उसे रोजगार दीजिए। कटारे ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदा स्थिति पर तंज कसते हुए कहा। हम कुछ भी बोलने से पहले डरते हैं कि ऐसा बोला तो लोग नाराज हो जाएंगे, वैसा बोला तो महिलाएं नाराज हो जाएंगी, लेकिन अगर हम इस नाराजगी से ही घबराते रहेंगे, तो देश की सेवा कब करेंगे? उन्होंने खुले मंच से ऐलान किया कि वे आज यहां और आगे बाहर भी यही कहेंगे कि देश में चल रही सभी फ्रीबीज योजनाएं बंद होनी चाहिए।*

### भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे विधायक

*युवा विधायक सम्मेलन का समापन होने के बाद विधायक उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे।*

### एमएसएमई मंत्री काश्यप ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया

## मुख्यमंत्री की एक दिन पूर्व की घोषणा का 24 घंटे में हुआ पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की एक दिन पूर्व की गई घोषणा का 24 घंटे में पालन हुआ है। वित्त विभागकी ओर से उपलब्ध कराई गई 375 करोड़ रुपए की राशि आज ही एमएसएमई विभाग ने 600 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों के खातों में प्रोत्साहन तथा अनुदान राशि अंतरित भी कर दी है। सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में संपन्न हुए कार्यक्रम में 250 इकाइयों को 169 करोड़ 57 लाख की राशि अंतरित करते हुए मुख्यमंत्री ने शेष इकाइयों से वायदा किया था कि उन्हें भी जल्दी ही मदद की जाएगी। एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने विभाग और उद्यमियों की ओर से मुख्यमंत्री की सहृदयता के लिए आभार व्यक्त किया है।

- सोमवार को मुख्यमंत्री ने 250 इकाइयों को किए थे 169 .50 करोड़ अंतरित

सर्वाधिक रोजगार सृजन के सशक्त माध्यम एमएसएमई के लिए मुख्यमंत्री की ओर से प्रदेश में निवेश एवं उद्यम का जाल बिछाने की संभावनाओं में वृद्धि करने के उद्देश्य से एमएसएमई विकास नीति 2025 लागू की है। नीति में निवेशकों को विभिन्न सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने तय किया है कि निवेशकों को स्वीकृत सुविधाओं का समयावधि में वितरण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उद्योग आयुक्त दिलीप कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश एवं विशेष प्रयासों से वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन इकाइयों की लंबित देयताओं के भुगतान के लिए वित्त विभाग की ओर से समुचित बजट आवंटन विभाग को उपलब्ध कराया गया। एमएसएमई इकाइयों को स्वीकृत सुविधाओं के वितरण की निरंतरता में 31 मार्च मंगलवार को 600 से अधिक इकाइयों को राशि रु. 375 करोड़ से अधिक की राशि वितरित की गयी। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन इतनी बड़ी मात्रा में अनुदान राशि वितरण होने पर निवेशकों में उत्साह एवं प्रदेश की नीतियों के प्रति विश्वास और प्रबल हुआ है।




### शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए यूजी और पीजी में होंगे प्रवेश, तैयारी पूरी

भोपाल। राजधानी सहित प्रदेशभर के सरकारी और निजी कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) प्रवेश प्रक्रिया 10 मई 2026 के बाद शुरू हो सकती है। उच्च शिक्षा विभाग 12वीं के परिणामों के बाद एमपी ऑनलाइन के बजाय अधिक यूजर-फ्रेंडली और क्लाउड-आधारित पोर्टल ई प्रवेश के माध्यम से पूरी तरह से ऑटोमेटेड एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर सकता है। प्रवेश प्रक्रिया मई से शुरू होकर जुलाई तक चलेगी, जो प्रमुख रूप से 3 चरणों में पूरी होगी। इस बार भी रजिस्ट्रेशन ई प्रवेश के जरिए होंगे, जो क्लाउड-आधारित होगा। ऑनलाइन दस्तावेज़ सत्यापन की व्यवस्था रहेगी, जिससे छात्रों को कॉलेज जाने की आवश्यकता कम होगी।

### बीयू के योग विभाग मैं इस सत्र से जुड़ गए नए कोर्स

योग विभाग, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2026-2027 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एम.ए. भावना योग दर्शन, विज्ञान और जीवन दर्शन प्रारंभ किया जा रहा है। यह योग के परीक्षार्थियों के लिए बेहद लाभदायक साबित होने वाला है. ग्रह पाठ्यक्रम रोजगारोन्मुखी है। साथ ही पाठ्यक्रम में प्रवेशर्थियों को तनाव मुक्ति, स्वास्थ्य, मनोकायिक विकारों से मुक्ति, एकाग्रता वृद्धि प्राप्ति का सरल और सहज वैज्ञानिक पद्धति से अध्ययन कराया जाएगा। विश्वविद्यालय का योग विभाग लंबे समय से बेहतरीन कार्य कर रहा है अब नए पाठ्यक्रम को जोड़कर उसने एक उपलब्धि और हासिल कर ली है.

### साहब के बिना मान्यता की फाइल नहीं जाती आगे

लोक शिक्षण संचालनालय में स्कूलों की मान्यता का मामला हमेशा चर्चा में बना रहता है। यहां एक साहब बीते 20 साल से पदस्थ हैं। हालांकि बीते वर्ष एक बार हुए तबादले में साहब को यहां से कहीं ओर भेजा गया था, लेकिन एक साल के बाद साहब वापस अपनी पसंदीदा जगह पर लौट आए और फिर कोई हटा न सका। खासियत यह है कि लोक शिक्षण संचालनालय में चर्चाएं यह भी हैं कि इनके अलावा यहां की व्यवस्था संभालना किसी के बूते की बात नहीं। ऐसे में साहब का रुतबा बरकार है और आला अधिकारी भी उन्हे कहीं भेजने से कतराते नजर आते हैं।

### अटैचमेंट भी बड़ी सुविधा का आदेश है

स्कूल शिक्षा विभाग में आला अधिकारी वैसे तो अटैचमेंट व्यवस्था खत्म होने की बात कहते हैं, लेकिन इस पर अमल विभाग अभी तक नहीं कर पाया है। प्रदेशभर में अटैचमेंट की व्यवस्था के चलते कई शिक्षक, कर्मचारी अपनी सुविधा के अनुसार वर्षों से एक ही जगह पर जमे हुए हैं। जब भी कोई विवादित मामला सामने आता है इस सुविधा का उपयोग किया जाता है। ऐसा ही हाल राजधानी भोपाल का है। हाल ही में जिला पंचायत सदस्य के विरोध के बाद एक महिला प्राचार्य को स्कूल से हटाया गया और कुछ दिनों के लिए दूसरे स्कूल भेजा गया, लेकिन अब महिला प्राचार्य को वापस मूल संस्था में भेजने के आदेश हुए हैं। मगर मेडम अब वापस मूल संस्था में जाना नहीं चाहती है।

**संजीव सक्सेना**

### जीतू पटवारी ने बोला सरकार पर तीखा हमला

## खरीदी के दावों की खुली पोल दर-दर भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र (जीतू) पटवारी ने प्रदेश की गेहूं खरीदी व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।


जीतू पटवारी।

उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से अनाज खरीदी के बड़े-बड़े दावे करने वाली सरकार के राज में आज किसान दर-दर भटकने को मजबूर है। पटवारी ने कहा कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सदन में किसानों की आय 8 गुना बढ़ने और खरीदी के दावे करते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि टेलिस्कोप से ढूंढने पर भी ऐसा किसान नजर नहीं आता जिसे सही समय पर लाभ मिला हो। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश का किसान आज कर्ज में डूबा हुआ है। कर्ज की किश्त भरने की तारीख निकल चुकी है, लेकिन मोहन सरकार की लापरवाही के कारण किसान अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर है। पटवारी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश का कृषि मंत्री भी मध्यप्रदेश से आता है, लेकिन उनके कार्यकाल में किसानों को न सुरक्षा मिल रही है, न संवेदना और न ही कोई समाधान।

किसानों को बार-बार तारीख पर तारीख दी जा रही है - क्या यही उनकी आय बढ़ाने के वादों की सच्चाई है। पटवारी ने कहा कि प्रदेश में किसानों के घरों में बेटियों की शादियां हैं, मजबूरी में उन्होंने साहूकारों से कर्ज लिया है। इसके बावजूद उनकी फसल व्यापारियों के माध्यम से औने-पौने दामों पर खरीदी जा रही है - यह किसानों के साथ खुला अन्याय है।

## कांग्रेस नहीं है किसानों की हितैषी, किसानों के नाम पर कर रही धोखा

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख आगे बढ़ाने को लेकर लगाए गए आरोपों पर पलटवार किया है। चावड़ा ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस कभी किसानों की हितैषी नहीं रहीं।

कांग्रेस पार्टी और उसके नेता किसानों के नाम पर सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण आमजनता को सर्वोच्च प्राथकिता देते हुए पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस का उपयोग अन्य उद्योगों में नहीं हो रहा है। युद्ध के कारण पीपी, एचडीपी बैग के निर्माण में उपयोग किया जाने वाला पोलीमर की उपलब्धता में कमी आई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए मध्यप्रदेश को 50 हजार जूट की गठान का अतिरिक्त आवंटन किया है। साथ ही निर्बाध रूप से उपार्जन कराने के लिए केंद्र सरकार ने पीपी, एचडीपी बैग में भी समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अनुमति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली मध्यप्रदेश की सरकार समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों के गेहूं का एक-एक दाना खरीदने के लिए तैयार है।

### वरिष्ठ नेता के बयान के चलते सियासी हलकों में हलचल तेज

## राज्यसभा दावेदारी पर सज्जन का तंज, 'हम पहुंचे तो कई नेताओं की दुकान बंद होगी

- ***उन्होंने कहा कि उनके मन में राज्यसभा जाने की इच्छा है***
- ***जिनका पूरे प्रदेश में नेटवर्क है, तो दूसरे नेताओं की दुकान बंद हो जाएगी***
- ***सज्जन का यह बयान पार्टी के भीतर की राजनीति को गरमा सकता है***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के भीतर चल रही खींचतान अब खुलकर सामने आने लगी है। इसी बीच पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के बयान ने सियासी हलकों में हलचल तेज कर दी है।

भोपाल में मीडिया से बातचीत के दौरान सज्जन सिंह वर्मा ने राज्यसभा की अपनी दावेदारी को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि उनके मन में राज्यसभा जाने की इच्छा तो है, लेकिन यह आसान नहीं है। वर्मा ने तंज भरे लहजे में


सज्जन सिंह वर्मा

कहा, "हम जैसे लोगों को बहुत मुश्किल होती है अगर हम जैसे नेता राज्यसभा पहुंच गए, जिनका पूरे प्रदेश में मजबूत नेटवर्क है, तो दूसरे नेताओं की दुकान बंद हो जाएगी।" उनके इस बयान को कांग्रेस के भीतर गुटबाजी और अंदरूनी प्रतिस्पर्धा के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि राज्यसभा सीटों को लेकर पार्टी में कई दिग्गज नेता अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं, जिससे मतभेद उभरकर सामने आ रहे हैं। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश से राज्यसभा की सीटों के लिए कांग्रेस में कई नाम चर्चा में हैं। ऐसे में सज्जन सिंह वर्मा का यह बयान पार्टी के भीतर की राजनीति को और गर्मा सकता है। फिलहाल, कांग्रेस नेतृत्व के सामने सभी दावेदारों के बीच संतुलन बनाने की चुनौती है, ताकि चुनाव में किसी तरह का नुकसान न हो।

### व्यवस्था को प्रभावी करने अप्रैल की समय सारणी के साथ जारी किए दिशा-निर्देश

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज से फिर बैठेंगे दो-दो मंत्री, विधायक-सांसदों के अनुशंसा पत्र भी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में बीजेपी संगठन द्वारा आम जनता, कार्यकर्ताओं को सीधे मंत्रियों, विधायकों और सांसदों से जोड़ने के लिए प्रदेश कार्यालय में उपलब्धता और संवाद की व्यवस्था लागू की है। इसके लिए मंगलवार को भाजपा ने अप्रैल माह की मंत्रियों एवं प्रदेश पदाधिकारियों की प्रदेश कार्यालय में उपलब्धता की समय



सारणी जारी की है। समय भी सुबह 11 बजे से 1 बजे निर्धारित किया गया है। इसके साथ इस व्यवस्था को अधिक प्रभावी करने के लिए नए दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं।

### बैठक व्यवस्था चार्ट सूचना बोर्ड में होगा चस्पा

प्रदेश कार्यालय सहयोग सेल में मंत्रियो एवं प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक व्यवस्था चार्ट को पार्टी की जिला, मंडल, बूथ स्तर तक की बैठको, कार्यक्रमों एवं पदाधिकारियों, मोर्चा, प्रकोष्ठ के दायित्वान कार्यकर्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही भाजपा जिला एवं संभाग कार्यालयों के सूचना बोर्ड में चस्पा भी किया जाएगा। संबंधित मंत्रियों एवं प्रदेश पदाधिकारी बैठक व्यवस्था का चार्ट पार्टी के सोशल मीडिया ग्रुपो में समय-समय पर अनिवार्य रूप से पोस्ट किए जाएंगे। मंत्री एवं प्रदेश पदाधिकारियों के कार्यक्रम की तिथि समय परिवर्तन होने पर पार्टी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना दी जाएगी।

### इस दिन यह मंत्री रहेंगे मौजूद

- 2 अप्रैल को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं प्रतिमा बागरी
- 3 अप्रैल को मंत्री कुंवर विजय शाह एवं नरेंद्र शिवाजी पटेल
- 7 अप्रैल को मंत्री राकेश सिंह एवं दिलीप अहिरवार
- 8 अप्रैल को मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं दिलीप जायसवाल
- 9 अप्रैल को मंत्री करण सिंह वर्मा
- 10 अप्रैल को मंत्री संपतिया उईके
- 13 अप्रैल को उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला एवं मंत्री नारायण सिंह पवार
- 15 अप्रैल को मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं निर्मला भूरिया
- 16 अप्रैल को मंत्री गोविंद सिंह राजपूत
- 17 अप्रैल को मंत्री नारायण सिंह कुशवाह
- 21 अप्रैल को मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना
- 22 अप्रैल को मंत्री राकेश शुक्ला
- 23 अप्रैल को मंत्री चैतन्य कश्यप
- 24 अप्रैल को मंत्री इंदर सिंह परमार
- 27 अप्रैल को मंत्री नागर सिंह चौहान
- 28 अप्रैल को मंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर
- 29 अप्रैल को मंत्री धर्मेंद्र भावसिंह लोधी
- 30 अप्रैल को मंत्री कृष्णा गौर

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 1 अप्रैल 2026



# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 9 साल बीतने के बाद भी प्रोजेक्ट अधूरे...

## 11 हजार से ज्यादा बनने थे आवास, 6 हजार बन पाए, 4 हजार से ज्यादा अब भी अधूरे

एमएम सिद्दीकी ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम द्वारा विभिन्न आवासीय प्रोजेक्ट 9 साल में भी पूरे नहीं हो पाए। इस योजना के तहत 11289 आवास बनाए जाने थे, लेकिन अब तक केवल 6729 ही बनकर तैयार हुए, जबकि 4560 आवासों के निर्माण कार्य अभी चल रहा है। 1589.74 करोड़ रुपए के आवासीय प्रोजेक्ट के तहत अब तक 1128.62 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। जहां यह बनकर तैयार हो गए हैं वहां मेंटेनेंस को लेकर भी निगम प्रशासन व्यवस्था नहीं बना पा रहा है। मेंटेनेंस वसूली का काम एजेंसियों को सौंपा गया था, लेकिन एजेंसी मेंटेनेंस शुल्क ठीक से वसूल नहीं कर पा रहीं। ऐसे में पानी सप्लाई, साफ-सफाई, सुरक्षा को लेकर निगम प्रशासन अब समितियां बनाकर जिम्मेदारी देने की तैयारी कर रहा है।

आवासीय प्रोजेक्ट की लागत- 1589.74 करोड़, अब तक खर्च हो चुके हैं 1128.62 करोड़ रुपए

कोकता, भानपुर, हिनोतिया आलम में कभी लिफ्ट बंद तो कभी पानी और सफाई को लेकर दिक्कत


कोकता प्रोजेक्ट की सीढ़ियों के नीचे कचरा।

### मेंटेनेंस को लेकर समितियों को जिम्मेदारी देने चल रही प्रक्रिया

कोकता, भानपुर, हिनोतिया आलम में मेंटेनेंस का जिम्मा एजेंसियों को दिया गया था, लेकिन यह एजेंसियां वहां रहने वाले परिवारों मेंटेनेंस शुल्क नहीं वसूल पा रही थीं। इसके चलते पानी सप्लाई बंद होने, बिजली कटने और गंदगी के ढेर लगे होने की समस्याएं बढने लगीं। निगम के पास शिकायतें बढीं तब निगम प्रशासन अब समिति बनाकर मेंटेनेंस की व्यवस्था में जुटा। हालांकि अभी किसी भी आवासीय प्रोजेक्ट के तहत समिति नहीं बन पाई है केवल रहवासियों और निगम के अधिकारियों के बीच आम सहमति बनी है। बीते दिनों पानी सप्लाई बंद होने के मामले को लेकर हिनोतिया आलम में रहने वाली महिलाओं ने निगम कार्यालय का घेराव भी किया था।

### हितग्राही कर चुके हैं प्रदर्शन

*कोकता में 2880, हिनोतिया आलम में 576, मालीखेडी में 765, भानपुर में 960 और राहुल नगर में पार्ट-1 के तहत 336, बागमुगालिया में 1212, 12 नंबर बस स्टाप 288, गंगा नगर में 264, भौंरी में 300 आवास बनकर तैयार हैं, 4560 आवासों का निर्माण कार्य चल रहा है। इन अधूरे आवासों को लेकर हितग्राही कई बार धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। उनकी राशि जमा है और आवास नहीं मिलने के कारण उन पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है।*

### एक नजर आंकडों पर

- 11289 आवास बनना हैं
- 6729 बनकर तैयार
- 4560 अब भी अधूरे
- 7474 आवास आंवटित
- 5605 को आधिपत्य दिया है


बंद पड़ी लिफ़्ट।



### शेष काम अब अंतिम चरण में हैं...

महापौर मालती राय का कहना है कि प्रधानमंत्री आवासीय योजना के तहत जहां आवासों का निर्माण अधूरा था वहां अब अंतिम चरण में निर्माण कार्य है। लगभग काम पूरा हो चुका है, रिनोवेशन का काम चल रहा है। जल्द ही आवासीय प्रोजेक्ट पूरे हो जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### धमाकों की धमकी देने वाला आरोपी भोपाल लाया जाएगा

**भोपाल।** राजधानी समेत कई सरकारी और निजी संस्थानों को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर भोपाल लाने की तैयारी कर रही है। आरोपी को कर्नाटक के मैसूर से गिरफ्तार किया गया था, जिसने ई-मेल के जरिए धमकी भरे संदेश भेजे थे। पुलिस के अनुसार आरोपी श्रीनिवास ने भोपाल एयरपोर्ट सहित कई महत्वपूर्ण स्थानों को निशाना बनाते हुए धमकी भरे ई-मेल भेजे थे। इन ई-मेल्स में हाईकोर्ट, स्कूल-कॉलेज और सरकारी विभागों को भी उड़ाने की बात कही गई थी, जिससे प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया था। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी ने 1100 से ज्यादा धमकी भरे ई-मेल अलग-अलग संस्थानों को भेजे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभिन्न एजेंसियों ने संयुक्त जांच शुरू की, जिसके बाद आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर उसे मैसूर से गिरफ्तार किया गया। अब भोपाल पुलिस आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लाकर उससे पूछताछ करेगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के दौरान यह पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि आरोपी का कोई संगठित नेटवर्क है या वह अकेले ही इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहा था।

### जनगणना-2027 के लिए फील्ड ट्रेनर्स का दी गई ट्रेनिंग

**भोपाल।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए नियुक्त फील्ड ट्रेनर्स को मंगलवार को ट्रेनिंग दी गई। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार एचएलओ प्रश्नावली तथा प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को समझाने की विधि तथा एचएलओ एप्प का उपयोग कर उत्तर भरने की विधि एवं डाटा सत्यापन स्वगणना आदि के संबंध में प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान निगम के उपायुक्त एवं नगर जनगणना अधिकारी हीरेन्द्र सिंह कुशवाह सहित अन्य अधिकारी व फील्ड ट्रेनर्स उपस्थित थे।

## सहमे होटल-कारोबारी, बोले-एक साल पहले अफसरों ने किया था सर्वे

# अनहोनी से बचने के लिए इमारतों में पोल और दरारें मापने के लिए लगाए 'स्केल'

### मशीन से भवनों के नीचे खुदाई के दौरान 10 से 15 दिन भवन खाली करने को कहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में मेट्रो के अंडरग्राउंड टनल निर्माण ने जमीन के नीचे रफ्तार पकड़ी है, लेकिन जमीन के ऊपर बसे कारोबारियों के बीच डर और नाराजगी भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है। भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के तहत भोपाल रेलवे स्टेशन के पास करीब 24 मीटर गहराई में टनल बनाने का काम सोमवार से शुरू हो गया है। दूसरे दिन मंगलवार को टनल के दायरे में आने वाली इमारतों में सुरक्षा उपाय तेज कर दिए गए-कमजोर भवनों को लोहे के एंगल से सपोर्ट दिया गया, जबकि दीवारों और छतों में मौजूद दरारों पर 'स्केल' लगाकर कंपन और मूवमेंट की निगरानी शुरू कर दी गई है।

टनल निर्माण के लिए अत्याधुनिक टनल बोरिंग मशीन को जमीन के भीतर उतारकर खुदाई की जा रही है। यह टनल रेलवे स्टेशन से पुल पातरा तक बनाई जानी है। इस पूरे कॉरिडोर के ऊपर 5 से 6 मंजिला कई इमारतें स्थित हैं, जिनमें बड़ी संख्या में होटल और व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित हो रहे हैं। इनमें से कई भवन पुराने और पहले से ही कमजोर बताए जा रहे हैं।

*कमजोर भवनों को दिया लोहे के एंगल का सपोर्ट स्केल से कंपन की होगी निगरानी*


जर्जर भवन की छत में लगाया स्केल।

### सर्वे के बाद अफसरों ने दिलाया था भरोसा


होटल के कमरों में लगे सपोर्ट।



मेट्रो प्रशासन ने बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के खुदाई शुरू कर दी। होटल व्यवसायियों का आरोप है कि करीब एक साल पहले मेट्रो अधिकारियों ने विस्तृत सर्वे किया था। उस समय भवन मालिकों और कारोबारियों को भरोसा दिलाया गया था कि जैसे ही मशीन से खुदाई शुरू होगी, उससे पहले 10 से 15 दिनों के लिए इमारतों को पूरी तरह खाली कराया जाएगा और इस दौरान होने वाले नुकसान की भरपाई भी की जाएगी, लेकिन बिना नोटिस काम शुरू कर दिया गया।

### नोटिस भी नहीं दिए...



एक साल पहले कहा था कि भवन को दस से पंद्रह दिन के लिए खाली करना होगा और जो भी नुकसान होगा उसकी भरपाई करेंगे। अधिकारी सब लिखकर ले गए थे। अब काम शुरू हो गया है, लेकिन नोटिस तक नहीं दिए और काम शुरू कर दिया। इससे हमारा व्यवसाय ठप हो गया है। कुछ भवनों में लोहे के एंगल लगाए गए हैं।

उपेंद्र सिंह सेंगर, ऑनर, होटल अमरनाथ पैलेस

### डर के कारण होटल में नहीं आ रहे लोग



हमें कोई नोटिस नहीं दिया है न ही कोई सावधानी बरतने को कहा है। कुछ भवनों में सुरक्षा को लेकर लोहे के एंगल और दरारों में स्केल लगाए गए हैं। डर के कारण अब लोग होटल में नहीं आ रहे हैं। वे खुद भी भयभीत हैं।

गणेश दिवेदी, जीएम, होटल रेड सी प्लाजा

### भोपाल मेट्रो ऑरेंज लाइन-देर रात डीआईजी बंगला चौराहे पर गर्डर की लॉन्चिंग

पुराने शहर के डीआईजी बंगला क्षेत्र में देर रात गार्डर की लॉन्चिंग की गई। यह काम देर रात तक चला। रोड पर यातायात के दबाव को देखते हुए रात में यह काम अंजाम दिया गया। इसी रूट पर करोंद में भी गर्डर लॉन्चिंग का काम चल रहा है। जबकि जेके रोड से सोनागिरी तक ब्लू लाइन के पिलर बनकर तैयार हो गए हैं, जिनके लिए ब्लॉक आने की तैयारी है।


गर्डर लांचिंग का दृश्य।

### ऑरेंज लाइन में 3.39 किमी अंडरग्राउंड

भोपाल मेट्रो की ऑरेंज लाइन (करोंद से एम्स) पर 16 स्टेशन प्रस्तावित हैं, जिसमें से 8 स्टेशन (सुभाष नगर से एम्स) प्रायोरिटी कॉरिडोर के अंतर्गत बनकर तैयार हो चुके हैं। जबकि करोंद चौराहा, कृषि मंडी, डीआईजी बंगला, सिंधी कॉलोनी, नादरा बस स्टैंड (अंडरग्राउंड), भोपाल रेलवे स्टेशन (अंडरग्राउंड), पुल बोगदा, सुभाष नगर, केंद्रीय विद्यालय, बोर्ड ऑफिस, एमपी नगर, रानी कमलापति, डीआरएम ऑफिस, अलकापुरी और एम्स हैं। भोपाल मेट्रो की ऑरेंज लाइन की लंबाई 16.74 किमी है। यह 30.8 किमी लंबी पूरी परियोजना का हिस्सा है, जिसमें से 13.35 किमी एलिवेटेड और 3.39 किमी अंडरग्राउंड प्रस्तावित है। दिसंबर 2025 में 7 किमी के कॉरिडोर में मेट्रो का संचालन शुरू हो चुका है।

### 24 घंटे में सात मीटर तक टीबीएम ने खोदी टनल

रेलवे स्टेशन से पुल पातरा की ओर बन रही अंडरग्राउंड टनल की मंगलवार को सात मीटर तक टीबीएम ने खुदाई की। पूरे सुरक्षा मानकों, कंपन आदि तकनीकी पहलुओं पर एक्सपर्ट की टीम 24 घंटे निगरानी कर रही है। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि टीबीएम से टनल का काम पूरी तरह से सुरक्षित है। दायरे में आ रही कुछ इमारतों में सुरक्षा को लेकर लोहे के एंगल लगाए गए हैं। वहीं दरारों में स्कैल लगा गया है। सूत्रों का कहना है कि टीबीएम से ट्रायल के बाद खुदाई का काम बेहद प्रारंभिक स्तर पर तकनीकी पहलुओं को जांचने के बाद ही किया जा रहा है। अभी पांच से सात मीटर तक ही टनल खोदी गई है।


यहां से टनल खोदी जा रही है।

## सिद्धार्थ इंडेन के कर्मचारी की करतूत

# सिलेंडर वाहन पकड़ने 48 घंटे निगरानी, सिलेंडरों से निकाली तीन-तीन किलो गैस


करोंद जेल रोड स्थित हैप्पी गैस एजेंसी पर लगी भीड़।

*कजलीखेड़ा में टीम ने दबोचा, 50 सिलेंडर सहित टाटा वाहन किया जब्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑरा मॉल स्थित सिद्धार्थ इंडेन गैस एजेंसी के कर्मचारी रवि मेवाड़ा ने उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले 31 गैस सिलेंडरों से तीन-तीन किलो गैस निकाल ली। जिसके लिए उसने गैस वाहन को अपने बैरागढ़ चीचली स्थित मकान पर खड़ा रखा। मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे जब वाहन सिलेंडर लेकर निकला तो उसे कजलीखेड़ा में टीम ने दबोच लिया। नापतौल की टीम ने जब सिलेंडरों की जांच की तो पता चला कि 39 सिलेंडरों से बंसी लगाकर तीन-तीन किलो गैस चोरी की गई है। टीम ने केस दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि बैरागढ़ चीचली के रवि मेवाड़ा के मकान में इंडेन कंपनी का गैस सिलेंडर वाहन पिछले दो दिन से खड़ा था। जानकारी मिलने के बाद टीम ने उसकी 48 घंटे निगरानी कर वाहन चालक को गैस रिफलिंग करते हुए दबोच लिया।

एजेंसी कर्मचारी रवि मेवाड़ा के साले राहू मेवाड़ा से गैस रिफलिंग बंसी और सील निकालने का उपकरण भी जब्त किया गया है। सहायक आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव का कहना है कि 39 सिलेंडर नापतौल और 19 सिलेंडर खाद्य विभाग ने जब्त किए हैं।


जब्त टाटा वाहन व गैस के सिलेंडर।

### गैस चोरी के मामले बढ़े

सिलेंडरों से दो से तीन किलो गैस निकालकर उपभोक्ताओं को बेचने के मामले राजधानी में बढ़ गए हैं। इसके पहले भी अयोध्या बायपास, कोलार सहित अन्य जगहों पर गैस एजेंसी के कर्मचारी सील पैक सिलेंडरों से गैस चोरी के मामले में पकड़े गए हैं। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है। इधर, कंपनी के कर्मचारी गैस सिलेंडर को तौलकर देने से इंकार कर देते हैं।

### चकमा देकर भागा वाहन चालक

सुबह साढ़े आठ बजे गैस वाहन का ड्राइवर चकमा देकर भाग गया। जिसके बाद टीम ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से उसकी लोकेशन पकड़ी। जिसके बाद चार टीमों ने अलग-अलग जगहों पर जाकर उसे तलाश कर दबोच लिया।

## सुप्रीम कोर्ट ने तय की जवाबदेही...आज से देश सहित शहर में लागू हो जाएगा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल-2026

# दो के बजाए अब रखने होंगे चार प्रकार के डस्टबिन, पुराने डंप साइट्स खत्म करने के लिए बनाना होगा एक्शन प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल यानि बुधवार से देशभर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026 लागू हो जाएगा। आदमपुर छावनी में डंप कचरे की प्रोसेसिंग से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के लिए कचरा प्रबंधन की नई जवाबदेही तय कर दी है जो बुधवार से लागू हो रही है।

इसके तहत अब आम लोगों को अपने-अपने घरों में चार प्रकार के डस्टबिन रखने होंगे। बड़े कचरा उत्पादकों को अपने स्तर पर कचरे का प्रसंस्करण करना होगा या अधिकृत प्रमाणपत्र लेना होगा, वरना कचरा उठना बंद होगा। राज्य स्तर पर मुख्य सचिव, जिला स्तर पर कलेक्टर और स्थानीय स्तर पर अलग कमेटियां बनाकर माइक्रो मॉनिटरिंग होगी। यही नहीं कचरे के निपटारे की प्रगति रिपोर्ट, फोटो और अन्य सबूतों के साथ पेश करना होगी वरन कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस नई व्यवस्था के तहत आम आदमी से लेकर शासन, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि अब कचरे की प्रोसेसिंग नहीं होने को सिर्फ प्रशासनिक गलती नहीं माना जाएगा, बल्कि संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अफसरों पर भी कार्रवाई होगी। इसमें राज्य शासन से लेकर कलेक्टर और नगर निगम सबको जिम्मेदार माना गया है। अब तक यह सिर्फ नगर निगम की जिम्मेदारी मानी जाती थी।

कोर्ट ने नए नियमों में सबकी जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से तय की हैं। है। सबको अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। साथ ही स्कूल के सिलेबस में भी कचरा प्रबंधन को शामिल किया जाएगा।

*कृत प्रमाणपत्र लेना होगा, वरना कचरा उठना बंद होगा*

*आम आदमी से लेकर शासन के अधिकारी भी होंगे जिम्मेदार*

*कचरा निपटान प्रगति रिपोर्ट सबूतों के करनी होगी पेश*

### पुराने डंप साइट खत्म करने होंगे, वरना लगेगा जुर्माना



प्रतीकात्मक चित्र

लेगेसी वेस्ट पर टाइम-बाउंड प्लान और कचरे का चार स्तरों पर सेग्रीगेशन होगा। नए नियमों के तहत गीला, सूखा, सैनिटरी और विशेष श्रेणी चार तरह से कचरा अलग करने की व्यवस्था जरूरी होगी। इसके साथ ही पुराने डंप साइट्स खत्म करने के लिए समयबद्ध एक्शन प्लान बनाना होगा। देरी होने पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति के रूप में जुर्माना लगेगा।

### ऑन-साइट प्रोसेसिंग करें या प्रोसेसिंग का सर्टिफिकेट लें

हर बल्क वेस्ट जनरेटर को प्रोसेसिंग सिस्टम बनाना होगा। होटल, मैरिज गार्डन, बड़े अपार्टमेंट और संस्थानों जैसे बल्क वेस्ट जनरेटर को ऑन-साइट प्रोसेसिंग की व्यवस्था करना होगी या फिर प्रोसेसिंग का सर्टिफिकेट लेना होगा। ऐसा न होने पर बिना नोटिस सीधे पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति लगेगी और कचरा उठना बंद हो जाएगा।

### नियमों का उल्लंघन होने पर तीन स्तर पर कार्रवाई

नियमों का उल्लंघन करने पर स्थानीय निकाय और अन्य कचरा उत्पादकों पर जुर्माने से आपराधिक केस तक का प्रावधान रहेगा। पहली बार में जुर्माना, लगातार उल्लंघन पर आपराधिक मामला दर्ज होगा। निगरानी में लापरवाही पर अफसरों पर अभियोजन कार्रवाई होगी।

### 100 किलो से ज्यादा कचरा निकला तो खुद करना होगा निपटान

मॉल, बड़े होटल, रेस्टोरेंट, रिसोर्ट, ऑफिस कॉम्पलेक्स, हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, मेडिकल कॉलेज, स्कूल-कॉलेज विवि, होस्टल, हाउसिंग सोसायटी, आवासीय परिसर, धार्मिक स्थल, स्टेडियम, कार्यक्रम स्थल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट भी बीडल्यूजी (बल्क वेस्ट जनरेट) की श्रेणी में माने जाएंगे। अब इन संस्थानों को खुद ही कचरे का निपटान करना होगा। एक अप्रैल से यह नियम लागू होने जा रहे हैं। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने 19 फरवरी को फैसला सुनाया था। जिस पर सभी निकायों को अमल करना जरूरी है।

### राजधानी में यह बड़ी चुनौती, कचरा निपटान की व्यवस्था नहीं

शहर में दो सब्जी और फल मंडी हैं। नवबहार सब्जी मण्डी से ही रोजाना 2 से 3 डंपर कचरा निकलता है, लेकिन कलेक्शन दो दिन में होता है। जबकि करोंद सब्जी मंडी से 5 से 8 डंपर कचरा निकल रहा है। यहां भी कोई व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा निगम सीमा में 150 से अधिक बड़े मैरिज गार्डन हैं, लेकिन किसी के पास भी कचरे निपटान की व्यवस्था नहीं है। निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स के तहत निगम कार्य को अंजाम दे रहा है। आदमपुर खंती में चारकोल प्लांट का ट्रायल रन शुरू हो चुका है।

## पेज एक का शेष....

### अमेरिका-इजराइल के ...

जहाजों को अब रियाल (ईरानी मुद्रा) में टोल चुकाना होगा। इस नई व्यवस्था को लागू करने के लिए ईरान, पड़ोसी देश ओमान के साथ मिलकर कानूनी ढांचा तैयार कर रहा है। योजना में जहाजों की सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के कड़े नियम भी शामिल किए गए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य महज 161 किलोमीटर लंबा है, लेकिन इसकी अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया के कुल कच्चे तेल का 20% हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है।

### तब आते थे ...

पायदान पर खड़े लोगों को बराबरी पर लाने का एकमात्र रास्ता विकास ही है। यह बात उप सभापति राज्यसभा हरिवंश सिंह ने मप्र विधानसभा में आयोजित मप्र, छग और राजस्थान के दो दिवसीय युवा विधायक सम्मेलन (राष्ट्रकुल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-6) को संबोधित करते हुए कही। हरिवंश नारायण सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सहित अन्य पदाधिकारी एवं युवा विधायक मौजूद थे। इस अवसर पर विधानसभा की त्रैमासिक पत्रिका का विमोचन भी किया गया।

### अपनी नेतृत्व क्षमता ...

विधायकों को सीख दी कि अध्ययन का विशेष महत्व होता है और विद्यार्थी भाव सदैव बना रहना चाहिए। मुझे वह क्षण आज भी याद है जब छग, मप्र विधानसभा से अलग हुआ। उस दिन मप्र और छग के सभी विधायकों की आंखों में आंसुओं के अलावा कुछ नहीं था। इसीलिए आज भी दोनों राज्यों के बीच वही आत्मीयता बनी हुई है।

### चैत्र के आखिरी ...

होने के चलते मंदिर में भारी भीड़ जमा हुई थी। आरोप है कि 500 रुपए देने वालों को लाइन से अलग कर सीधे अंदर भेजा जा रहा था, जबकि बाकी लोग लंबी लाइन में फंसे थे। जब बैरिकेडिंग हटाई गई, तो अचानक भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ मच गई। इस मामले में दीपनगर थाना के थानाध्यक्ष राजमणि को निलंबित कर दिया गया है। मुख्य सचिव को इस पूरे मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं।

### पीएम मोदी ने ...

विभाग से 4 लाख रुपए और मुख्यमंत्री राहत कोष से 2 लाख रुपये (यानी कुल 6 लाख रुपए) हर मृतक के परिजन को दिए जाएंगे।

### 4 महिलाओं और...

बनाने का काम चल रहा था। यहां पर ज्वलनशील सामान रखा हुआ था। माना जा रहा है कि ज्वलनशील रसायनों में हुए एक संदिग्ध धमाके की वजह से यह आग लगी। शहर के लिंबायत इलाके का यह मकान एक व्यापारी का है, जिसमें करीब 8 टन साड़ियों का स्टॉक रखा हुआ था।

### पैटर्न में बदलाव....

समक्ष प्रस्तुतीकरण के बाद सामान्य प्रशासन विभाग से सैद्धांतिक सहमति भी मिल गई है। अब प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा। नए प्रस्ताव के तहत ईएसबी समान प्रकृति के पदों के लिए साल में केवल एक बार संयुक्त पात्रता परीक्षा आयोजित करेगा। परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों का स्कोरकार्ड ईएसबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। इसके बाद प्रदेश के अलग-अलग विभाग अपनी आवश्यकता के अनुसार रिक्त पदों का विज्ञापन पोर्टल पर जारी करेंगे। विभाग, ईएसबी द्वारा जारी स्कोरकार्ड के अंकों और लागू आरक्षण नीति के आधार पर मेरिट सूची तैयार करेंगे और उसी के आधार पर चयन एवं नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। यानी अब विभाग सीधे उम्मीदवारों का चयन कर सकेंगे।बता दें कि अब तक विभाग पहले पदों की जानकारी ईएसबी को भेजते थे, फिर ईएसबी विज्ञापन जारी करता, परीक्षा आयोजित करता, परिणाम घोषित करता और अंत में विभाग दस्तावेज सत्यापन कर नियुक्ति देते थे।

**ये होगा फायदाः** ईएसबी अधिकारियों के मुताबिक नई प्रणाली लागू होने से भर्ती प्रक्रिया में न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि समय की भी बड़ी बचत होगी। वर्तमान में किसी भर्ती को पूरा होने में एक से डेढ़ साल तक का समय लग जाता है, जबकि नई व्यवस्था में यह प्रक्रिया महज दो से ढाई महीने में पूरी की जा सकेगी। अभ्यर्थियों को अलग-अलग पदों के लिए बार-बार परीक्षा देने से भी राहत मिलेगी।

### बाढ़ राहत घोटाले...

जेल में 48 घंटे से अधिक अवधि के लिए रखे जाने के चलते तहसीलदार को निलंबित करने की कार्यवाही की गई है। बताया गया है कि तहसीलदार के इस मामले में अब न्यायालय में सुनवाई के लिए 6 अप्रैल की तारीख लगी है। वैसे तो सुनवाई के लिए कोर्ट में 31 मार्च की तारीख लगी थी। लेकिन 31 मार्च को न्यायालय में इस मामले को लेकर सुनवाई नहीं हो सकी। जिसके चलते अब 6 अप्रैल की तारीख लगी है।

### जीएसटी अफसर ...

दिया। कार्रवाई देर रात तक जारी रही। एक फर्म ने शिकायत में आरोप लगाया था कि जीएसटी से संबंधित कार्रवाई रोकने के बदले 5 लाख रुपए की मांग की गई थी। प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद सीबीआई ने ट्रैप की योजना बनाई।

### मायके से मिली ...

किसी हिंदू महिला को अपने पिता या माता से कोई संपत्ति विरासत में मिलती है और उस महिला की कोई संतान नहीं है तो उस मृत महिला की संपत्ति उसके पिता के कानूनी वारिसों को मिलेगी। पिता से विरासत में मिली उस संपत्ति पर उसके पति का कोई अधिकार नहीं होगा।

### क्या है मामला? ....

इसे चुनौती दी। ज्वाइंट कलेक्टर ने राजस्व अधिकारी का फैसला पलट दिया और पति के पक्ष में म्यूटेशन करने का निर्देश दिया। कहा गया कि शुरुआती गिफ्ट डीड रद्द करना कानूनी रूप से वैध नहीं था। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा।

### सदस्यता समाप्त...

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने यह याचिका दायर की है। सिंघार ने कांग्रेस की बीना से विधायक निर्मला सप्रे का निर्वाचन शून्य करने की मांग की है। याचिकाकर्ता के अनुसार 30 जून 2024 को उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष तोमर के समक्ष इस मामले में याचिका दायर की थी। लेकिन निर्धारित 90 दिन के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई। लिहाजा, हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी की विधायक पर पार्टी विरोधी गतिविधि का आरोप लगाया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान 5 मई, 2024 को राहतगढ़ में मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यक्रम में मंच पर पहुंची थीं। याचिकाकर्ता का कहना है कि कांग्रेस विधायक सप्रे भाजपा में शामिल हो चुकी हैं। इसके बावजूद उन्होंने विधायक पद से त्यागपत्र नहीं दिया है। दलबदल कानून के प्रकाश में उनका यह रवैया गैर कानूनी है। इसलिए सदस्यता समाप्त की जानी चाहिए। राज्य शासन की ओर से दलील दी गई थी कि सुप्रीम कोर्ट के अनुसार जब तक विस अध्यक्ष किसी याचिका पर निर्णय न ले लें, तब तक हाई कोर्ट को पुनरीक्षण का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी याचिका पर फैसला लेना विस अध्यक्ष का अधिकार है।

### एक तिहाई प्रदेश...

में करीब एक से दो डिग्री तक कमी रही। शेष जिलों में पारा थमा रहा। तापमान में सबसे अधिक कमी पूर्वी मप्र के सिवनी और मलाजखंड में 4-4 डिग्री तक रही। छिंदवाड़ा, जबलपुर, मंडला, रीवा, सतना और उमरिया में भी 2 डिग्री तक पारा गिरने से तेज गर्मी से कुछ राहत रही। इन जिलों में दिन का औसत तापमान 36 डिग्री तक रहा। भोपाल में दशमलव 4 डिग्री गिरकर 37 डिग्री रहा।

## डीजीपी कैलाश मकवाणा ने अफसरों को दिए निर्देश

# नशा मुक्त मप्र अभियान आज से, पूरे नेटवर्क पर होगी निर्णायक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश में नशे के खिलाफ अब निर्णायक जंग की शुरुआत हो रही है। 1 अप्रैल से पूरे प्रदेश में "नशा मुक्त मध्य प्रदेश अभियान" शुरू किया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि केवल छोटे स्तर के आरोपियों पर कार्रवाई तक सीमित न रहकर ड्रग्स के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए।



पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को 6 अप्रैल तक विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत करनी होगी। इसके साथ ही जोनल आईजी, डीआईजी और अन्य अधिकारियों को भी अभियान की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिकारियों को स्पष्ट कहा गया है कि कार्रवाई चरणबद्ध तरीके से करते हुए ड्रग्स तस्करी के स्रोत, सप्लाई चेन और फाइनेंशियल नेटवर्क तक पहुंचना जरूरी होगा। प्रदेश में मालवा-निमाड़ और विंध्य क्षेत्र को ड्रग्स कारोबार के प्रमुख केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इन क्षेत्रों की सीमाएं अन्य राज्यों से जुड़ी होने के कारण अंतरराज्यीय समन्वय बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

अभियान के तहत तकनीक का भी व्यापक उपयोग किया जाएगा। साइबर सेल और तकनीकी टीमों को सक्रिय कर ऑनलाइन माध्यमों से संचालित ड्रग्स नेटवर्क पर नजर रखी जाएगी। संदिग्ध गतिविधियों की सतत निगरानी के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर चल रहे अवैध कारोबार को भी चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

डीजीपी ने अधिकारियों के साथ बैठक में स्पष्ट किया कि केवल गिरफ्तारी करना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि नेटवर्क के हर स्तर-उत्पत्ति से लेकर वितरण तक-को खत्म करना प्राथमिक लक्ष्य होना चाहिए। इसके लिए जिला स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी और अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा। सरकार और पुलिस के इस संयुक्त अभियान को प्रदेश में नशे के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। अब देखना होगा कि यह सख्त अभियान जमीनी स्तर पर कितना असर दिखा पाता है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त-2, तहसील हुजूर जिला भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 11972/अ-6/2025-26
दिनांक 24/03/2026
ग्राम छावनी पठार प.ह.न. 45

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री उमराव सिंह निज्जर आ० मोहिन्दर सिंह निज्जर निवासी ई-2/211 अरेरा कालोनी भोपाल म.प्र., ने आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109-110 के तहत प्रस्तुत कर इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम छावनी पठार प०ह०न० 39 तहसील हुजूर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 266 रकबा 0.810 हे० भूमि राजस्व रिकार्ड मे जसवंत सिंह निज्जर आ० मोहिन्दर सिंह निज्जर के नाम दर्ज है, स्व० जसवंत सिंह निज्जर आ० मोहिन्दर सिंह निज्जर की मृत्यु दिनांक 10/04/2023 को हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरांत उक्त भूमि का फौती नामान्तरण वसीयत के आधार पर उनके वारीसान द्वारा फौती नामान्तरण किये जाने हेतु आवेदन किया है। आवेदक ने अपने पक्ष अनुसमर्थन मे मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, खसर बी-1 की नकल की छायाप्रति प्रस्तुत की है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबध में किसी व्यक्ति/सस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। प्रकरण मे आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 08/04/2026 नियत है। उक्त उदघोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 24/03/2026 को जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील हुजूर भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- 142/बी, मण्डल द्वारा श्रीमती शकीला बी पत्नी श्री शेख अमीन के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन पंजीयक कार्यालय से दिनांक 10/11/2017 को पंजीकृत किया गया है। श्रीमती शकीला बी पत्नी श्री शेख अमीन द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री जीशान अहमद आत्मज श्री जुनेद अहमद को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 18/03/2026 को निष्पादित किया गया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्री जीशान अहमद आत्मज श्री जुनेद अहमद के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- एस/946 मण्डल द्वारा सुश्री कुसुम वर्मा पुत्री श्री पुरूषोत्तम वर्मा के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन पंजीयक कार्यालय से दिनांक 28/03/1994 को पंजीकृत किया गया है। सुश्री कुसुम वर्मा पुत्री श्री पुरूषोत्तम वर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री अनुराग वर्मा आत्मज श्री संतोष वर्मा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय दिया है। जिसका विक्रय विलेख का पंजीयन पंजीयक कार्यालय में दिनांक 14/03/2026 को निष्पादित किया गया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति श्री अनुराग वर्मा आत्मज श्री संतोष वर्मा के नाम उक्त सम्पत्ति हस्तांतरण हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

**M.P. STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD**
**26- ARERA HILLS, JAIL ROAD, BHOPAL**
Board/Const/PC/DVI-2/2025-26/2484 Date : 28.03.2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Lump-Sum Rate E-Tenders are invited from the eligible bidders for Selection of an EPC Contractor for turnkey implementation of an AI-based voice-enabled communication and broadcasting system with audio-visual advisory devices for farmers across APMCs of Madhya Pradesh for 24 months. **(Tender Number : 2026_MPSAM_494752) (PAC amount Rs. 2533.41 Lakh).** The following Tender to be received online up to **5:30 PM on Dated 24.04.2026.** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :-** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only on above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of project and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/125124/2026 **EXECUTIVE ENGINEER (Project Cell)**

## श्रम विधियों का अध्ययन कर श्रम संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य शासन ने मध्यप्रदेश में लागू श्रम कानूनों के स्थान पर एक समेकित श्रम संहिता बनाने के लिए 5 विधियों के लिए सूक्ष्म अध्ययन करने एवं उनको समेकित करने के उद्देश्य से मसौदा तैयार करने के लिए अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग अशोक बर्णवाल की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय समिति का गठन किया है।

**बरकतउल्ला विश्वविद्यालय**
नर्मदापुरम् रोड, भोपाल-462026
क्रमांक : 41/यो.वि./ब.वि.वि./2026 दिनांक : 31.03.2026

**प्रवेश सूचना**

**विश्वविद्यालय के योग विभाग में सत्र 2026-2027 हेतु प्रवेश**

योग विभाग, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा सत्र-2026-2027 हेतु स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एम.ए. भावना योग दर्शन, विज्ञान और जीवन दर्शन में प्रवेश **BU Online Portal** के माध्यम से दिया जावेगा। दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का शुल्क रु. 23450/- जिसे चार सेमिस्टर में लिया जाएगा। पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु स्नातक उपाधि प्राप्त विद्यार्थी पात्र होंगे। इच्छुक विद्यार्थी **BU Portal** के माध्यम से रजिस्टर कर सकते हैं। प्रवेश हेतु वेबसाइट लिंक निम्नवत है **www.bubhopal.ac.in**

म.प्र. माध्यम/125134/2026 कुलसचिव

## खनन पट्टे के निष्पादन के लिए अनुपालन संबंधी समिति गठित

**भोपाल।** खनिज नीलामी खनिपट्टा एवं समेकित अनुज्ञप्ति के लिए नीलाम किए गए खनिज ब्लॉक के खनन पट्टे के निष्पादन संबंधी चरणों को पूरा करने के लिए समय-सीमा अनुपालन के लिए राज्य शासन की ओर से समिति का गठन किया गया है। समिति में संचालक, संचालनालय भौमिक तथा खनिकर्म, भोपाल को अध्यक्ष बनाया गया है। क्षेत्रीय खान नियंत्रण, भारतीय खान ब्यूरो जबलपुर, राजस्व विभाग, वन विभाग, पर्यावरण विभाग और वित्त विभाग द्वारा नामांकित अधिकारी सदस्य होंगे। प्रभारी अधिकारी (ऑक्शन) संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल को सदस्य-सचिव नामित किया गया है। समिति खनिपट्टे एवं समेकित अनुज्ञप्ति में समस्त कार्रवाई निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाने की समीक्षा एवं कार्रवाई करेगी।




हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

**प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर**
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
**सफेद दाग**
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

R- 31/03/26 to 17/05/26
not 03,14/04/26, 01/05/26

## राशिफल

**मेष** - मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है। बातचीत में सन्तुलित रहें। भवन की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेंगे। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष** - मीठे खानपान में रुचि बढ़ सकती है। मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** - परिश्रम भी अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**कर्क** - शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह** - मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** - भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** - व्यर्थ के क्रोध से बचें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** - कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार में फायदा होगा।

**धनु** - शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। उच्च शिक्षा के लिए विदेश भी जा सकते हैं। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** - लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**कुंभ** - क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। वाहन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा खर्च बढ़ेंगे।

**मीन** - परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 6182



**बाएँ से दाए**

1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना, रोना, लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा, कारपेट-3
9. किनारा, छोर-2
10. झगड़ा, कहासुनी-4
11. समय, वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र, स्वदेश-2
15. पुत्र, लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र, व्यवहार-2,3
25. जीव, दूत, जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत, जोश, बल-2
29. कराह, टीस, लालसा-3
30. वहम, संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा, घास-2
36. चोंगा, गाऊन-3
37. सफर, जात्रा-2
38. दयालु, कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1. पांव, पैर-2
2. भिखारी, मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूर्ण-4
7. हल्का काला, श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल, पत्ता-2
18. रुखसार, कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़, योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच, नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरेया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त, मित्र, सखा-2

**शब्द पहेली- 6181 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6192

★★★✩✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6191 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## खबर संक्षेप

### 'शिक्षानेक्स्ट' 170 करोड़ रु. की तीन वर्षीय पहल लांच

**नई दिल्ली।** एक बोल्ड, मल्टी-डोनर एवं बहु वर्षीय पहल 'शिक्षानेक्स्ट', जिसका उद्देश्य ऐडटेक एवं एआई का सदुपयोग कर वंचित समुदायों के बच्चों के लर्निंग के परिणामों में सुधार लाना है। हाल ही में नई दिल्ली में भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और शिक्षा मंत्रालय के सचिव, आईएएस, संजय कुमार ने इस पहल का लांच किया। शिक्षानेक्स्ट रु 170 करोड़ की तीन वर्षीय पहल है, जिसका उद्देश्य देश भर में 13 मिलियन से अधिक बच्चों को 2029 तक टेक्नोलॉजी एवं एआई-इनेबल्ड लर्निंग के अवसरों के साथ सशक्त बनाना है। इस गठबंधन में माइकल एंड सुसन डेल फाउंडेशन, रिलायंस फाउंडेशन और गेट्स फाउंडेशन - फाउंडिंग स्ट्रैटेजिक पार्टनर हैं, जबकि सेंट्रल स्क्वेयर फाउंडेशन मैनेजिंग पार्टनर की भूमिका में हैं। शिक्षानेक्स्ट-परोपकार और विशेषज्ञता का संयोजन है, जो कार्यान्वयन और प्रभाव पर विशेष रूप से फोकस करता है।

### 500 मिलियन लोग कर रहे ट्रू कॉलर का उपयोग

**मुंबई।** ट्रूकॉलर ने घोषणा की है कि दुनिया भर में उसके यूजर्स की संख्या 500 मिलियन के पार पहुंच गई है। यह लोगों के बीच संचार को भरोसेमंद बनाने के कंपनी के सफ़र में एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्लेटफार्म पर यूजर्स की संख्या लगातार काफी तेजी से बढ़ रही है और केवल साल 2025 में ही 50 मिलियन से ज़्यादा नए यूज़र्स इस प्लेटफार्म से जुड़े हैं। अकेले भारत में ही ट्रूकॉलर का उपयोग करने वालों की संख्या 350 मिलियन से ज़्यादा हो गई है, और भारत के बाहर इसके यूज़र्स की संख्या 150 मिलियन से ज़्यादा है। इस साल की शुरुआत में, दुनिया भर में भुगतान करके ट्रूकॉलर की सेवाओं का लाभ उठाने वाले सब्सक्राइबर्स की संख्या भी 4 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई, जिससे कंपनी की आमदनी का एक मुख्य जरिया और भी मजबूत हुआ है। इस मौके पर ट्रूकॉलर के सीईओ, ऋषित झुनझुनवाला ने कहाकि वैसे तो यह हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन यह उस दुनिया के बारे में भी बहुत कुछ बयां करता है, जिसमें आज हम सब रह रहे हैं।

*भोपाल सहित मप्र के ट्रांसपोर्टर ने की मांग*

# बाइपास मार्ग बंद होने से लगाई जाए टोल वसूली पर रोक

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा अवैध रूप से टोल वसूला जा रहा है। सूखी सेवनिया आरओबी मेंटेनेंस के लिए डायवर्जन होने के कारण लोडिंग वाहनों को 66 किलो मीटर का एक्स्ट्रा चक्कर लगना पड़ रहा है, जिससे ड्राइवर, ट्रांसपोर्टर और ग्रामीणों परेशान है।

राजधानी भोपाल सहित मध्यप्रदेश के ट्रक ट्रांसपोर्टरों ने बाइपास मार्ग बंद होने के बावजूद टोल वसूली जारी रहने पर कड़ा विरोध किया है। ट्रांसपोर्टरों ने मध्यप्रदेश सरकार से मांग की है कि जब बाईपास की सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो टोल वसूली पर तुरंत रोक लगाई जाए। इस संबंध में ट्रांसपोर्ट संगठन ने ट्रांसपोर्टरों की ओर से एमपीआरडीसी को पत्र भी लिख चुका है।



बाइपास मार्ग टोल

### यातायात डायवर्जन के कारण टोल वसूली को रोकने, बंद करने की मांग की जा रही: पंजबानी



ट्रक ट्रांसपोर्ट ऑनर एसोसिएशन अध्यक्ष कमल पंजबानी ने कहा कि जब तक बायपास मार्ग पुनः सुचारू रूप से शुरू नहीं हो जाता, तब तक संबंधित टोल बूथों पर शुल्क की वसूली तत्काल प्रभाव से रोकी जाए। भोपाल बायपास मार्ग के खराब रखरखाव, सड़क धंसने और यातायात डायवर्जन के कारण टोल वसूली को रोकने, बंद करने की मांग लगातार की जा रही है। उन्होंने कहाकि एमपीआरडीसी द्वारा बायपास पर निर्माण के चलते सड़क बंद की गई है। वाहन 11 मील से मात्र 10 किमी यानी पटेल नगर-आनंद नगर बाईपास चौराहे तक ही जा रहे है। इसके बावजूद यहां 10 किमी के सफर पर 52 किमी की वसूली की जा रही है। ट्रक संचालकों के साथ हो रही खुली लूट को बंद करने की मांग की। ट्रक संचालकों और ड्राइवरों ने सड़क बंद होने के बावजूद टोल वसूली पर आपत्ति जताई।

### टोल वसूली बंद नहीं हुई तो चक्का जाम और करेंगे आंदोलन : युवराज



मप्र ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के महासचिव युवराज सिंह राय ने टोल संचालकों पर खुली लूट करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहाकि आनंद नगर-पटेल नगर के बीच बाईपास बंद होने और अन्य स्थानों पर खराब सड़कों के कारण ट्रक चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, फिर भी पूरा टोल टैक्स लिया जा रहा है। ट्रांसपोर्टरों ने टोल प्लाजा पर जबरन वसूली के खिलाफ आवाज उठाई है और कई स्थानों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बनी है। यह भी बताया गया है कि परिवहन चौकियां, टोल बंद होने के बावजूद चेकपोस्टों पर आरटीओ कर्मियों द्वारा अवैध वसूली की जा रही है। संगठन की ओर से उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि बाईपास चालू होने तक टोल वसूली बंद नहीं की गई, तो वे चक्का जाम या आंदोलन तेज करेंगे।

### जब मार्ग बंद है तो उसका टोल लेने का कोई तार्किक आधार नहीं : हरीश



ऑल इंडिया ट्रांसपोर्ट मोटर कांग्रेस, मध्यप्रदेश चेयरमैन हरीश डाबर ने कहा कि राजधानी भोपाल के मुख्य बायपास मार्ग पर स्थित विदिशा चौराहा पर पुल के क्षति ग्रस्त होने के कारण मरम्मत कार्य चल रहा है, जिस कारण मार्ग पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। इस मार्ग के बंद होने से यातायात को अन्य वैकल्पिक और लंबे रास्तों पर डाइवर्ट किया गया है, जिससे व्यावसायिक भारी वाहनों और स्थानीय व्यापारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

चूंकि मुख्य बायपास मार्ग का उपयोग नहीं हो पा रहा है, अतः उस मार्ग के लिए निर्धारित टोल बूथ 11 मील, व मुबारकपुर पर शुल्क वसूला जा रहा है, जब मार्ग बंद है तो उसका टोल लेने का कोई तार्किक आधार नहीं रह जाता है। वाहनों को न केवल अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है, अपितु उक्त मार्ग पर भी टोल चुकाना पड़ रहा है, व इर्धन का खर्च भी बढ़ गया है और बंद मार्ग के बावजूद टोल देना आर्थिक रूप से भी अनुचित है।

### 15 अप्रैल से विवाह मुहूर्त, कैटरर्स ने की कमर्शियल सिलेंडर आपूर्ति बढ़ाने की मांग

# बोले-सिलेंडर नहीं मिलने से कैटरिंग व्यवसाय को आर्थिक नुकसान और साख खराब का डर

### पुराने ऑर्डर को लेकर असमंजस की स्थिति

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कमर्शियल गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के कारण कैटरर्स और होटल व्यवसायी गहरी चिंता में हैं, क्योंकि काम ठप पड़ गया है। कैटरिंग व्यवसायियों में आर्थिक नुकसान के साथ साख खराब होने का डर है। इसके अलावा इस व्यवसाय से जुड़े हजारों लोगों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है।गौरतलब है कि सहालग नजदीक आते ही जहां शादी वाले घरों में तैयारियां जोरों पर हैं, वहीं गैस की कमी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सबसे ज्यादा परेशानी कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों को हो रही है।

सिलेंडर की अनिश्चित उपलब्धता के कारण कुछ कैटर्स ने फिलहाल नए ऑर्डर लेना बंद कर दिया है, जबकि कई पुराने ऑर्डर को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उनका कहना है कि समय पर पर्याप्त गैस नहीं मिलने पर आयोजन प्रभावित हो सकता है। वहीं शहर के कुछ कैटर्स ने इस संकट से निपटने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर काम शुरू कर दिया है। इनमें इलेक्ट्रिक चूल्हे, इंडक्शन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक



उपकरणों के इस्तेमाल की योजना बनाई जा रही है, ताकि कार्यक्रम बिना बाधा के संपन्न कराए जा सकें। फेडरेशन ऑफ एमपी टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष परमजीत खनूजा, रिंकू भटेजा, रामबाबू शर्मा सहित मध्यप्रदेश के टेंट और केटर्स ने सिलेंडर की उपलब्धता बढ़ाने की मांग उठाई है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि 15 अप्रैल से शादी का सीजन भी शुरू होने वाला है ऐसे में प्रदेश में करीब 25 से 30 हजार शादियां होनी है, जिनमें करीब ढाई लाख कमर्शियल सिलेंडरों की जरूरत पड़ेगी। उन्होंने कहा कि एलपीजी सिलेंडर का संकट खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। केंद्र सरकार द्वारा कमर्शियल सिलेंडर का कोटा 70 प्रतिशत तक बढ़ाने के बाद भी भोपाल में सप्लाई केवल 50 प्रतिशत तक ही सीमित रह गई है।

### सिलेंडरों की कमी से कैटरिंग की लागत 10-20 फीसदी तक बढ़ी, परेशानी भी बढ़ गई


परमजीत खनूजा


रामबाबू शर्मा


रिंकू भटेजा

भोपाल होटल, रेस्टोरेंट व्यवसायी एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली के अनुसार 15 अप्रैल 2026 से शुरू हो रहे शादियों के शुभ मुहूर्त (जैसे 15, 20, 21, 25-29 अप्रैल) के बीच कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की भारी किल्लत ने कैटरर्स और मैरिज गार्डन संचालकों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। क्योंकि कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई लगभग बंद या बहुत कम होने से मैरिज गार्डन और होटल बुकिंग पर असर पड़ा है। मजबूरी में कैटरर्स अब पारंपरिक चूल्हे (लकड़ी/कोयला) की ओर लौट रहे हैं या मेनू में लाइव कुकिंग स्टेशन कम कर रहे हैं। सिलेंडरों की कमी से कैटरिंग की लागत 10-20 फीसदी तक बढ़ सकती है, जिसका बोझ ग्राहकों पर पड़ेगा। टेंट व्यवसायी रिंकू भटेजा के अनुसार शादी- विवाह में खाना बनाने के लिए सिलेंडर का इंतजाम नही हो पा रहा है। जिसकी वजह से उनकी परेशानी बढ़ गई है। बिजली कर्मचारियों की माने तो रसोई गैस की किल्लत के चलते देहात क्षेत्र में अब चोरी की बिजली से हीटर चलाए जा रहे है। हीटर पर ही तमाम खाना बनाने से लेकर अन्य कार्य किए जा रहे हैं। अभी तो टीम का पूरा जोर राजस्व वसूली पर है। 31 मार्च के बाद से इस ओर बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### अब सिम कार्ड की तरह पोर्ट होगा खाता

# आरबीआई ला रहा है बैंक अकाउंट पोर्टेबिलिटी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक बैंकिंग सेक्टर में एक ऐसी सिस्टम की तैयारी कर रहा है जिसे 'बैंक अकाउंट पोर्टेबिलिटी' कहा जा रहा है। यह सुविधा बिल्कुल मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी की तरह काम करेगी, जहां आप अपना पुराना मोबाइल नंबर रखे बिना सिम कार्ड बदल लेते हैं। आरबीआई के 'पेमेंट विजन 2028' के तहत इस कदम का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को बैंकों की खराब सर्विस और मनमाने चार्जेस से आजादी दिलाना है।

अब बैंक बदलना किसी बोझिल कागजी कार्रवाई के बजाय सिम कार्ड बदलने जितना आसान और तेज हो जाएगा। वर्तमान समय में बैंक अकाउंट बदलना एक बेहद जटिल और थकाऊ प्रक्रिया है, क्योंकि खाता नंबर बदलते ही आपको सैलरी अकाउंट, निवेश, बीमा और सरकारी योजनाओं में हर जगह नया नंबर अपडेट करना पड़ता है। इस सिरदर्द से बचने के लिए लोग अक्सर खराब सर्विस के बावजूद पुराने बैंक से चिपके रहते




हैं. आरबीआई की प्रस्तावित योजना इस समस्या का जड़ से समाधान करेगी, जिसमें बैंक अकाउंट नंबर एक 'यूनिवर्सल अकाउंट नंबर' की तरह काम करेगा। पुराना नंबर बरकरार रखते हुए किसी भी दूसरे बैंक में जा सकेंगे और नया बैंक उसी पुराने नंबर को अपने सिस्टम में सक्रिय कर देगा। इस पूरी प्रक्रिया को बैक-एंड पर सुचारु बनाने के लिए आरबीआई एक विशेष सेंट्रल सिस्टम 'पेमेंट्स स्वीचिंग सर्विस ' पर काम कर रहा है। इस सिस्टम की सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह सभी बैंकों को आपस में जोड़ देगा, जिससे आपके पुराने बैंक में चल रहे जैसे होम लोन की ईएमआई, म्यूचुअल फंड की एसआईपी या बिजली बिल का भुगतान खुद-ब-खुद नए बैंक में शिफ्ट हो जाएंगे।

## बिजनेस न्यूज

### फ्रेयर एनर्जी ने रूफटॉप सोलर को दी नई गति, इंस्टॉलेशन 895 केवी तक पहुंचा




**भोपाल।** फ्रेयर एनर्जी भारत की अग्रणी रूफटॉप सोलर कंपनियों में से एक ने भोपाल में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने अपने सोलर इंस्टॉलेशन को 2025 के 460 केवी से बढ़ाकर 2026 में लगभग दोगुना करते हुए 895 केवी तक पहुंचा दिया है। अब तक कंपनी ने शहर के 229 घरों को सौर ऊर्जा अपनाने में सक्षम बनाया है। केवल 2026 की पहली तिमाही में ही फ्रेयर एनर्जी ने अपनी सोलर क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की है, जो मध्य प्रदेश की राजधानी में रूफटॉप सोलर की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है। इस बदलाव के पीछे मुख्य कारण बढ़ती बिजली लागत, और शून्य जमानत वाले ऋण एवं राज्य व केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी जैसे आसान वित्तीय विकल्प हैं। भोपाल में फ्रेयर का एक्सपीरियंस सेंटर जमीनी स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और ग्राहकों को सौर ऊर्जा के लाभों के बारे में शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वर्तमान में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय आवासीय क्षेत्र में रूफटॉप सोलर के लिए सब्सिडी प्रदान कर रहा है। 2केवी सिस्टम के लिए 60,000 और 3 केवी से 10केवी तक के सिस्टम के लिए 78,000 तक की केंद्रीय वित्तीय सहायता उपलब्ध है। यह सब्सिडी घर मालिकों के लिए प्रोत्साहन का कार्य करती है क्योंकि इससे शुरुआती लागत कम होती है। उदाहरण के तौर पर, 3केवी सोलर सिस्टम पर 78,000 तक की सब्सिडी मिल सकती है, जिससे रूफटॉप सोलर अधिक किफायती बनता है और आवासीय स्तर पर इसका अपनाना तेज होता है।

### जैन महिला परिषद की बहनों ने किया भक्ति संध्या का आयोजन



**भोपाल।** भगवान महावीर स्वामी के पावन जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद मैना सुंदरी संभाग वर्धमान शाखा कोहेफिजा की बहनों ने भक्ति संध्या का आयोजन किया। जिसमे गायिका निशी जैन को आमंत्रित किया। उन्होंने अपने सुरों के द्वारा संपूर्ण कोहफिजा को भक्ति के रंग में झूमने पर मजबूर कर दिया। जिसमे प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना सिंघाई और टीटी नगर शाखा की अध्यक्ष श्रीमती संगीता जैन अलंकार भी उपस्थित थी। प्रांतीय विशिष्ठ अधिकारी श्रीमती संगीता चौधरी, शाखा अध्यक्ष श्रीमती संजना जैन , सचिव सारिका जैन, कोषाध्यक्ष सविता जैन, श्रीमती रीना मलैया, श्रीमती बबीता जैन, श्रीमती नीलमणि सिंघई, श्रीमती निधि सिंघाई, श्रीमती रचना जैन और श्रीमती आरती 501 ने भी मौजूद रहीं। परिषद की महिलाओं ने हास्पिटल में मरीजों के परिजनों को भोजन, फल और मिठाई वितरण भी किया।

### नेटाफिम ने 5वीं पीढ़ी की एआई आधारित ऑटोमेटेड डोजिंग मशीनें पेश की




**मुंबई।** प्रिसिजन इरिगेशन (टपक सिंचाई) के क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी कंपनी नेटाफिम (ऑर्बिया का प्रिसिजन एग्रीकल्चर बिजनेस) ने अपनी 5वीं पीढ़ी की 'एआई-आधारित ऑटोमेटेड डोजिंग' रेंज लांच की है। यह नई रेंज एडवांस कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर आधारित तकनीक के जरिए फर्टिगेशन (सिंचाई के साथ खाद देना) को बेहतर बनाने के साथ-साथ आसान रिमोट कंट्रोल और मॉनिटरिंग की सुविधा भी देती है। इसमें फर्टिकिट 5जी, फर्टिवन 5जी नेटाजेट 5जी और नेटाफ्लेक्स 5जी जैसे उत्पाद शामिल हैं। नेटाफिम की डोजिंग 5जी रेंज आधुनिक पोषक तत्व प्रबंधन तकनीक और किसानों के लिए आसान उपयोग का बेहतरीन मेल है। इसे खुले खेतों और संरक्षित खेती (जैसे ग्रीनहाउस) दोनों के लिए बनाया गया है। यह सिस्टम खुद से सीखने वाली एआई तकनीक का इस्तेमाल करता है, जो फसल की जरूरत के हिसाब से पोषक तत्वों की मात्रा को सटीक तरीके से नियंत्रित करता है। इससे खाद के जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल पर रोक लगती है और पैदावार के साथ-साथ फसल की क्वालिटी भी सुधरती है। किसानों का अनुभव है कि खाद का उपयोग अब ज्यादा प्रभावी हो गया है।

### सैमसंग ने एआई-संचालित प्रोडक्टिवटी के साथ लांच किया गैलेक्सी बुक6

**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड ने गैलेक्सी बुक6 सीरीज को लांच कर दिया है। इसकी शुरुआती कीमत 1,27,990 रुपए है। सैमसंग की सबसे एडवांस्ड गैलेक्सी बुक सीरीज एआई-पावर्ड प्रोडक्टिविटी को सटीक इंजीनियरिंग और संतुलित, स्लिम प्रोफाइल के जरिए नई ऊंचाइयों पर ले जाती है। गैलेक्सी बुक6 सीरीज़ इंटेल कोर अल्ट्रा सीरीज 3 प्रोसेसर्स द्वारा संचालित है, जो पिछले जेनरेशन की तुलना में 60 फीसदी से ज्यादा तेज सीपीयू परफॉर्मेंस देता है।

### सेंट्रल बैंक को 296 करोड़ रु. का आयकर नोटिस, बैंक कानूनी चुनौती देने को तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकारी क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को आयकर विभाग की ओर से 296.08 करोड़ रुपए का डिमांड नोटिस जारी किया गया है। यह नोटिस वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर भुगतान में कमी को लेकर भेजा गया है। बैंक ने अपनी नियामकीय फाइलिंग में बताया कि उसे 28 मार्च 2026 को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 143(3) के साथ धारा 144B के तहत आकलन आदेश प्राप्त हुआ है।

इस आदेश के तहत आयकर विभाग ने बैंक को आकलन वर्ष 2024-25 के लिए 296.08 करोड़ रुपये की कर देनदारी चुकाने का निर्देश दिया है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि वह इस आदेश को चुनौती देने की प्रक्रिया में है और निर्धारित दिशानिर्देशों के तहत उचित मंच पर अपील दायर करेगा। बैंक के अनुसार, आकलन आदेश में की गई जोड़-घाटव (डिसएलाउंस/एडिशन) के खिलाफ उसके पास पर्याप्त तथ्यात्मक और कानूनी आधार मौजूद हैं। बैंक ने यह भी कहा कि पूर्व में अपीलीय प्राधिकरणों के आदेशों को देखते हुए उसे इस मामले में राहत मिलने की उम्मीद है और संभावना है कि पूरी कर मांग समाप्त हो सकती है।साथ ही, बैंक ने स्पष्ट किया कि इस नोटिस का उसके वित्तीय स्थिति, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई प्रभाव पड़ने की उम्मीद नहीं है।

### 43.5 करोड़ डॉलर का निवेश

## एयरटेल की डेटा सेंटर कंपनी नेक्स्ट्रा में एक अरब डॉलर के निवेश की घोषणा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दूरसंचार सेवा प्रदाता एयरटेल ने अपनी डाटा सेंटर कंपनी नेक्स्ट्रा में एक अरब डॉलर के निवेश की घोषणा है जिसका इस्तेमाल कंपनी के विस्तार और विकास को गति देने के लिए किया जाएगा।

एयरटेल ने सोमवार रात एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मुख्य निवेशक एल्फा वेव ग्लोबल होगा जो 43.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगा। कार्लाइल 24 करोड़ डॉलर और एंकरेज कैपिटल 3.5 करोड़ डॉलर का निवेश करेगा। शेष राशि (29 करोड़ डॉलर) का निवेश खुद एयरटेल द्वारा किया जायेगा। अंतिम शेयर होल्डिंग अभी तय नहीं की गयी है, लेकिन एयरटेल ने कहा है कि वह नेक्स्ट्रा में अपनी नियंत्रक हिस्सेदारी बनाये रखेगी। इस सौदे को अभी भारतीय नियामकों से मंजूरी मिलनी शेष है।

### डिजिटल मध्यप्रदेशश और छत्तीसगढ़ की नई पहचान

# जियो से 6.2 लाख नए मोबाइल ग्राहक जुड़ेः ट्राई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई ) की रिपोर्ट के अनुसार जियो ने एक बार फिर मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में सबसे अधिक मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहक जोड़े हैं। जनवरी 2026 में जियो से 6.2 लाख नए मोबाइल ग्राहक जुड़े, जबकि जियो फाइबर और जियो एयरफाइबर ब्रॉडबैंड सेवाओं को 66 हजार से अधिक नए उपभोक्ताओं ने अपनाया। ट्राई के आंकड़ों के मुताबिक, मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में कुल मोबाइल ग्राहकों की संख्या 8.49 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जबकि फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस और वायरलाइन ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 31.6 लाख से ज्यादा है। इनमें जियो के 4.9 करोड़ मोबाइल ग्राहक और 19.1 लाख से अधिक ब्रॉडबैंड ग्राहक शामिल हैं, जो इसकी मजबूत उपस्थिति को दर्शाते हैं। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में डिजिटल क्रांति को नई गति देते हुए रिलायंस जियो की जियो फाइबर और जियो एयरफाइबर सेवाएं तेजी से लोगों की पहली पसंद बन रही हैं। इन सेवाओं के माध्यम से अब तक दोनों राज्यों में 19 लाख से अधिक घर हाई-स्पीड इंटरनेट से जुड़ चुके हैं, जिससे शिक्षा, रोजगार, व्यापार और घरेलू जीवन में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है।

### शिक्षा, रोजगार और जीवनशैली में बदलाव

जियो फाइबर की उपलब्धता ने छात्रों के लिए ऑनलाइन शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और नई डिजिटल स्किल्स सीखने के अवसर बढ़ाए हैं। वहीं, कामकाजी लोगों के लिए वर्क फ्रॉम होम, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और डिजिटल कार्यप्रणाली पहले की तुलना में अधिक सरल और प्रभावी हो गई है। गृहिणियां भी अब डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए अपने हुनर को पहचान दिलाते हुए घर बैठे छोटे व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में जियो के पास कुल 5जी स्पेक्ट्रम क्षमता का 70 फीसदी से अधिक हिस्सा है, जो दोनों राज्यों के सभी जिलों के 10 हजार से अधिक गांवों तक उपलब्ध है। जियो की स्टैंडअलोन ट्रू 5जी सेवा अब शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी पहुंच चुकी है।

### 5जी ट्रैफिक साल दर साल 70 प्रतिशत से अधिक बढ़ा

**नई दिल्ली।** नोकिया ने अपने वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड इंडेक्स के 13वें संस्करण से निष्कर्ष जारी किए, जिसमें भारत के 5जी अंगीकार और डेटा उपभोग एवं रुख में सतत मजबूत गति रेखांकित की गई है। यह रिपोर्ट इस बात का खुलासा करती है कि पूरे भारत में मासिक 5जी डेटा ट्रैफिक साल दर साल 70 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2025 में 12.2 एक्साबाइट पहुंच गया और इस प्रकार से कुल मोबाइल ब्रॉडबैंड ट्रैफिक में करीब 47 प्रतिशत योगदान यह कर रहा है। प्रति यूजर औसत मासिक मोबाइल डेटा उपभोग 2025 में बढ़कर 31जीबी से अधिक पहुंच गया जो पिछले पांच वर्षों में 18 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा। यह विस्तृत मोबाइल ब्रॉडबैंड के तेज विस्तार और एआई एप्लीकेशंस, 4के वीडियो स्ट्रीमिंग एवं क्लाउड गेमिंग जैसे अधिक डेटा उपयोग वाले मामलों के लिए बढ़ती मांग को दर्शाता है। वर्ष 2025 में प्रति माह कुल डेटा ट्रैफिक 27 ईबी को पार कर गया जिससे विस्तार लेते 5जी कवरेज और किफायती 5जी स्मार्टफोन की बढ़ती उपलब्धता से संचालित सतत वृद्धि को दर्शाता है। नोकिया, इंडिया की कंट्री मैनेजर (नामित) विभा मेहरा ने कहा, "तेजी से 5जी को अपनाए जाने और एआई आधारित एप्लीकेशंस के बढ़ते प्रभाव के बल पर भारत का मोबाइल ब्रॉडबैंड परिदृश्य, उद्भव के एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है।

### वीएल इंफ्रा प्रोजेक्ट्स का जल अवसंरचना और सिंचाई क्षेत्र पर जोरः रेड्डी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वीएल इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड एक ऐसी कंपनी है जिसने सरकारी परियोजनाओं के डिजाइन, निर्माण और क्रियान्वयन (कमिशनिंग) में विशेष विशेषज्ञता हासिल की है तथा जल अवसंरचना और सिंचाई क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित करती है।

यह कंपनी गुजरात सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त "एए" श्रेणी की ठेकेदार है तथा कर्नाटक, तेलंगाना और मध्य प्रदेश राज्यों में विभिन्न लाइसेंस और पंजीकरण रखती है। इंजीनियरिंग और निर्माण क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरना कंपनी का लक्ष्य है। वित्तीय वर्ष 2025 में कंपनी ने 121.22 करोड़ का राजस्व,13.15 करोड़ का



एबिटडा और 7.02 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक राजगोपाल रेड्डी ने कहाकि निंबल फुटेड दृष्टिकोण हमें बड़े सरकारी टेंडरों में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त देता है, क्योंकि मजबूत बैलेंस शीट के कारण बैंक गारंटी प्राप्त करना आसान होता है।

AROHAN
AROHAN FINANCIAL SERVICES LIMITED
Registered Office: PTI Building, 4th Floor, DP 9, Salt Lake, Sector V, Kolkata - 700091, West Bengal
T: +91 33 4015 6000 | CIN: U74140WB1991PLC053189
Email: contact@arohan.in | Website: www.arohan.in

जनसूचना

यह जनसाधारण और आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज़ लिमिटेड ("कंपनी") के ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी की रायसेन शाखा, जो एच-13/सी, वार्ड नंबर – 04, कलेक्टोरेट कॉलोनी, पीओ/पीएस – रायसेन, तहसील और जिला – रायसेन, मध्य प्रदेश – 464551 पर स्थित है, 30/06/2026 से अपनी सभी गतिविधियाँ बंद कर देगी। शाखा द्वारा की जा रही सभी गतिविधियाँ हमारे नई विदिशा शाखा में स्थानांतरित की जाएँगी, जो वार्ड नंबर – 39, जे – 8, सांवरिया कॉलोनी, टीलाखेड़ी, पीओ/पीएस – विदिशा, तहसील और जिला – विदिशा, मध्य प्रदेश – 464001 पर स्थित है, और यह स्थानांतरण 30/06/2026 से प्रभावी होगा। सभी ग्राहकों और जनसाधारण से अनुरोध है कि वे 01/07/2026 से कंपनी की नई ----विदिशा शाखा, जो वार्ड नंबर – 39, जे – 8, सांवरिया कॉलोनी, टीलाखेड़ी, पीओ/पीएस – विदिशा, तहसील और जिला – विदिशा, मध्य प्रदेश – 464001 पर स्थित है, किसी भी ऋण संबंधित आवश्यकता/सेवा, गतिविधियों और प्रश्नों के लिए वहां संपर्क करें।

आरोहण फाइनेंशियल सर्विसेज़ लिमिटेड
Sd/-
अधिकारिक हस्ताक्षरकर्ता

## चिंतन

# जल, जंगल व जमीन की सुरक्षा होगी और बेहतर

देश के आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। दशकों तक 'लाल आतंक' के नाम से पहचाने जाने वाला नक्सलवाद अब खत्म हो चुका है। नक्सवादियों के सभी बड़े नेता या तो मारे जा चुके हैं, या उन्होंने इस विचारधारा को छोड़कर सरेंडर कर दिया है। अब जल, जंगल और जमीन की और बेहतर सुरक्षा हो सकेगी। नक्सलवाद का खात्मा सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। अब ऐसे क्षेत्रों में विकास के नए द्वार खुलेंगे, जहां लाल आतंक से लोग त्रस्त थे। इन क्षेत्रों में अब शिक्षा का स्तर सुधरेगा, बच्चों की खेलों में गतिविधियां बढ़ेंगी और सामाजिक तथा आधारभूत ढांचे का विकास होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार, 31 मार्च 2026 की निर्धारित समयसीमा से पहले ही भारत से नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है। यदि यह दावा जमीनी हकीकत से मेल खाता है, तो यह केवल सुरक्षा की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के लिहाज से भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नक्सलवाद की शुरुआत 1967 में पश्चिम बंगाल के नक्सलबाड़ी से हुई थी। यह आंदोलन मूलतः जल, जंगल और जमीन पर अधिकार की मांग से जुड़ा था, जिसमें आदिवासी और वंचित वर्गों की आवाज शामिल थी। समय के साथ यह आंदोलन हिंसक रूप लेता गया और देश के कई हिस्सों में सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन गया। रेड कॉरिडोर के नाम से पहचाने जाने वाले क्षेत्रों में वर्षों तक विकास की रफ्तार थमी रही और आम जनजीवन भय के साए में रहा। हाल के वर्षों में सरकार द्वारा अपनाई गई बहुआयामी रणनीति ने इस समस्या को काफी हद तक नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई है। होल ऑफ गवर्नमेंट दृष्टिकोण के तहत सुरक्षा, विकास और विश्वास तीनों मोर्चों पर एक साथ काम किया गया। सुरक्षा बलों के आक्रामक अभियानों के साथ-साथ सड़क, संचार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया गया। विशेषकर छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, बिहार के साथ आंध्र प्रदेश (सीमावर्ती इलाके), केरल, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जो इस बदलाव का संकेत है। हालांकि, इस उपलब्धि को अंतिम समाधान मान लेना जल्दबाजी होगी। इतिहास बताता है कि किसी भी विचारधारा को केवल सैन्य कार्रवाई से पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता, जब तक उसके मूल कारणों को संबोधित न किया जाए। यहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यही है कि क्या जल, जंगल और जमीन से जुड़े मुद्दों का स्थायी समाधान हो पाया है? क्या आदिवासी समुदायों को उनके अधिकार पूरी तरह मिल रहे हैं? क्या विकास की प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की गई है? यदि इन सवालों के जवाब संतोषजनक नहीं हैं, तो नक्सलवाद भले ही समाप्त हो जाए, लेकिन असंतोष की नई जमीन तैयार हो सकती है। सरकार के सामने अब असली चुनौती "पोस्ट-नक्सल" दौर को संभालने की है। जिन क्षेत्रों में कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी, वहां अब स्कूलों की घंटियां, खेल के मैदानों की चहल-पहल और रोजगार के अवसरों की उम्मीद सुनाई देनी चाहिए। स्थानीय समुदायों का विश्वास जीतना सबसे बड़ी कुंजी है। यदि उन्हें लगे कि उनकी आवाज सुनी जा रही है और उनके संसाधनों पर उनका अधिकार सुरक्षित है, तभी यह बदलाव स्थायी हो सकेगा। नक्सलवाद के खत्म होने को एक नए भारत की शुरुआत के रूप में देखना चाहिए। जहां सुरक्षा के साथ-साथ न्याय और समानता भी सुनिश्चित हो।



**आर्थिकी**
सतीश सिंह

# महंगाई के बेकाबू होने के आसार

**भारत ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 में संशोधन के बाद 2016 में एफआईटी ढांचे को अपनाया था। फिलहाल, दुनिया के 3 विकसित देशों सहित 26 देशों ने इस व्यवस्था को अपनाया है। इस संकल्पना में मूल्य स्थिरता को मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य बताया गया है। मौजूदा परिदृश्य में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित 4% से 2% अधिक या 2% कम के दायरे को आगामी महीनों में पार कर सकती है और इसकी वजह से रिजर्व बैंक को नीतिगत दरों में इजाफा करना पड़ सकता है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में कमी आ सकती है साथ ही साथ देश की विकास गति भी अवरुद्ध हो सकती है।**

ईरान के अमेरिका और इजराइल के साथ चल रहे संघर्ष के बावजूद सरकार ने 25 मार्च को तय किया कि महंगाई की सीमा 4% से 2% अधिक या 2% कम रहेगी। हालांकि, मौजूदा परिदृश्य में इस लक्ष्य को हासिल करना सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के लिए आसान नहीं होगा। बहरहाल, यह अधिसूचना, अर्थात लचीला मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण (एफआईटी) ढांचा, 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक प्रभावी रहेगा। उल्लेखनीय है कि इस ढांचे को 1 अक्टूबर 2016 में लागू किया गया था। इस ढांचे की हर 5 वर्षों में समीक्षा की जाती है।

पिछली बार इसे मार्च 2021 से मार्च 2026 तक के लिए लागू किया गया था। भारत ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 में संशोधन के बाद 2016 में एफआईटी ढांचे को अपनाया था। फिलहाल, दुनिया के 3 विकसित देशों सहित 26 देशों ने इस व्यवस्था को अपनाया है। इस संकल्पना में मूल्य स्थिरता को मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य बताया गया है। साथ ही, इस व्यवस्था के अंतर्गत मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की स्थापना की गई थी, जिसमें रिजर्व बैंक के तीन अधिकारी और तीन बाहरी सदस्य होते हैं और मौद्रिक नीति की ब्याज दर को मतदान के बहुमत से तय करते हैं। तत्पश्चात, रिजर्व बैंक मौद्रिक समीक्षा के फैसले की घोषणा करता है। महंगाई का स्तर मांग और आपूर्ति के संतुलन पर निर्भर करता है। जब लोगों के पास अधिक पैसा होता है तो वे अधिक वस्तुएं खरीदते हैं, जिससे मांग बढ़ती है। यदि आपूर्ति मांग के अनुरूप नहीं है तो कीमतें बढ़ेंगी। इसके विपरीत, जब मांग कम होती है और आपूर्ति अधिक होती है तो महंगाई घट जाती है। वर्तमान में युद्ध के कारण, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें तेज़ी से बढ़ रही हैं, जिसके कारण भारत में भी पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। इनकी कीमतों में और वृद्धि हो सकती है क्योंकि भारत अपने आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा रूस, इराक, सऊदी अरब, अमेरिका, यूएई, कतर, रूस, ऑस्ट्रेलिया आदि से आयात करता है और वर्तमान में इन देशों से भारत में आपूर्ति सामान्य नहीं है। सरकार और रिजर्व बैंक ने महंगाई की निर्धारित सीमा को बनाए रखने का निर्णय लिया है। यह मानते हुए कि आधार वर्ष में बदलाव से इस सीमा पर कोई दबाव नहीं पड़ेगा और यह निर्धारित स्तर पर कायम रहेगी। 12 फरवरी से सरकार ने महंगाई का मापन आधार वर्ष 2012 से बदलकर 2024 कर दिया है। इस नए आधार वर्ष में कई पुरानी वस्तुओं को उनकी अप्रासंगिकता के कारण हटा दिया गया है, और नई वस्तुओं को जोड़ा गया है। साथ ही, खाद्य वस्तुओं का भार घटाया गया है और कुछ गैर-खाद्य वस्तुओं का भार जोड़ दिया गया है, जिनका आमतौर पर महंगाई पर प्रभाव पड़ता है। अभी सामान्यतः महंगाई में वृद्धि का कारण खाद्य कीमतों का बढ़ना माना जाता है, लेकिन नए आधार में खाद्य पदार्थों का भार महंगाई के मामले में कम कर दिया गया है। इसलिए, यह माना जा रहा है कि लंबे समय तक युद्ध के चलते महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित सीमा 4% से 2% अधिक या 2% कम के स्तर पर अक्षुण्ण बनी रहेगी। मुद्रास्फीति को मापने के लिए ऐसी वस्तुएं और सेवाएं चुनी जाती हैं, जो इसकी वृद्धि में सबसे अधिक योगदान देती हैं। इन वस्तुओं को




उनके महत्व के आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में वज़न दिया जाता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) हर माह खुदरा महंगाई का आकलन सीपीआई सूचकांक से करता है, जिसमें वे वस्तुएं और सेवाएं शामिल हैं, जिनका रोज़मर्रा के जीवन में अधिक उपयोग होता है, जैसे कि खाद्य, वस्त्र, आवास, ईंधन और स्वास्थ्य सेवाएं।

नए आधार वर्ष के अंतर्गत ऐसी वस्तुएं और सेवाएं भी जोड़ी गई हैं, जिन पर अब लोग अधिक खर्च कर रहे हैं, जैसे कि स्मार्टफ़ोन, इंटरनेट, ईयरफोन, फिटनेस बैंड जैसे उपकरण हमारे जीवन का हिस्सा बन गए हैं, जबकि पहले इनका उपयोग सीमित था। साथ ही, अब नेटफ्लिक्स, जियो हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसी ओटीटी सेवाएं, ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म, हवाई टिकट, ऐप आधारित टैक्सी सेवाएं, ऑनलाइन सेवाएं, शॉपिंग की कीमतें, और ग्रामीण इलाकों में मकान के किराए को भी सूचकांक में शामिल किया गया है। अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने के बाद भारत में नायरा एनर्जी ने पेट्रोल की कीमत में 5 रुपये प्रति लीटर और डीजल में 3 रुपये प्रति लीटर वृद्धि की है। वहीं, होटल-रेस्टोरेंट ग्राहक से सरकारी टैक्स के साथ एलपीजी चार्ज भी वसूल कर रहे हैं। हालांकि सरकार ने इस पर रोक लगाई है, लेकिन जमीनी स्तर पर इस रोक का कोई प्रभाव नहीं दिख रहा है। महंगाई को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10-10 रुपये की कटौती की है। पेट्रोल पर ड्यूटी 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपये कर दी गई है, जबकि डीजल पर 10 रुपये से शून्य कर दी गई है, ताकि पेट्रोल और डीजल की कीमतें न बढ़ें।

अमेरिका और इजराइल के साथ ईरान की जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर से बढ़कर 110 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। इससे तेल कंपनियों को 30 रुपये प्रति लीटर तक घाटा हो रहा है, जिसे तेल कम्पनियां जल्द ही आमजन पर डाल देंगी। आमतौर पर जब तेल की कीमत बढ़ती है तो परिवहन की लागत बढ़ती है, साथ ही वस्तुओं की कीमत में भी इजाफा होता है। हालांकि, जानकारों के अनुसार सरकार द्वारा एक्साइज ड्यूटी में कटौती केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में आगामी चुनावों के मद्देनजर ली गई है और चुनाव के खत्म होने के तुरंत बाद सरकार एक्साइज ड्यूटी में कटौती को वापस ले सकती है। ईरान, इज़राइल और अमेरिका के मौजूदा रुख से ऐसा लगता है कि हाल फिलहाल में यह जंग रुकने वाली नहीं है और लंबे समय तक इस युद्ध के जारी रहने पर कच्चे तेल के साथ-साथ कई जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला भी बाधित हो सकती है। उल्लेखनीय है कि भारत दैनिक जीवन में इस्तेमाल किए जाने वाली कई वस्तुओं का आयात दूसरे देशों से करता है, इसलिए नए आधार वर्ष में महंगाई की गणना करने वाली वस्तुओं में बदलाव करने के बाद भी महंगाई में अभूतपूर्व इजाफा होने की संभावना है। एक अनुमान के अनुसार भारत में 2026 तक महंगाई दर बढ़कर 4.6% तक पहुँच सकता है, जो पहले 3.9% के आसपास रहने की उम्मीद थी।

यह भारतीय रिजर्व बैंक की स्वीकार्य सीमा के अंदर है, लेकिन रुपया के लगातार कमज़ोर होने से महंगाई पर दबाव और भी बढ़ सकता है। मौजूदा परिदृश्य में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महंगाई सरकार द्वारा निर्धारित 4% से 2% अधिक या 2% कम के दायरे को आगामी महीनों में पार कर सकती है और इसकी वजह से रिजर्व बैंक को नीतिगत दरों में इजाफा करना पड़ सकता है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में कमी आ सकती है साथ ही साथ देश की विकास गति भी अवरुद्ध हो सकती है।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## नई दिशा

ममता कुशवाहा



# डिजिटल युग में जनगणना बदलाव की बुनियाद


भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा को समझने का एक सशक्त माध्यम है। वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना, जो विभिन्न कारणों से विलंबित रही, अब एक नए स्वरूप में आरंभ होने जा रही है। यह जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक है, न केवल इसलिए कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, बल्कि इसलिए भी कि इसमें पहली बार जातीय आंकड़ों को व्यवस्थित रूप से संकलित किया जाएगा। यह पहल भारत के प्रशासनिक ढांचे, नीति-निर्माण और सामाजिक समझ को एक नई दिशा देने की क्षमता रखती है। डिजिटल जनगणना का सबसे बड़ा लाभ इसकी गति और सटीकता में निहित है। पारंपरिक कागज-आधारित प्रणाली में जहां आंकड़ों के संग्रह, संकलन और विश्लेषण में वर्षों लग जाते थे, वहीं डिजिटल माध्यम इस पूरी प्रक्रिया को कहीं अधिक त्वरित और त्रुटिहीन बना सकता है। मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसे उपकरणों के माध्यम से डेटा सीधे केंद्रीय सर्वर पर पहुंचेगा, जिससे मानवीय भूलों की संभावना न्यूनतम हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, यह प्रणाली पारदर्शिता को भी बढ़ाएगी और डेटा के सुरक्षित भंडारण को सुनिश्चित करेगी। इस जनगणना की एक विशेषता यह भी है कि नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

यह न केवल नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रशासनिक बोझ को भी कम करेगा। हालांकि, इसके साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है। लोगों को अपनी जानकारी पूरी ईमानदारी और सावधानी से भरनी होगी, क्योंकि यह डेटा न केवल वर्तमान नीतियों के निर्माण में सहायक होगा, बल्कि भविष्य की योजनाओं की नींव भी बनेगा। जनगणना आयुक्त द्वारा दी गई गोपनीयता की गारंटी इस प्रक्रिया में विश्वास को मजबूत करती है, जिससे लोग बिना किसी भय के अपनी जानकारी साझा कर सकेंगे। जनगणना को दो चरणों में पूरा करने का निर्णय भी एक महत्वपूर्ण बदलाव है। पहले चरण में घरों की सूचीकरण और आवास से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी, जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक पहलुओं का विवरण लिया जाएगा। यह विभाजन न केवल प्रक्रिया को अधिक व्यवस्थित बनाएगा, बल्कि डेटा के विश्लेषण को भी अधिक सटीक और उपयोगी बनाएगा। इससे सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में लक्षित योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आवास। इस जनगणना का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू जातीय आंकड़ों का संकलन है। स्वतंत्र भारत में यह पहली बार होगा, जब जातियों का विस्तृत विवरण एकत्र किया जाएगा। इससे देश की सामाजिक संरचना की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी, जो अब तक केवल अनुमान और अधूरी जानकारी पर आधारित रही है। वर्ष 1931 के बाद से जातिगत जनगणना नहीं हुई है, इसलिए वर्तमान में विभिन्न जातीय समूहों के संख्याबल और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति के बारे में स्पष्ट और प्रमाणिक आंकड़ों का अभाव है। ऐसे में यह जनगणना कई मिथकों और धारणाओं को तोड़ने का कार्य कर सकती है। हालांकि, जातीय जनगणना के साथ कुछ चिंताएं भी जुड़ी हुई हैं। सबसे बड़ी आशंका यह है कि इन आंकड़ों का उपयोग राजनीतिक लाभ के लिए किया जा सकता है।

भारत में पहले से ही जाति आधारित राजनीति का प्रभाव देखा गया है और यदि इन आंकड़ों का दुरुपयोग हुआ तो यह सामाजिक विभाजन को और गहरा कर सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने हितों के अनुसार इन आंकड़ों की व्याख्या कर सकते हैं, जिससे समाज में वैमनस्य और असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसलिए यह आवश्यक है कि सरकार इस दिशा में ठोस नीतिगत उपाय करे, ताकि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग केवल विकास और कल्याणकारी योजनाओं के लिए ही किया जाए। जनगणना का मूल उद्देश्य देश की जनसंख्या की संरचना, उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को समझना है, ताकि प्रभावी नीतियां बनाई जा सकें। यह किसी भी प्रकार के संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति का साधन नहीं होना चाहिए। यदि जनगणना के आंकड़ों का उपयोग सही दिशा में किया जाए, तो यह देश के समग्र विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस दिशा में सरकार, प्रशासन और नागरिकों, तीनों की जिम्मेदारी है कि वे इस प्रक्रिया को सफल बनाएं और इसके उद्देश्यों को सही दिशा में ले जाएं। यदि ऐसा होता है तो यह जनगणना न केवल वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करेगी, बल्कि भविष्य के भारत के निर्माण में भी एक मजबूत आधारशिला साबित होगी।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## भावनाओं को साधता है योग-ध्यान



संकलित
**दर्शन**

जब भी आप क्रोध जैसी किसी भी नकारात्मक भावना को रोकने का प्रयास करते हैं, तो वह और भी ज्यादा तेज हो जाती है। आप जो चीज नहीं चाहते हैं, उसे यदि आप रोकने की कोशिश करते हैं, तो ऐसा ही होता है। वस्तुतः मानव मन की यही प्रकृति है। मन को अपने अनुरूप साधने की प्रणाली योग है। योग की प्रणाली अनुभव के स्तर पर अपने शरीर और मन की प्रकृति का अनुसंधान करती है। जब आप सुबह उठकर आसन करते हैं, तो आप उसे मात्र व्यायाम न समझें। वास्तव में योग यह सुनिश्चित करता है कि आप जीवन से कितनी सहजता से गुजरते हैं, आप अपने शरीर और अपने मन को कितनी गहराई से समझते हैं। यदि आप गाड़ी चलाकर कहीं जा रहे हैं तो यात्रा मंगलमय होने के लिए, दो बातें जरूरी हैं। एक तो गाड़ी का अच्छा होनी चाहिए और दूसरी आपको गाड़ी की समझ हो। आपके शरीर और मन के बारे में योग यही तो सुनिश्चित करता है। यह बड़ी व्यावहारिक बात है, यह कोई आत्मज्ञान नहीं है। अगर आप एक अज्ञानी जीवन भी जीना चाहते हैं, तब भी योग जरूरी है। जब आप आसन करते हैं तो आप अपने शरीर और मन की प्रकृति को खोजते हैं। अगर आप अपनी अंगुलियों को एक खास तरह से चलाते हैं, तो आपका मन उसके मुताबिक काम करता है। आप अपने शरीर से जो कुछ भी करते हैं, उससे आपके मन के साथ भी कुछ होता है। किताब पढ़ने से यह समझ प्राप्त नहीं होगी।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित
**प्रेरणा**

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उसपर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा, और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपए हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूंगा। छः महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गौओं के बाद भैंसे लूंगा और फिर घोड़े ले लूंगा। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊंगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरुपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोमशर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोमशर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूंगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारुंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## सटाका




## आज की पाती

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की अहमियत

भारत और अमरीका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौता (2026) ऐसे समय में उभरकर सामने आया है, जब भारत एक ओर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपनी भागीदारी को विस्तार देने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी ओर अपनी कृषि-आधारित सामाजिक-आर्थिक संरचना की रक्षा करने की अनिवार्य चुनौती का सामना कर रहा है। फरवरी 2026 में घोषित अंतरिम रूपरेखा ने जहां भारतीय निर्यातकों के लिए अमरीकी बाजार में नए अवसरों के द्वार खोले हैं, वहीं सस्ते अमरीकी कृषि उत्पादों के संभावित आयात ने देश के करोड़ों किसानों के बीच चिंता और असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। भारत को ऐसा समझौता करना चाहिए जिससे व्यापार संतुलन ठीक हो जाए। *– चंद्रशेखर शर्मा, कुरुक्षेत्र*

## करंट अफेयर

### 'गेट ऑफ टीयर्स' बन सकता है नया वैश्विक संकट बिंदु

वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार पर पश्चिम एशिया संकट के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य पर पहले से बने दबाव के बीच अब एक और अहम समुद्री मार्ग 'बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य' को लेकर चिंताएं बढ़ने लगी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह जलडमरूमध्य जल्द ही एक नए वैश्विक तनाव केंद्र के रूप में उभर सकता है, जिससे विश्व अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है। 'होर्मुज जलडमरूमध्य' दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस के परिवहन का प्रमुख मार्ग है। ईरान ने खुद पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद इस मार्ग को बंद कर दिया है जिससे वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई है। इसी बीच, विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि अब बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य भी संकट का केंद्र बन सकता है। दरअसल, 28 मार्च को यमन के हूती विद्रोहियों ने इजराइल की ओर मिसाइलें दागीं। यह कदम ईरान-इजराइल संघर्ष शुरू होने के बाद पहली बार उठाया गया है। यमन, बाब अल-मंदेब जलडमरूमध्य के एक किनारे पर स्थित है और हूती पहले भी लाल सागर में जहाजों पर हमले कर चुके हैं, जिससे 2023 और 2024 में समुद्री यातायात बाधित हुआ था।



## ऑफ बीट

### रंगीन चावल क्या वास्तव में स्वास्थ्यवर्धक हैं

चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं – जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह, एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है।सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मगज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है। भूरे चावल में स्वाभाविक रूप से सफेद चावल की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं, जिसमें आहार फाइबर की दोगुनी मात्रा और फोलिक एसिड सहित काफी अधिक मैग्नीशियम, लौह, जस्ता और बी समूह विटामिन शामिल हैं। ब्राउन राइस में पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, यह ऐसे एंटीऑक्सिडेंट हैं, जो शरीर को तनाव से बचाते हैं। इसे अक्सर लंबे अनाज के विकल्प के रूप में बेचा जाता है और इसमें काले और लाल चावल की किस्मों के समान पौष्टिक स्वाद होता है, हालांकि कुछ रसोइयों का सुझाव है कि इसकी बनावट थोड़ी अलग होती फैंसी काला चावल।



## ट्रेंड

### सेमीकंडक्टर उद्योग

भारत का सेमीकंडक्टर उद्योग विभिन्न राज्यों में फल-फूल रहा है, जिससे अनगिनत युवाओं के लिए नए अवसर पैदा हो रहे हैं। इन प्रयासों को और अधिक व्यापक बनाने के लिए हम सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 पर काम कर रहे हैं।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### केरल की नर्सें

लाखों लोगों के लिए, केरल की नर्सें जीवन के सबसे कठिन क्षणों में सहारा और शक्ति का स्रोत हैं। उन्हीं की बदौलत मैं केरल में शांति से चुनाव प्रचार कर पा रहा हूं, यह जानकर कि दिल्ली में मेरी मां की देखभाल उन्हीं की देखरेख में हो रही है।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**



### समान नागरिक संहिता

सत्ता में वापसी के तीन महीने के भीतर हम असम में समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। हमारी बहुआयामी रणनीति में लव जिहाद, लैंड जिहाद, अतिक्रमण और घुसपैठ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी शामिल होगी।
**- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम**



### सीबीआई जांच की मांग

एसीबी अब तक झारखंड शराब घोटाले के किसी भी आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल करने में विफल रही है, जिसके परिणामस्वरूप सभी आरोपियों को डिफॉल्ट बेल मिल गई। इसी विषय को लेकर आज राज्यपाल से मिलकर सीबीआई जांच सुनिश्चित करने का आग्रह किया।
**- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**



**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी भगवा यात्रा नगर में तैयारी जोरों पर

**औबेदुल्लागंज।** नगर में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर नगर में भव्य भगवा यात्रा और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में होने वाले आयोजन में नगरवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। 2 अप्रैल को शाम 5 बजे श्री हनुमान मंदिर (मंडीया) से भगवा यात्रा शुरू होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर बस स्टैंड पर संपन्न होगी। यात्रा के बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजकों ने समस्त ग्रामवासियों एवं नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों को लेकर बैठक आयोजित



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा जिला कार्यालय रायसेन में 6 अप्रैल भाजपा के स्थापना दिवस एवं आगामी कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को समीक्षा आयोजित की। बैठक में मुख्य रूप से औबेदुल्लागंज के भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, महामंत्री माधव यादव और मंडल के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक तेज बहादुर सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

### नगर में एकता लाने नेता कर रहे दौरे



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा नेता वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, माखन सेन, पूर्व पार्षद पदम चौहान, भोजपुर नारी शक्ति अध्यक्ष आरती यादव, गुड्डू यादव, पूजा लोधी आदि कि संगठित टीम ने नगर में एकता लाने के लिए एवं संगठन को मजबूत खड़ा करने के लिए दौरे प्रारंभ किए। इस टीम को जनता का सहयोग मिल रहा है।

### धोखाधड़ी करने वाली महिला को 5 वर्ष के कारावास की सजा

**भोपाल।** धोखाधड़ी कर फर्जी अनुबंध पत्र एवं फर्जी रसीदों के माध्यम से बावड़िया कलां भोपाल में शालिगराम डेवलपर्स के प्रोजेक्टस में 3 प्रकोष्ठ खरीदे जाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने वाली महिला आरोपिया गीतांजलि शितोल को नवम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश आशुतोष शुक्ल ने दोषी ठहराते हुए 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 17000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा अभियुक्त लक्ष्मीनारायण शर्मा को फरार घोषित किया गया है। अभियोजन के अनुसार 24 नवंबर 2012 को फरियादी शालिगराम डेवलपर्स के संचालक की शिकायत पर थाना हबीबगंज द्वारा आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी कर फर्जी अनुबंध पत्र एवं फर्जी रसीदों के माध्यम से बावड़िया कलां भोपाल में शालिगराम डेवलपर्स के प्रोजेक्ट में 3 प्रकोष्ठ खरीदे जाने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी करने पर विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 8349 | | |
| दिन: | 578 | 04 | 446 |
| रात: | 239 | 44 | 590 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 580 | 37 | 467 |
| रात: | 456 | 50 | 235 |

---

# महिला का बैंक खाता हैक कर साइबर जालसाज ने पौने 2 लाख रुपए निकाले, मोबाइल पर मैसेज देख हुआ ठगी का अहसास

**अचानक मोबाइल पर पहले ओटीपी और फिर पैसे निकलने के लगातार मैसेज आने लगे**

*कमलानगर पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर, अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



कमलानगर पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर अज्ञात साइबर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने फरियादिया का बैंक अकाउंट हैक कर दो दिन में अलग-अलग ट्रांजेक्शन कर खाते से एक लाख 74 हजार 162 रुपए निकाल लिए। महिला का कहना है कि उनके मोबाइल पर अचानक ओटीपी आने लगे और कुछ देर बाद खाते से रकम स्थानांतरण के मैसज प्राप्त होने लगे थे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक पलकमति परिसर नेहरू नगर निवासी रश्मि दीक्षित पत्नी प्रशांत दीक्षित (55) गृहणी हैं और बीते आठ-नौ माह से अपने खुद के मकान में परिवार के साथ रह रही हैं। पति प्रशांत दीक्षित हाउसिंग वार्ड में अर्द्ध-शासकीय संस्था में नौकरी करते हैं।

दो दिन में खाते से कुल एक लाख 74 हजार 162 रुपए निकाले

विगत 27 मार्च को रश्मि दीक्षित के मोबाइल में अचानक ओटीपी आने लगे। उसके बाद उनके बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से रुपए कटने के मैसेज प्राप्त होने लगे। शुक्रवार 27 मार्च को 49 हजार, 29 हजार 999 रुपए, 29 हजार 999 और चार हजार रुपए का स्थानांतरण हुआ। वहीं अगले दिन 28 मार्च को 9998.01, 9998.66, 9998.64 और 1169.23 रुपए का स्थानांतरण किया गया। इस प्रकार दो दिन में उनके खाते से कुल एक लाख 74 हजार 162 रुपए की साइबर ठगी की गई। विगत 28 मार्च को फरियादिया रश्मि दीक्षित ने लिखित शिकायती आवेदन डिपो चौराहा स्थित साइबर ऑफिस और बाद में कमलानगर थाने में दिया। जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी साइबर जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## पुलिस की एडवायजरी, अंजान सोर्स फाइल डाउनलोड न करें

### गैस सिलेंडर बुकिंग के नाम पर साइबर ठगी का जाल

**भोपाल।** राजधानी में गैस सिलेंडर बुकिंग के नाम पर हो रही साइबर ठगी के मामलों को देखते हुए साइबर क्राइम ब्रांच ने एडवायजरी जारी कर नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की है। साइबर क्राइम ब्रांच पुलिस के मुताबिक ठग फर्जी कॉल, मैसेज, लिंक और फाइल के जरिए लोगों को निशाना बना रहे हैं और उनसे बैंकिंग जानकारी हासिल कर खातों से रकम उड़ा रहे हैं।

पुलिस की एडवायजरी में स्पष्ट किया गया है कि गैस सिलेंडर की बुकिंग केवल अधिकृत वेबसाइट, आधिकारिक मोबाइल एप या ग्राहक सेवा नंबर के माध्यम से ही करें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें और अनजान स्त्रोत से भेजी गई फाइल कभी डाउनलोड न करें, क्योंकि इससे मोबाइल हैक होने का खतरा रहता है।

### बैंक डिटेल या पासवर्ड साझा न करें

पुलिस ने यह भी चेतावनी दी है कि किसी भी कॉल या संदेश के माध्यम से बैंक डिटेल या पासवर्ड साझा न करें। ऐसे मामलों में ठग खुद को गैस एजेंसी का कर्मचारी बताकर भरोसा जीतने की कोशिश करते हैं। यदि किसी को संदिग्ध कॉल या मैसेज प्राप्त होता है, तो तुरंत अपनी गैस एजेंसी और साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर सूचना दें। इसके अलावा मोबाइल में केवल भरोसेमंद ऐप ही इंस्टॉल करें और उन्हें हमेशा प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से ही डाउनलोड करें।

---

**हमले के बाद युवक का हमीदिया अस्पताल में चल रहा इलाज, हालत गंभीर**

# घूरने की बात पर 6 लोगों ने युवक पर चाकू से किया हमला, पेट और हाथ में किए तीन वार

*आरोपी हमला करने के बाद मौके से हुए फरार, गौतम नगर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



रंभा नगर में सोमवार देर रात घूरने के विवाद में 6 लोगों ने मिलकर एक युवक की जमकर पिटाई की। उसके पेट और हाथ में चाकू से तीन वार किए गए। इससे युवक को गंभीर चोट आई है। हमीदिया अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौतम नगर थाना पुलिस के मुताबिक गुलफाम पुत्र मोहम्मद जुबैर (31) रंभा नगर थाना गौतम नगर इलाके में रहता है। वह बागफरहत अफजा में लेडीज टेलर की दुकान चलाता है। रंभा नगर में साजिद मौलाना और शाहजाद मौलाना रहते हैं। रविवार की रात को साजिद के घर के करीब ही गुलफाम एक टॉन एन्ड टाउन में खड़ा था।

### घर के करीब रोककर पीटा

साजिद ने उसे कहा कि तू घूरता क्यों है, इस बात का गुलफाम ने विरोध किया और दोनों के बीच बहस हो गई। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात को गुलफाम घर जा रहा था। तभी साजिद और उसके बेटे ने दोबारा उसे घूरने की बात पर घर के करीब रोका और पीटना शुरू कर दिया। यह देखकर पड़ोस में रहने वाला साजिद का भाई शाहजाद उसका बेटा, साहिल बच्चा और बिलाल बच्चा ने भी उसे पीटा।

### लहूलुहान हालत में छोड़कर भागे आरोपी

साहिल और बिलाल ने चाकू से गुलफाम पर वार किए, जिससे उसे गंभीर चोट आई, इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों ने घायल गुलफाम को अस्पताल पहुंचाया। जहां से पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### इनामी हिस्ट्रीशीटर जीतू यादव महाराष्ट्र के जलगांव से गिरफ्तार

हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश जीतू यादव को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। जलगांव से हुई इस गिरफ्तारी के बाद भोपाल पुलिस उसे ट्रांजिट में लेकर राजधानी ला रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी पर कुल 40 हजार रुपए का इनाम घोषित था, जो दो अलग-अलग मामलों में रखा गया था। 2 जनवरी 2026 को दो गुटों के बीच हुए खूनी संघर्ष में जीतू यादव मुख्य आरोपियों में शामिल था। इस मामले में दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज किया गया था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था। फरारी के दौरान उसके खिलाफ कजलीखेड़ा और कोलार थाना क्षेत्रों में भी आपराधिक मामले दर्ज किए गए। कोलार थाना पुलिस ने लगातार तलाश और तकनीकी निगरानी के जरिए आरोपी की लोकेशन ट्रेस की और जलगांव में दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। अब उसे भोपाल लाकर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के बाद अन्य मामलों में भी महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं।

**मशीन में लगा था कटा हुआ तार**

## करंट लगने से मजदूर की मौत, मार्बल घिसाई करते समय हुआ हादसा



सोनू वर्मा

कोहेफिजा इलाके में मार्बल की घिसाई करते समय एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पीएम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है।

सोनू वर्मा पुत्र पूरन सिंह वर्मा (25) मूलरूप से राजगढ़ का रहने वाला था। फिलहाल भोपाल की भानपुर मल्टी में किराए से रहता था। भोपाल में ही मार्बल घिसने वाली मशीन की आपरेटिंग का जॉब करता था। लालघाटी में उसकी साइट चल रही है।

### साथी ने देखा बेसुध पड़ा था सोनू

मंगलवार की दोपहर को साइट पर मार्बल क्लिनिंग का काम कर रहा था। इसी दौरान उसे कटे हुए तार से करंट लग गया। इससे उसकी मौत हो गई। काफी देर तक जब मशीन चलने की आवाज नहीं आई तो साथी उसे चेक करने पहुंचा। जहां सोनू जमीन पर बेसुध हालत में मिला। तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## अशोका गार्डन हत्या प्रकरण में मंत्री सारंग ने लिया सख्त एक्शन

*पीड़ित परिवार से की भेंट, बोले-दोषियों के अवैध निर्माणों पर चलेगा बुल्डोजर*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



भोपाल के अशोका गार्डन क्षेत्र में होटल संचालक विजय मेवाड़ा की दुखद हत्या के मामले को लेकर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने संज्ञान लेते हुए दोषियों पर जल्द से जल्द कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री सारंग ने मंगलवार को पीड़ित परिवार से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस जघन्य अपराध में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और कानून के तहत कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि भविष्य में कोई ऐसी हिमाकत न कर पाए। मंत्री सारंग ने पुलिस अधिकारियों को दोषियों के अवैध निर्माणों पर बुल्डोजर की कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। मंत्री सारंग ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र के सभी बदमाशों और असामाजिक तत्वों को तत्काल चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के अवैध निर्माणों पर बुल्डोजर की कार्रवाई करने तथा पूरे क्षेत्र में डोर-टू-डोर सर्च अभियान चलाकर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

### बेटियों की पढ़ाई का उठाया जिम्मा

पीड़ित परिवार को राहत प्रदान करते हुए मंत्री सारंग ने मृतक विजय मेवाड़ा की दोनों बेटियों की शिक्षा का संपूर्ण खर्च उठाने की घोषणा की। साथ ही, दोनों बेटियों के नाम 50-50 हजार रुपए की फिक्स्ड डिपॉजिट कराने की बात कही। इसके अतिरिक्त उन्होंने दिवंगत की पत्नी को उपयुक्त रोजगार उपलब्ध कराने हेतु भी आश्वासन दिया। मंत्री सारंग के साथ मौके पर एडिशनल सीपी अवधेश गोस्वामी, एडिशनल डीसीपी जोन 1 रश्मि अग्रवाल, एसीपी हबीबगंज उमेश तिवारी सहित टीआई अशोका गार्डन अनुराग लाल मौजूद रहे।

### 24 घंटे में दो आरोपी गिरफ्तार मुख्य आरोपी की तलाश जारी

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी की तलाश अभी जारी है। 30 मार्च की रात करीब 1:30 बजे विजय मेवाड़ा अपने कर्मचारी कृष्णा लोधी को प्रगति नगर छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में आसिफ उर्फ बम, फरमान उर्फ आरिस और इमरान उर्फ ब्रावो से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने पहले मारपीट की और फिर आसिफ ने चाकू से विजय मेवाड़ा के पेट और कमर में वार कर दिया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

---

**एमपी नगर में युवतियों के बीच मारपीट का मामला**

## वायरल वीडियो के बाद युवतियों का बयान, 'दोस्ती में हुआ छोटा झगड़ा'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के एमपी नगर इलाके में 28 मार्च की रात हुए हाई-वोल्टेज ड्रामे ने अब नया मोड़ ले लिया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद मारपीट में शामिल चारों युवतियों ने सामने आकर सफाई दी है। उनका कहना है कि यह कोई गंभीर विवाद नहीं, बल्कि दोस्तों के बीच हुआ मामूली झगड़ा था।

युवतियों के मुताबिक 28 मार्च को उनकी दोस्त शिवालिका का जन्मदिन था, जिसे सेलिब्रेट करने के बाद वे देर रात ड्रैगन हॉर्स क्लब के बाहर पहुंचीं। इसी दौरान आपसी कहासुनी बढ़ गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। घटना रात करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है, जब सड़क पर यह पूरा वाकया हुआ। वीडियो वायरल होने के बाद युवतियों ने आरोप लगाया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बिना अनुमति उनका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर फैला दिया। उनका कहना है



फाइल फोटो

कि इस वजह से उनकी छवि खराब हो रही है और परिवार भी परेशान है। युवतियों ने इसे उनकी बदनामी की साजिश बताया है। महत्वपूर्ण बात यह है कि चारों युवतियों ने साफ किया है कि वे इस मामले में किसी तरह की पुलिस कार्रवाई नहीं चाहतीं। उनका कहना है कि यह निजी विवाद था, जिसे अब सुलझा लिया गया है।

## व्यापार महासंघ में कानाफूसी अंदरुनी हलचल की चर्चा

**औबेदुल्लागंज।** नगर के व्यापार महासंघ में इन दिनों अंदरूनी हलचल और कानाफूसी का दौर तेज हो गया है। महासंघ से जुड़े व्यापारियों के बीच संगठन की कार्यप्रणाली, नेतृत्व और भविष्य की रणनीति को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। सूत्रों के अनुसार, कुछ व्यापारी महासंघ की वर्तमान कार्यशैली से असंतुष्ट नजर आ रहे हैं, जबकि कुछ पदाधिकारियों के बीच आपसी मतभेद की भी चर्चा है। हालांकि, इस विषय पर कोई भी पदाधिकारी खुलकर सामने नहीं आ रहा है, लेकिन बंद कमरों में बैठकों और चर्चाओं का दौर जारी है।

व्यापार संघ के सचिव प्रदीप अरोरा आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर की गुप्त चर्चा ने माहौल को गर्म कर दिया है। बताया जा रहा है कि आने वाले समय में महासंघ में बदलाव या नई रणनीति को लेकर बड़ा निर्णय लिया जा सकता है। व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष विवेक मित्तल, विजय जैन, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, रवि कमल, दिलीप मित्तल, श्याम मालवीय, शंकर सेठी, गिरीश चावला आदि की काना फूसी की चर्चाएं जोरों पर है। कुछ व्यापारी संगठन को मजबूत करने और एकजुटता बनाए रखने की बात भी कर रहे हैं। राजू भाई पटेल, दिनेश सेन, रमेश वासवानी, रतन मेघानी, अमित राय, मनोज मेघानी, सिद्धार्थ मित्तल, देवेंद्र सिंह राजू आदि नगर के व्यापारियों की नजर अब महासंघ की आगामी बैठकों और फैसलों पर टिकी हुई है, जिससे स्थिति साफ हो सके।

## नगर में अतिक्रमण हटाने के बाद भी नहीं हुआ विकास, 300 दुकानदार परेशान

**पार्षद राजेश खटीक ने नगर परिषद पर लगाए गंभीर आरोप**

*नगर परिषद ने एक साल पहले की थी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



राजेश खटीक

नगर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के एक वर्ष बाद भी विकास कार्य धरातल पर नजर नहीं आ रहा हैं। क्षेत्र के छोटे दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि कई व्यापारी आज भी अस्थायी पन्नी डालकर दुकानें चलाने को मजबूर हैं, जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण मुश्किल से हो पा रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने के समय उन्हें आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही व्यवस्थित दुकानें और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

पार्षद राजेश खटीक ने नगर पंचायत पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि परिषद में भ्रष्टाचार के कारण विकास कार्य ठप हैं और जनता के साथ छलावा किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा के कुछ पार्षद भी परिषद के कार्यों से नाराज हैं। दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द स्थायी व्यवस्थाएं कर उन्हें राहत दी जाए, ताकि वे सम्मानपूर्वक अपना व्यवसाय चला सकें। पार्षद राजेश खटीक ने बताया कि नगर परिषद में ठेकेदारों से खुलेआम कमीशन मांगा जाता है और कहते हैं कि कमीशन हमें ऊपर तक पहुंचना है, इसीलिए नगर का विकास ठप है।

---

**पिछले साल की अपेक्षा इस साल 42 करोड़ के बचत का रहा बजट**

# नगर पालिका का आम बजट 165 करोड़ रुपए का पारित संपत्ति कर और कचरा शुल्क में 10-10 प्रतिशत की वृद्धि

**नपा ने पेयजल में कोई भी अतिरिक्त शुल्क नहीं जोड़ा**

**तालाब, चमड़े और हड्डी का सालाना ठेका समेत 14 प्रस्ताव को मंजूरी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

मंडीदीप नगर पालिका का वर्ष 26-27 का आम बजट सर्वसम्मति के साथ पास किया गया, जिसमें संपत्ति कर और कचरा शुल्क में दस-दस प्रतिशत की वृद्धि की गई। नगर पालिका के द्वारा पिछले बजट के मुकाबले ये बजट 42 करोड़ के बचत का रहा। नपा के द्वारा पेयजल में कोई भी अतिरिक्त शुल्क नहीं जोड़ा गया। वहीं मुख्य रूप से तालाब के लिए सालाना ठेका, चमड़े एवं हड्डी का सालाना ठेका, समेत 14 ऐसे प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली जो नपा के खजाना भरने में मील का पत्थर साबित होगा।

### पुराना 14 करोड़ बकाया वसूली में नपा बरत रही ढिलाई

नागरिकों को आवश्यक पानी, गुणवत्ता पूर्ण सड़कें और साफ-सफाई में अब तक नाकाम नगर पालिका परिषद द्वारा लगातार तीसरे वर्ष कर की वृद्धि की गई है। नपा सूत्रों के अनुसार, यह कदम संस्था की माली हालत सुधारने के लिए उठाया गया हालांकि, इसके उलट नपा पुराने बकायों की वसूली में नाकाम दिख रही है। सूत्र बताते हैं कि नपा पर करीब 14 करोड़ रुपए का पुराना बकाया लंबित है, जिसे वसूलने के लिए कोई ठोस प्रयास नजर नहीं आ रहे हैं।

### करो में वृद्धि पर स्थानीय स्तर पर विरोध शुरू

करों में प्रस्तावित वृद्धि की भनक लगते ही स्थानीय स्तर पर विरोध शुरू हो गया। रहवासियों का कहना है कि वर्तमान परिषद के तीन वर्षों के कार्यकाल में कुप्रबंधन के कारण शहर में अव्यवस्थाएं बढ़ गई हैं। सड़कें खस्ताहाल हैं, पानी की आपूर्ति नियमित नहीं है, साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी बनी हुई है। ऐसे में करों में वृद्धि लोगों को बेमानी नजर आ रही है। कांग्रेश के दशरथ मीणा का तर्क है कि पहले मौजूदा सुविधाओं में सुधार किया जाए, उसके बाद ही कर में बढ़ोत्तरी होती तो जनता को कुछ राहत मिलती।

### जनता के हित में है बजट

नगर पालिका का बजट पूरी तरह से जनता के हित के लिए बनाया गया है। कुछ कर जैसे संपत्ति एवं सफाई शुल्क कही न कही इस लिए बढ़ाए हैं, देश में वैश्विक कीमतों के उछाल से बजट के दरों में फर्क आता है, लेकिन नगर में चल रहे करोड़ों के परियोजना के लिए ये बजट मील का पत्थर साबित होगा।

**प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल**
नपा अध्यक्ष, मंडीदीप

## भगवान हनुमानजी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू

**मूर्ति स्थापना के बाद दो अप्रैल हो होगा भंडारा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

हिरानियां क्षेत्र रेलवे फाटक के पास अर्जुन नगर में भगवान हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम विधि-विधान से आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को देव प्रतिष्ठा से जुड़े विशेष अनुष्ठान किए गए। बुधवार को हनुमान जी की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया जाएगा।

मुख्य आयोजन 2 अप्रैल को होगा। विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। उसके बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 3 अप्रैल को पूजन एवं महाप्रसादी के साथ होगा। कार्यक्रम के आयोजक राजेंद्र गुड्डू साहू, पंचू पाण्डेय, अंकित कहार, भगवान दास लोधी, मुकेश कहार, शुभम सेन, अजय साहू, सुमित साहू, त्रिवेणी जायसवाल, नरेंद्र नागर, हरिओम खत्री, रुपेश लोधी, गंगाराम साहू, राकेश कहार आदि ने लोगों से धर्म लाभ लेने की अपील की है।



# ध्रुव, शिव वास, हस्त और चित्रा नक्षत्र में कल मनाई जाएगी हनुमान जयंती

## राजधानी में एक दर्जन जगहों पर निकाली जाएगी शोभायात्रा, मंदिरों में आज से शुरू होंगे रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि 2 अप्रैल गुरुवार के दिन हनुमान जयंती ध्रुव, शिव वास, हस्त और चित्रा नक्षत्र में मनाई जाएगी। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 85 लाख 58वें हजार पहले 113 साल पहले हनुमान जी का जन्म चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि में हुआ था। इस योग में हनुमान आराधना सुख, समृद्धि और ग्रहों की अनुकूलता के लिए विशेष मानी गई है। इस बार पूर्णिमा तिथि एक अप्रैल को ही लग जाएगी और दूसरे दिन दो अप्रैल तक रहेगी। दो अप्रैल को उदया तिथि होने के कारण इसी दिन हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। हालांकि जन्मोत्सव के आयोजन दो दिन भी किए जाएंगे। राजधानी भोपाल में मंगलवार से रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ सहित अन्य कार्यक्रमों की शुरुआत हो जाएगी। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया चैत्र पूर्णिमा पर ध्रुव योग एवं शिववास योग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही हस्त और चित्रा नक्षत्र का दुर्लभ संयोग भी बन रहा है।


न्यू मार्केट के खेड़ापति मंदिर में सजावट की जा रही है।

### मिसरोद स्टेशन के खेड़ापति मंदिर में होंगे कार्यक्रम



**भोपाल।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीराम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर खेड़ापति हनुमान मंदिर रेलवे स्टेशन मिसरोद पर हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी, 7 बजे हनुमान जी का अभिषेक एवं आरती, 9 बजे - महिला मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड, 11 बजे कन्या भोज एवं 12 बजे से भंडारा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

### गुफा मंदिर में होगा सहस्त्रधारा अभिषेक

गुफा मंदिर में सुबह वैदिक ब्राह्मणों द्वारा श्री हनुमान जी का सहस्त्रधारा अभिषेक सिंदूर चोला अर्पण कर पूजन होगी, तो वहीं वहां पर पूजन कर श्री बूढ़े हनुमान महाराज जी की महाआरती होगी। इसके बाद सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ होगा तथा प्रसादी वितरण किया जायेगा।

### शीतला माता में होगा संगीतमय सुंदरकांड पाठ

शीतला माता शापिंग सेंटर टीला जमालपुरा में श्री हनुमान जन्मोत्सव के तहत विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पुजारी श्रीहरि जोशी ने बताया कि मंदिर के मुख्य पुजारी विष्णुकांत जोशी के मार्गदर्शन में संगीतमय सुंदरकांड व शाम सात बजे से भंडारे का आयोजन होगा। इस दौरान भगवान को अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा।

### ये राजधानी के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर

- **मरघटिया हनुमान**... जिस स्थान पर मंदिर है वहां पहले कभी मरघट हुआ करता था। यहां दर्शन करने से लोगों के मन से भय दूर होता है।
- **खेड़ापति हनुमान**... छोला दशहरा मैदान में 306 साल से भी ज्यादा पुराना खेड़ापति हनुमान मंदिर है।
- **श्रीजी हनुमान 1100 क्वार्टर हनुमान मंदिर**... भगवान की बाल स्वरूप में पूजा होती है,यह मंदिर काफी प्राचीन है। हनुमानलला का यह दक्षिण मुखी मंदिर है। यहां पर अधिकांश आईपीएस, आईएएस सहित अन्य गणमान्य लोग भगवान के दर्शन के लिए पहुंचते है।

### चोला चढ़ाने वाले की हर मनोकामना होगी पूरी

पंडित रामजीवन दुबे बताया कि हनुमान भगवान को चोला चढ़ाने को लेकर कथा प्रचलित है। इसके अनुसार हनुमान जी ने सीता माता को मांग भरते देखा तो प्रश्न किया मां आप क्या कर रही हैं। सीता जी ने कहा मांग में सिंदूर भरने से स्वामी की लंबी आयु होती है, यह सुनते ही पूरा डिब्बा सिंदूर का अपने सर पर डाल लिया सीता जी ने अजर अमर का वरदान दिया। कलयुग में सशरीर देवता आप रहेंगे। इसके चलते ही जो भी भक्त हनुमान भगवान को चोला चढ़ाने वाले की हर मनोकामना पूर्ण होगी।

### हनुमान मंदिरों में होंगे कार्यक्रम

राजधानी में हनुमान जयंती को लेकर विभिन्न मंदिरों में साज-सजावट सहित अन्य तैयारियां पूरी हो गई है। अखंड रामायण पाठ, भंडारे और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। कई स्थानों से शोभायात्राएं भी निकाली जाएंगी। खेड़ापति हनुमान मंदिर न्यू मार्केट अखंड रामायण पाठ किया जाएगा। इसी तरह भवानी चौक मां कर्फ्यू वाली माता मंदिर पर महाआरती जाएगी। कटार हिल्स में प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में भी अखंड रामायण पाठ किया जाएगा।

### ...अप्रैल माह में रहेगी तीज-त्योहारों की धूम

## हनुमान जयंती, विकट संकष्टी चतुर्थी व वैशाख माह का होगा शुभारंभ

**भोपाल।** अप्रैल का शुभारंभ मंगलवार के साथ होने जा रहा है। इस माह में हनुमान जयंती और चैत्र पूर्णिमा व्रत, वैशाख माह का आरंभ, विकट संकष्टी चतुर्थी सहित कई बड़े तीज-त्योहार रहेंगे। यह महीना आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। अप्रैल मास में चैत्र मास का समापन और वैशाख मास की शुरूआत होगी। इससे यह समय पूजा-पाठ, साधना और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए विशेष रूप से श्रेष्ठ बन जाएगा। माँ चामुण्डा दरबाद के पुजारी गुरू पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि इस माह में घर-घर में पूजा, व्रत, जप और धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रहेगी। इस दौरान कई बड़े व्रत और त्योहार पड़ेंगे। साथ ही इसी महीने से लग्न और शुभ काम व विवाह मुहूर्त रहेंगे। हनुमान जयंती, अक्षय तृतीया और मोहिनी एकादशी जैसे बड़े पर्व रहेंगे। श्रद्धालु इस दौरान अलग-अलग व्रत रखकर, पूजा-पाठ और दान-पुण्य करके अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करेंगे।

### इस माह रहेंगे यह तीज-त्यौहार

- 2 अप्रैल गुरुवारः हनुमान जयंती और चैत्र पूर्णिमा व्रत.
- 3 अप्रैल शुक्रवारः वैशाख माह का आरंभ.
- 5 अप्रैल रविवारः विकट संकष्टी चतुर्थी.
- 9 अप्रैल गुरुवारः मासिक कृष्ण जन्माष्टमी.
- 10 अप्रैल शुक्रवारः कालाष्टमी.
- 13 अप्रैल सोमवारः वरुथिनी एकादशी.
- 15 अप्रैल बुधवारः मासिक शिवरात्रि और प्रदोष व्रत (बुध).
- 17 अप्रैल शुक्रवारः वैशाख अमावस्या.
- 19 अप्रैल रविवारः लग्न की शुरूआत.
- 20 अप्रैल सोमवारः अक्षय तृतीया और परशुराम जयंती.
- 23 अप्रैल गुरुवारः गंगा सप्तमी.
- 24 अप्रैल शुक्रवारः बगलामुखी जयंती
- 25 अप्रैल शनिवारः सीता नवमी.
- 27 अप्रैल सोमवारः मोहिनी एकादशी, सिद्धिलक्ष्मी जयंती
- 28 अप्रैल मंगलवारः प्रदोष व्रत (भौम) और परशुराम द्वादशी
- 30 अप्रैल गुरुवारः नृसिंह जयंती

### खबर संक्षेप

#### कर्मचारी सेवानिवृत्त, अपर आयुक्त ने किया सम्मान



**भोपाल।** नगर निगम में कार्यरत 40 कर्मचारी मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। आईएसबीटी स्थित निगम कार्यालय में अपर आयुक्त हर्षित तिवारी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल से सम्मान किया व उन्हें विदाई दी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष एस नजीर अहमद, राम सिंह राठौर, डॉ. शमीम कुरैशी सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी व अन्य कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।


#### बीयू: 2 अप्रैल सुबह 10 तक एमपीऑनलाइन की सेवाएं बंद रहेंगी



**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने अपने सभी छात्र-छात्राओं सहित नागरिकों और कियोस्क संचालकों को सूचित किया है कि वित्त वर्ष 2025-26 की फायनेंशियल क्लोजिंग के कारण एमपीऑनलाइन पोर्टल और इसके सभी सब-डोमेन की सेवाएं दिनांक 31 मार्च 2026 को रात 11.50 बजे से 2 अप्रैल, 2026 को प्रातः 10 बजे तक बंद रहेंगी। इस दौरान किसी भी प्रकार की सेवा अथवा ट्रांजैक्शन उपलब्ध नहीं हो पाएगा। इस लिए विवि प्रशासन ने सभी से कहा है कि अपने आवश्यक कार्य निर्धारित समय से पूर्व पूर्ण कर लें।

#### वरिष्ठ पत्रकार पुष्कर भाटी का निधन

**भोपाल।** स्वर्गीय चंदन सिंह भाटी के पुत्र और वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र गगन व मोहन भाटी के छोटे भाई



पुष्कर भाटी का मंगलवार को अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। 64 वर्षीय पुष्कर भाटी पिछले कुछ माह से बीमार चल रहे थे। गंभीर स्थिति के कारण अस्पताल में उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। सोमवार से उनकी हालत काफी नाजुक बनी हुई थी। श्री भाटी के परिवार में धर्मपत्नी, दो पुत्रियां व उनका परिवार और बेटा हैं। भाटी की अंतिम यात्रा आज शिवाजी नगर स्थित आवास से निकली तथा सुभाष नगर विश्राम घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र इंद्रनील भाटी ने दी। अंतिम संस्कर में पुष्कर भाटी के मित्र, पत्रकार, शुभचिंतक और परिजन उपस्थित थे। बाद में हुई शोकसभा में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

### भोपाल-सिंगरौली में आज लगाया गया एलएचबी कोच, तो मई से श्रीधाम एक्सप्रेस में लगेगा

# भोपाल से गुजरने वाली पांच जोड़ी ट्रेनों में दो माह में लगाए कोच, सुरक्षा में बेजोड़


फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मंडल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए लंबी दूरी की 5 जोड़ी यानी 10 ट्रेनों के कोच बदलाव किए जा रहे है। अब पुराने कोच की बजाए इन ट्रेनों में एलएचबी कोच लगाए गए है। एक दिन पहले 30 मार्च को जहां नर्मदा एक्सप्रेस में एलएचबी कोच जोड़ा गया। तो वहीं मंगलवार से भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस में यह कोच लगा दिया गया है। इसके अलावा मई माह से श्रीधाम एक्सप्रेस के यात्रियों का सफर आरामदायक होगा।

उसके पहले भोपाल मंडल की ओर भोपाल-खजुराहो महामना एक्सप्रेस और रानी कमलापति-आधारताल एक्सप्रेस से पारंपरिक आईसीएफ कोच को हटाकर आधुनिक एलएचबी रैक लगाया गया था। भोपाल मंडल के अधिकारियों के अनुसार भोपाल से गुजरने वाली करीब 90 फीसदी ट्रेनें एलएचबी कोच से संचालित होने लगी है। रेल प्रशासन यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने का लगातार प्रयास में जुटा रहता है। इसी के चलते ट्रेनों के कोच को एलएचबी कोचों से रिप्लेस किया जा रहा है।

#### सुरक्षा और रफ्तार में बेजोड़

एलएचबी कोच के साथ ट्रेन के संचालन से रफ्तार बढ़ाने में भी मदद मिलती है। सुरक्षा के लिहाज से भी ये बेहतर है। कोच में एंटी-क्लाइम्बिंग जैसी विशेषताएं होती हैं, ताकि टकराव की स्थिति में कोच एक-दूसरे पर न चढ़ सके। भोपाल रेलवे स्टेशन से रोजाना 140 ट्रेनों का आवागमन होता है। इनमें से लगभग 90 प्रतिशत गाड़ियां अब जर्मन तकनीक के एलएचबी कोच वाले रैक से संचालित हो रही हैं। भोपाल से खजुराहो, सिंगरौली और बिलासपुर की ओर चलने वाली प्रमुख ट्रेनों में भी एलएचबी कोच लगाए जा रहे हैं। इससे यात्रियों के यात्रा समय में 45 मिनट से लेकर 1.15 घंटे तक की बचत होगी।

#### आरकेएमपी पर मेंटेनेंस सुविधाः

एक बड़ी राहत यह भी है कि रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर एलएचबी कोचों के मेंटेनेंस की सुविधा उपलब्ध है। इससे रैक की उपलब्धता बनी रहेगी और ट्रेनों के संचालन में किसी तरह की देरी नहीं होगी।

#### फरवरी माह में इन कोचों में लगाए गए

22163/22164 भोपाल-खजुराहो महामना एक्सप्रेस
22187/22188 रानी कमलापति-आधारताल

#### इस माह इन ट्रेनों

नर्मदा एक्सप्रेस 30 मार्च को जोड़ा गया
भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस 31 मार्च से एलएचबी कोच से संचालित होनी लगी।

#### मई में श्रीधाम में लगेगा एलएचबी कोच

श्रीधाम एक्सप्रेस में 30 मई को एलएचबी कोच जोड़ा जाएगा।

#### कल से भोपाल से गुजरने वाली बिलासपुर एक्सप्रेस सहित 6 प्रमुख ट्रेनें अलग-अलग डेट में 20 दिनों तक रहेंगी निरस्त

भोपाल। भोपाल मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनों का संचालन अप्रैल में प्रभावित रहेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया स्टेशन पर ट्रैक कार्य के चलते लगभग 20 दिनों तक यातायात बंद रहने से तीन जोड़ी ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार गोंदिया स्टेशन पर लाइन नंबर-5 (अप मेन लाइन) पर स्थित वॉशेबल एप्रन को हटाकर उसे बैलेस्टेड ट्रैक में बदलने का कार्य किया जाएगा। जिससे भोपाल मंडल होकर चलने वाली कई एक्सप्रेस ट्रेनें निरस्त रहेंगी। इससे अप्रैल महीने में यात्रियों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रेलवे की तरफ से कुछ ट्रेनों को अस्थायी तौर पर कैंसिल करने का फैसला लिया गया है, जिसका असर कई यात्रियों की यात्रा पर पड़ सकता है।

#### यह ट्रेनें रहेगी निरस्त

- **12410 हजरत निजामुद्दीन-रायगढ़ एक्सप्रेस** : 2, 4, 6, 7, 8, 9, 11, 13, 14, 15, 16, 18, 20, 21 और 22 अप्रैल को रद्द।
- **12409 रायगढ़-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस** : 4, 6, 8, 9, 10, 11, 13, 15, 16, 17, 18, 20, 22, 23 और 24 अप्रैल को रद्द।
- **18237 कोरबा-अमृतसर एक्सप्रेस** : कोरबा से 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक रद्द।
- 18238 अमृतसर-बिलासपुर एक्सप्रेस : अमृतसर से 7 अप्रैल से 27 अप्रैल तक रद्द।
- **12807 विशाखापत्तनम-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस** : 5, 7, 8, 9, 11, 12, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 22 और 23 अप्रैल को रद्द।
- **12808 हजरत निजामुद्दीन-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस** : 7, 9, 10, 11, 13, 14, 16, 17, 18, 20, 21, 23, 24 और 25 अप्रैल को रद्द।

### भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली 2 जोड़ी ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा

**भोपाल।** यात्रियों की बढ़ती मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली 02 जोड़ी विशेष ट्रेनों में अस्थायी रूप से अतिरिक्त कोच लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 04715 बीकानेर-साई नगर शिरडी में 04 अप्रैल से 25 अप्रैल तक गाड़ी संख्या 04716 साई नगर शिरडी-बीकानेर में 05 अप्रैल से 26 अप्रैल तक एक स्लीपर एवं एक थर्ड एसी कोच अतिरिक्त रूप से जोड़े जाएंगे। गाड़ी संख्या 04717 हिसार-तिरुपति) में 4 अप्रैल से 25 अप्रैल तक गाड़ी संख्या 04718 (तिरुपति-हिसार) में 06 अप्रैल से 27 अप्रैल तक एक थर्ड एसी कोच अतिरिक्त रूप से जोड़ा जाएगा।

**अतिरिक्त कोच लगाए जाने का निर्णय**

#### संतरागाछी-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल की संचालन अवधि में 13 ट्रिप का विस्तार

**भोपाल।** ग्रीष्मावकाश के दौरान यात्रियों की बढ़ती मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा भोपाल मंडल होकर संचालित संतरागाछी-अजमेर-संतरागाछी साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि में 13 ट्रिप का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 08611 संतरागाछी-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल संतरागाछी से 06 अप्रैल से 29 जून तक कुल 13 ट्रिप, गाड़ी संख्या 08612 अजमेर-संतरागाछी साप्ताहिक स्पेशल अजमेर से 09 अप्रैल से 02 जुलाई तक 13 ट्रिप बढ़ाये गए है।

## क्रिस्मा मिस्सा में बिशप ने दोहराया सेवा का संकल्प


क्रिस्मा मिस्सा का आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को राजधानी के आशा निकेतन परिसर स्थित अजम्पशन चर्च में भोपाल आर्चडायोसिस द्वारा आर्चबिशप दुरईराज के नेतृत्व में क्रिस्मा मिस्सा का आयोजन किया गया। इस पवित्र धर्मविधि में बड़ी संख्या में पुरोहितों, धर्मसंघियों और धर्मप्रांत के विश्वासियों ने भाग लिया।

कैथोलिक कलीसिया की इस महत्वपूर्ण परंपरा के दौरान आर्चबिशप द्वारा संस्कार के तीन विशेष तेलों को आशीषित किया गया, जिनका उपयोग सालभर विभिन्न धार्मिक संस्कारों में किया जाता है। बीमारों का तेल रोगियों के स्वास्थ्य लाभ और प्रार्थना की। मिस्सा के दौरान आर्चबिशप ने उपस्थित सभी पुरोहितों को पुरोहिताई की प्रतिज्ञा दोहरवायी । इस अवसर पर सभी पुरोहितों ने ईश्वर और कलीसिया के प्रति अपनी सेवा व समर्पण की प्रतिज्ञाओं को दोहराया। आर्चबिशप ने संदेश देते हुए कहा कि क्रिस्मा मिस्सा हमें कलीसिया की एकता, सेवा और समर्पण की भावना की याद दिलाता है।

### लोडिंग ऑटो में रखकर नए भवन में पहुंचाई जा रही हैं निगम की फाइलें



**भोपाल।** आईएसबीटी परिसर स्थित निगम मुख्यालय से निगम के खुद के तैयार नए भवन में विभागों की शिफ्टिंग बीते कई दिनों से चल रही है। महत्वपूर्ण फाइलें लोडिंग आटो से पहुंचाई जा रही हैं। निगम कर्मी फाइलें उपरी मंजिल से लाकर लोडिंग वाहन में रख रहे हैं। हालांकि इन वाहनों के साथ निगरानी और सुरक्षा के लिए निगम कर्मी भी आओ में बैठकर जा रहे हैं। निगम प्रशासन का कहना है कि नस्तियों को पूरी सुरक्षा के साथ नए भवन में भेजा जा रहा है। उनकी गिनती की जा रही है।

### कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे पीड़ित ने दर्ज कराई शिकायत, 97 लोगों ने लगाई गुहार

# सात फेरे के बाद लड़की जेवर-नगदी लेकर रफूचक्कर, घर पहुंचे दूल्हे को भगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दतिया निवासी एक युवती के साथ सगाई करने के बाद फेरे लिए और घर आकर रफूचक्कर हो गई। जानकारी मिलने पर पता चला कि लड़की करीब एक लाख रुपए के जेवर और 35 हजार रुपए लेकर रफूचक्कर हो गई है। दूल्हा जब उसके घर दतिया पहुंचा, तो वहां उसके जीजा ने मारपीट कर भगा दिया। मामले की शिकायत लेकर पहुंचे महेंद्र प्रताप सिंह ने कार्रवाई की मांग की है। अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम ने मामले की जांच एसीपी जोन-4 को सौंपी है। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे 97 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई।

पीड़ित महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि एक साल पहले मेरी शादी दतिया निवासी रचना नामक लड़की से हुई थी। न्यू मार्केट में शादी संपन्न होने के बाद जब दुल्हन को घर लाया गया तो वह करीब एक लाख रुपए के जेवर और 35 हजार रुपए नगदी लेकर दुल्हन गायब हो गई। मैं जब दतिया पहुंचा, तो वहां उसके जीजा और बहन ने मेरे साथ मारपीट कर भगा दिया। युवक का आरोप है कि अमान सिंह और हरिजन सिंह ने उसे फंसाया है। मामले की जांच एसीपी जोन-4 को सौंपी गई है।


पीड़ितों की समस्याएं सुनतीं जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी।

#### नाबालिग बोली, पिता के साथ नहीं रहना

कमला नगर क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीय नाबालिग ने पिता के साथ नहीं रहने की गुहार लगाई है। किशोरी का कहना है कि वह अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहती है, लेकिन पिता ने मुझे पहले भी आठवीं कक्षा के पेपर देने नहीं दिए थे, जिसके बाद मैने शासकीय संस्था में रहकर आठवीं कक्षा उत्तीण की है। अब मैं शासकीय नवीन कन्या गर्ल्स हॉस्टल में रहकर पढ़ना चाहती हूं, लेकिन पिता इसके लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे में मेरा एडमिशन कराकर मुझे पिता से अलग किया जाए। किशोरी का आरोप है कि पिता मेरे साथ मारपीट कर गालियां देते हैं।

#### शराबी बेटे ने बुजुर्ग पिता को पीटा

सेठी नगर अशोका गार्डन निवासी शमीम अखतर ने शिकायत में बताया कि उनके मकान में मेरा बेटा नवेद अखतर मेरे साथ रहता है। वह आए दिन शराब के नशे में मेरे साथ मारपीट कर घर से निकालने की धमकी देता है। बुजुर्ग ने बताया कि उसने पिछली जनसुनवाई में भी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं की गई है।

#### सात दिन से लाइन में लगे उपभोक्ता को नहीं मिला सिलेंडर

नव तारण भारत गैस एजेंसी ईरानी मार्केट हमीदिया पर घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की जा रही है। चर्च रोड जहांगीराबाद निवासी मसूद अखतर ने शिकायत में बताया कि उन्होंने छह दिन पहले एजेंसी पर सिलेंडर बुक किया था, लेकिन सिलेंडर अब तक नहीं मिला है। मैं पिछले सात दिन से लगातार लाइन में लग रहा हूं। कर्मचारियों का कहना है कि रोजाना 250 सिलेंडर आते हैं, ऐसे में आपको सुबह जल्दी आकर लाइन में लगना चाहिए। मसूद का आरोप है कि एजेंसी के पिछले दरवाजे से सिलेंडरों की कालाबाजारी की जा रही है, जबकि उपभोक्ता सिलेंडर के लिए परेशान हो रहे हैं।

भाजपा ने केरल और असम के लिए घोषणापत्र किया जारी

# जरूरतमंद महिलाओं को 2500 रुपए मासिक मिलेंगे और साल भर में 2 सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे, एम्स और हाई स्पीड रेल नेटवर्क भी बनाएंगे

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

भाजपा ने केरल चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। इसमें जरूरतमंद महिलाओं को दवा और किराने के सामान के लिए 2,500 रुपए के मासिक रिचार्ज वाला भक्ष्य आरोग्य सुरक्षा कार्ड देने का वादा किया गया है। भाजपा का घोषणा पत्र पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन ने किया जारी। इसमें केरल में एम्स स्थापित करने की बात भी कही गई है। इसके अलावा तिरुवनंतपुरम को कन्नूर से जोड़ने के लिए हाई स्पीड रेल नेटवर्क की भी बात है। केरल के लिए भाजपा के घोषणापत्र में कहा गया है कि गरीब परिवारों को साल में 2 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर दिए जाएंगे। इनमें से एक सिलेंडर ओणम के दौरान मिलेगा और एक क्रिसमस के दौरान। इसके अलावा केरल में सबरीमाला, गुरुवायुर जैसे उपासना स्थलों के संरक्षण के लिए देवस्वोम बोर्ड के पुनर्गठन का वादा भी किया गया है।

## भाजपा ने केरल चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है भाजपा का घोषणा पत्र पार्टी अध्यक्ष नितिन नबीन ने किया जारी



घोषणा पत्र जारी करते भाजपा के अध्यक्ष नितिन नबीन

### कांग्रेस-माकपा मैच फिक्सर

नबीन ने माकपा और कांग्रेस पर मैच फिक्सर होने और केरल की जनता के साथ खेल खेलने का आरोप लगाया। नबीन ने लोगों से भाजपा को वोट देने का भी आग्रह किया। भाजपा नेता ने यहां अटिंगल में अपने रोड शो के दौरान और बाद में एक बड़ा आरोप लगाया। नबीन ने दावा किया कि वे मैच फिक्सर हैं। वे पिछले कई सालों से केरल की जनता के साथ खेल, खेल रहे हैं। जनता अब बदलाव चाहती है। उन्हें भ्रष्टाचार मुक्त और विकासोन्मुखी सरकार चाहिए और केवल भाजपा ही ऐसा कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि राजग केरल में सरकार बनाएगा।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने असम का घोषणपत्र जारी किया

### प्रवासियों से वापस लेंगे कब्जाई जमीन, 3 माह में लागू करेंगे यूसीसी

**गुवाहाटी।** भाजपा ने असम में चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को ये घोषणापत्र जारी किया, जिसमें मूल निवासियों की जमीन, विरासत और सम्मान की सुरक्षा और बुनियादी ढांचा के लिए 5 लाख करोड़ रुपए के निवेश का वादा किया गया है। भाजपा के 'संकल्प पत्र' में 31 वादे किए गए हैं, जिनमें बांग्लादेशी प्रवासियों से अतिक्रमित जमीन वापस लेने, यूसीसी लागू करने, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने के वादे किए गए हैं।

### केजी-पीजी तक मुफ्त शिक्षा का वादा किया

चुनावी घोषणा पत्र में युवाओं के लिए 2 लाख सरकारी नौकरियां देने और 8वें वेतन आयोग को लागू करने का संकल्प लिया गया है। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण की दिशा में 'ओरुनोदोई' योजना के तहत दी जाने वाली वित्तीय सहायता को बढ़ाकर 3,000 रुपए प्रति माह करने का वादा किया गया है। एक्सप्रेसवे और 'वंदे भारत' ट्रेन परियोजनाएं शामिल हैं। संकल्प पत्र में गरीब परिवारों के बच्चों के लिए केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा का वादा भी किया गया है।



### 'लव और लैंड जिहाद' के खिलाफ लाएंगे नया कानून घुसपैठिए होंगे बाहर: सरमा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि एक बार फिर सत्ता में आने पर भाजपा राज्य में 3महीने के भीतर यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करेगी। घोषणापत्र में कहा गया है कि राज्य के आदिवासियों और अन्य जातीय समुदायों के अधिकारों को प्रभावित किए बिना लागू किया जाएगा। हम 'लव और लैंड जिहाद' के खिलाफ भी सख्त कानून लाएंगे और राज्य के जिला आयुक्तों को 'अवैध प्रवासी निष्कासन अधिनियम, 1950' लागू करने का अधिकार देंगे, जिसके तहत उन्हें 24 घंटे के भीतर विदेशियों को निष्कासित करने का अधिकार होगा। भाजपा हमारे जंगलों और अन्य जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ेगी। हम बांग्लादेशी घुसपैठियों को बेदखल करेंगे और उनके चंगुल से जमीन का एक-एक इंच वापस लेंगे।

सरमा का गोगोई को चैलेंज

### पाकिस्तान और लंदन में कितनी संपत्ति है बताएं? हलफनामे में भी छिपाया

**गुवाहाटी।** भाजपा नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनसे पाकिस्तान और लंदन में कथित संपत्तियों का खुलासा करने की मांग की है। घोषणा पत्र लॉन्चिंग के मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए हिमंत ने आरोप लगाया कि गोगोई के पास पाकिस्तान और लंदन में संपत्ति है लेकिन उन्होंने इसका विवरण चुनाव आयोग को दिए गए हलफनामे में नहीं दिया है।



केरल में राहुल बोले

### सीपीएम अब वामपंथी नहीं, अडाणी का नाम लेकर भाजपा पर खूब बरसे

**कन्नूर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। राहुल केरल के कन्नूर में रैली संबोधित कर कहा कि यह लड़ाई सीपीएम की विचारधारा, यूडीएफ की विचारधारा और कांग्रेस पार्टी की विचारधारा की बीच है। हम देख रहे हैं कि भाजपा और वाम मोर्चा के बीच गठबंधन हो रहा है। किसी वामपंथी दल का किसी अति दक्षिणपंथी दल के साथ गठबंधन करना काफी आश्चर्यजनक होता। उन्होंने कहा कि जब हिंदू धर्म के तथाकथित रक्षक (प्रधानमंत्री) केरल आते हैं, तो सबरीमाला के बारे में कुछ नहीं कहते।



सीएम विजयन ने किया पलटवार

### राहुल बताएं सोना चोर आपके घर तक कैसे पहुंचा?

केरल की सियासत में सबरीमाला स्वर्ण हानि मामला एक बार फिर गरमा गया है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा पलटवार करते हुए सवाल उठाया कि इस मामले का मुख्य आरोपी उनके घर तक कैसे पहुंचा। विजयन ने कहा कि सबरीमाला स्वर्ण हानि मामले में सवाल उठाने से पहले उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए मुख्य आरोपी उनके परिवार के आवास तक कैसे पहुंचा?



### बंगाल में फर्जी वोटरों से लोकतंत्र पर खतरा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले एक बार फिर सीएम ममता बेनर्जी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को लेकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की कोशिश की जा रही है।



बंगाल में भाजपा-टीएमसी

### फॉर्म 6 जमा करने को लेकर दोनों पक्ष आए आमने-सामने

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। टीएमसी सांसद अभिषेक बेनर्जी ने कल रात आरोप लगाया कि भाजपा अवैध तारीखें से फॉर्म 6 जमा कर रहे हैं। भाजपा ने चुनाव आयोग पर नजर रखने के लिए निर्देश भी दिया है। टीएमसी समर्थित बीएलओ ने आरोप लगाया एक आदमी मेदिनीपुर से फॉर्म 6 लेकर आए थे। उन्हें पकड़ा गया। भाजपा ने आरोप लगाया कि वो कोई पार्टी का समर्थक नहीं था। इसके बाद दोनों पक्ष चुनाव आयोग के दफ्तर के सामने धरने पर बैठ गए।

---

## खबर संक्षेप

### देहरादून में रिटायर्ड ब्रिगेडियर की हत्या

**देहरादून।** देहरादून के राजपुर इलाके से मंगलवार को एक चौंकाने वाली खबर है। यहां एक रिटायर्ड ब्रिगेडियर की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। बताया जा रहा कि 2वाहनों में यात्रा कर रहे लोगों के बीच हुई बहस के दौरान गोलीबारी हुई, जिसमें एक गोली ब्रिगेडियर को लग गई और उनकी मौत हो गई। पुलिस ने इलाके को घेर लिया है।



### आईपीएल से जुड़े ब्रिटिश इंजीनियर की मौत

**मुंबई।** यहां आईपीएल 2026 के दौरान एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक 76 वर्षीय ब्रिटिश ब्रॉडकास्ट इंजीनियर, जो लीग के प्रसारण कार्य से जुड़े हुए थे, होटल के कमरे में मृत पाए गए। मृतक की पहचान जान विलियम लैंगफोर्ड के रूप में हुई है, जो बीसीसीआई के साथ काम कर रहे थे। सोमवार सुबह कमरे में बेहोश पड़े थे।



### मुजफ्फरनगर में घर में मिले 4 शव

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सरवट इलाके में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक ही परिवार के 4 सदस्यों के शव घर में मिले। एक कमरे में पत्नी और 2 बच्चों के शव थे, तो वहीं पति का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। सरवट निवासी इरशाद पेंटर का काम करता था। मंगलवार सुबह गेट बंद मिला था।



### मलयालम डायरेक्टर रंजीत गिरफ्तार

**चेन्नई।** मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर डायरेक्टर रंजीत को यौन शोषण मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। यह मामला एक्ट्रेस की शिकायत के बाद दर्ज हुआ, जिसके बाद कार्रवाई हुई। उन्हें एक महिला एक्ट्रेस की शिकायत के आधार पर हिरासत में लिया गया, जिसमें आरोप था रंजीत ने फिल्म सेट पर उनके साथ यौन शोषण का प्रयास किया।



---

आज से बदल जाएंगे कई अधिनियम, आर्थिक मोर्चे पर होंगे कई बदलाव

# पुराना आयकर खत्म व नया अधिनियम होगा लागू, वेतन, बचत व रसोई गैस के खर्चे बढ़ेंगे

## आम आदमी पर दिखेगा इसका असर, पश्चिम एशिया के तनाव से गैस, दवाएं, कारें महंगी होंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में 1 अप्रैल से आर्थिक मोर्चे पर एक बड़ा बदलाव हो रहा है। 6दशक पुराने आयकर कानून की जगह 'आयकर अधिनियम, 2025' अमल में आने वाला है। पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को 'आयकर अधिनियम 2025' से बदल दिया गया है।

अब 'असेसमेंट ईयर' और 'प्रीवियस ईयर' का झंझट खत्म कर इसे सिर्फ 'टैक्स ईयर 2026-27' कहा जाएगा। जीएसटी 2.0 के तहत घोषित एलानों के लागू होने के बाद अब देश का वित्तीय ढांचा पूरी तरह से बदलने की ओर बढ़ रहा है। इन बदलावों का सीधा असर आम आदमी के वेतन, बचत, रसोई गैस और रोजमर्रा के खर्चों पर पड़ेगा यह तय है। कर निर्धारण वर्ष 2026-27 से सरकार ने 12 लाख तक की आय को करमुक्त करने का ऐलान कर रखा है। दूसरी ओर पश्चिम एशिया के तनाव और नए विनियामक नियमों के कारण एलपीजी, दवाएं और कारें महंगी हो रही हैं।





### 'जीएसटी 2.0' का असर

- नई जीएसटी व्यवस्था में टैक्स स्लैब को 5, 18 और 40 फीसदी तक समेट दिया गया है।
- **राहत:** स्वास्थ्य और जीवन बीमा, 33 जीवन रक्षक दवाएं और अनपैक्ड डेयरी उत्पादों को टैक्स-फ्री कर दिया गया है। छोटे कार, एसी, और टीवी अब 28 से घटकर 18 फीसदी स्लैब में आ गए हैं।
- **महंगा:** तंबाकू, लग्जरी वाहन, बड़ी एसयूवी और ऑनलाइन गेमिंग पर अब सबसे अधिक 40फीसदी जीएसटी लगेगा।
- **एलपीजी सिलेंडर:** पश्चिम एशिया (विशेषकर ईरान-इस्राइल) तनाव के कारण दिल्ली में घरेलू गैस की कीमत 853 से बढ़कर 913 हो गई है। वहीं कमर्शियल सिलेंडर 115 महंगा होकर 1,883 रुपए पर पहुंच गया है, जिससे बाहर खाना-पीना महंगा होगा।
- **दवाएं:** फार्मा कंपनियों की बढ़ती लागत के कारण एनपीपीए ने 900 से अधिक आवश्यक दवाओं (जैसे पैरासिटामोल, एंटीबायोटिक्स) की कीमतों में 1.74 फीसदी तक की वृद्धि को मंजूरी दी है।
- **कारों की कीमत में उछाल:** आगामी 'बीएस-7' (बीएस-7) उत्सर्जन मानकों की तैयारी और बढ़ती लागत के कारण टाटा मोटर्स, होंडा (25,000-65,000 रुपऐ तक) और मर्सिडीज जैसी कंपनियों ने 1 अप्रैल से गाड़ियों के दाम बढ़ा दिए हैं।

### ब्रेड-बिस्किट से लेकर जूते-चप्पल तक होंगे महंगे

देशभर में आम लोगों की जेब पर बड़ा असर पड़ने वाला है। रोजमर्रा की कई जरूरी चीजों की कीमतों में 20–25 फीसदी तक बढ़ोतरी हो सकती है। इसमें ब्रेड, बिस्किट, जूते-चप्पल, प्लास्टिक उत्पाद, साबुन-सर्फ जैसी चीजें शामिल हैं। इस महंगाई की सबसे बड़ी वजह कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और तनाव से पैदा हुई वैश्विक अस्थिरता बताई जा रही है। पेट्रोकेमिकल उत्पाद महंगे हो गए हैं।



### बैंकिंग, पेंशन और बीमा के नए नियम

- **एटीएम और बैंक खाते:** एचडीएफसी बैंक अब यूपीआई आधारित कार्डलेस निकासी को भी 5 मुफ्त ट्रांजेक्शन में गिनेगा। लिमिट पार करने पर 23 चार्ज लगेगा। न्यूनतम बैलेंस न रखने पर बैंक अब मनमाना जुर्माना नहीं लगा सकेंगे, बल्कि यह शॉर्टफॉल (कमी) के अनुपात में होगा।
- **क्रेडिट कार्ड और पैन:** नए पैन कार्ड के लिए अब सिर्फ आधार काफी नहीं होगा, 10वीं का सर्टिफिकेट या जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। सभी डिजिटल पेमेंट के लिए सिर्फ ओटीपी नहीं, बल्कि बायोमेट्रिक अनिवार्य कर दिए गए हैं।
- **एनपीएस निकासी:** रिटायरमेंट पर अब 60फीसदी के बजाय 80 फीसदी तक राशि एकमुश्त निकाली जा सकती है। 8 लाख रुपए या उससे कम का कॉर्पस होने पर 100फीसदी एकमुश्त निकासी संभव है।
- **हेल्थ इंश्योरेंस:** बीमा कंपनियों के लिए 'अधिस्थगन अवधि' (मोरेटोरियम अवधि) घटाकर पांच वर्ष कर दी गई है। 5 साल प्रीमियम भरने के बाद कंपनी किसी पुरानी बीमारी का हवाला देकर क्लेम खारिज नहीं कर सकेगी।

इन पर भी पड़ेगा प्रभाव

### सेविंग, आय समेत टैक्स व्यवस्था बदल जाएगी

- **सेविंग और निवेश:** धारा 80सी और 80डी के तहत टैक्स छूट पाने के लिए पीपीएफ, ईएलएसएस, और जीवन बीमा में निवेश 31 मार्च से पहले कर लें, अन्यथा इसका लाभ चालू वित्त वर्ष में नहीं मिलेगा।
- **खातों को सक्रिय रखना:** पीपीएफ, एनपीएस और सुकन्या समृद्धि योजना को निष्क्रिय होने और पेनल्टी से बचाने के लिए न्यूनतम अनिवार्य राशि जमा करना आवश्यक है।
- **अपडेटेड रिटर्न:** वित्तीय वर्ष 2020-21 (आकलन वर्ष 2021-22) के लिए अपडेटेड रिटर्न दाखिल करने की आखिरी समय-सीमा 31 मार्च है।
- **विदेशी आय वालों के लिए:** एनआरआई को विदेशी कर क्रेडिट का दावा करने के लिए 'फॉर्म 67' इसी दिन तक जमा करना होगा, अन्यथा दोहरे कराधान का सामना करना पड़ सकता है।
- **नई टैक्स व्यवस्था:** 12 लाख रुपए तक की शुद्ध वार्षिक आय वालों की टैक्स देनदारी शून्य कर दी गई है। इसके साथ ही वेतनभोगियों के लिए 75,000 रुपए का स्टैंडर्ड डिडक्शन जारी रहेगा।
- **पुरानी व्यवस्था में भारी छूट:** बच्चों की शिक्षा भत्ता 100 र से बढ़ाकर 3,000 रुपए प्रति माह और हॉस्टल भत्ता 300 से बढ़ाकर 9,000 रुपए कर दिया गया है। पुणे, बेंगलूरू, हैदराबाद और अहमदाबाद को भी एचआरए के लिए टियर-1 (50फीसदी छूट) में शामिल कर लिया गया है।
- **निवेश पर टैक्स:** अब सेकेंडरी मार्केट से खरीदे गए सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पर मैच्योरिटी के समय कैपिटल गेन टैक्स लगेगा। फ्यूचर्स और ऑप्शंस ट्रेडिंग पर एसटीटी बढ़ा दिया गया है, और कंपनियों के शेयर बायबैक पर शेयरधारकों को टैक्स देना होगा।
- **विदेश यात्रा हुई सस्ती:** ओवरसीज टूर पैकेज पर टीसीएस दर को 5और 20 फीसदी की दोहरी दर से घटाकर सीधे 2फीसदी कर दिया गया है।

---

नक्सलवाद पर बोले रिजिजू

## राहुल व कई कांग्रेसियों का नक्सलियों से संबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में नक्सलवाद के मुद्दे पर सियासत गरमा गई है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस और उसके वरिष्ठ नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के कुछ नेताओं के वामपंथी उग्रवादियों और माओवादियों से संबंध रहे हैं। उनके इस बयान से राजनीतिक माहौल गरमा गया है और आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। रिजिजू ने कहा कि राहुल वामपंथी उग्रवादियों को जानते हैं और कांग्रेस के कुछ नेताओं ने ऐसे समूहों से संपर्क भी बनाए रखा था। उन्होंने यह भी कहा कि यह विडंबना है कि एक तरफ कांग्रेस सार्वजनिक रूप से उग्रवाद के खिलाफ बात करती है, वहीं दूसरी तरफ उसके कुछ नेताओं पर ऐसे आरोप लग रहे हैं।



### सलाहकार परिषद में थे कई सदस्य

रिजिजू ने आरोप लगाया कि सोनिया गांधी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के समय कुछ लोग वामपंथी उग्रवादी विचारधारा से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इन लोगों को जानते हैं। हालांकि उन्होंने कोई ठोस सबूत सार्वजनिक नहीं किया, लेकिन उनके बयान ने राजनीतिक बहस को तेज कर दिया है।



### इसकी जांच होनी चाहिए

रिजिजू ने दावा किया कि कांग्रेस के कुछ नेताओं ने माओवादियों से मुलाकात भी की थी और उनसे संपर्क बनाए रखा था। उन्होंने इसे गंभीर मामला बताते हुए कहा कि यह देश की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। उनके अनुसार यह स्थिति चिंताजनक है और इसकी जांच होनी चाहिए। रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को अपने नेतृत्व से सवाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की नक्सलियों द्वारा हत्या की गई, तब पार्टी नेतृत्व की क्या भूमिका रही। उन्होंने कांग्रेस पर नकारात्मक राजनीति करने का आरोप भी लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित और स्थिर है।

---

सीएम सुक्खू का यू-टर्न

## हिमाचल में विरोध के बाद एंट्री टैक्स में इजाफे का फैसला पलटा

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश में एंट्री टैक्स में भारी इजाफा करने के फैसले से मचे बवाल के बाद आख़िरकार कांग्रेस सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ा है। मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। अब हिमाचल की सीमाओं पर प्रवेश के लिए पुराना शुल्क ही लागू होगा।

सुक्खू ने स्पष्ट किया कि बढ़ी हुई दरों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। अब प्रदेश में प्रवेश करने वाले वाहनों को उसी दर पर टैक्स देना होगा जो पहले प्रभावी थी। निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि बॉर्डर चेक पोस्ट पर पुराने सॉफ्टवेयर और पुरानी दरों के हिसाब से ही पर्चियां काटी जाएं। सरकार ने 5 सीटर और 6 से 12 सीटर वाहनों पर एंट्री टैक्स की बढ़ोतरी का निर्णय वापस लिया है। पहले दोनों को क्लप करके 130 रुपए किया था। अब5 सीटर वाहनों से 70 रुपए और 6 से 12 सीटर वाहनों से 110 ही एंट्री टैक्स लगेगा।



केंद्र सरकार कर रही आईटी नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी

## निजी यूजर्स व इनफ्लुएंसर्स पर भी लागू होंगे 'टेकडाउन नोटिस'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और यूज़र्स दोनों के लिए सख्त नियमों की दिशा में आगे बढ़ रही है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियम, 2021 में प्रस्तावित संशोधनों के तहत अब ऑनलाइन पोस्ट करने वाले व्यक्तिगत यूज़र्स और इन्फ्लुएंसर्स भी कंटेंट हटाने (टेकडाउन), संशोधन या आपातकालीन ब्लॉकिंग जैसे प्रावधानों के दायरे में आ सकते हैं। सरकार ने सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया है और 14 अप्रैल तक इस पर सुझाव मांगे गए हैं। इनका मकसद बढ़ती आपत्तिजनक, भ्रामक और डीपफेक जैसी सामग्री पर नियंत्रण मजबूत करना बताया जा रहा है।




### गाइडलाइंस अब बाध्यकारी

आईटी मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी, दिशा-निर्देश और कोड ऑफ प्रैक्टिस को अब प्लेटफॉर्म्स के लिए अनिवार्य अनुपालन का हिस्सा बनाया जा रहा है। अब तक इन्हें महज सुझाव माना जाता था, लेकिन नए प्रावधानों में इन्हें न मानने पर प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई संभव होगी। यह बदलाव आईटी एक्ट की धारा 79 (सेफ हार्बर प्रोटेक्शन) से जुड़ा है। यदि कोई प्लेटफॉर्म इन निर्देशों का पालन नहीं करता, तो उसे कानूनी सुरक्षा से वंचित किया जा सकता है।

### 'डीपफेक' और आपत्तिजनक कंटेंट पर फोकस

सरकारी अधिकारियों के अनुसार हाल के समय में सोशल मीडिया पर डीपफेक और एआई-जनित भ्रामक कंटेंट तेजी से बढ़ा है। इसी को देखते हुए प्लेटफॉर्म्स ने भी टेकडाउन कार्रवाई तेज की है, लेकिन सरकार इसे और सख्त बनाना चाहती है। एक अधिकारी के मुताबिक दुनिया भर में हुए बदलावों के चलते अब बड़ी मात्रा में डीपफेक कंटेंट सामने आ रहा है, जिसे हटाने के लिए प्लेटफॉर्म्स को और सक्रिय होना होगा।

**सेक्शन 69ए के तहत सख्ती**

प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार, एक्स (पूर्व ट्विटर), फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट हटाने की कार्रवाई अब आईटी एक्ट की धारा 69ए के तहत और अधिक प्रभावी तरीके से की जाएगी। अब तक ये प्रावधान मुख्य रूप से पब्लिशर्स पर लागू होते थे, लेकिन नए नियमों में व्यक्तिगत यूज़र्स की पोस्ट भी उसी फ्रेमवर्क में लाई जा सकती हैं।

### चिंता के मुद्दे भी उठे

तकनीकी नीति विशेषज्ञों ने इन संशोधनों को लेकर कुछ चिंताएं भी जताई हैं। उनका कहना है कि इन नियमों में पर्याप्त न्यायिक निगरानी का अभाव है और इससे 'त्वरित प्रवर्तन' को बढ़ावा मिल सकता है, जो संतुलित प्रशासन के लिए चुनौती बन सकता है। कुल मिलाकर, प्रस्तावित आईटी नियमों के ये संशोधन सोशल मीडिया पर जवाबदेही बढ़ाने और गलत सूचना पर रोक लगाने की दिशा में बड़ा कदम माने जा रहे हैं। हालांकि, इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सरकारी नियंत्रण के बीच संतुलन को लेकर बहस भी तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

## ईरान के खिलाफ पश्चिमी देशों का साथ न मिलने पर भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, कहा

# हमसे खरीदें तेल या होर्मुज पर करें कब्जा खुद की रक्षा करना सीखें, अब मदद नहीं

ट्रंप ने कहा कि ब्रिटेन जैसे देश ने ईरान के खिलाफ कार्रवाई में हिस्सा लेने से इनकार किया था, उनके लिए उनके पास दो सुझाव हैं। पहला, ऐसे देश अमेरिका से ईंधन खरीद सकते हैं, क्योंकि यहां इसकी कमी नहीं है। दूसरा, उन्हें हिम्मत दिखानी चाहिए, खुद जलडमरूमध्य तक जाना चाहिए और उसे अपने नियंत्रण में लेना चाहिए

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/ तेहरान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिमी देशों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन जैसे जो देश होर्मुज जलडमरूमध्य के कारण जेट ईंधन नहीं पा रहे हैं, जिन्होंने



ईरान के खिलाफ कार्रवाई में हिस्सा लेने से इनकार किया था, उनके लिए उनके पास दो सुझाव हैं। ट्रंप ने कहा, पहला, ऐसे देश अमेरिका से ईंधन खरीद सकते हैं, क्योंकि यहां इसकी कमी नहीं है। दूसरा, उन्हें हिम्मत दिखानी चाहिए, खुद जलडमरूमध्य तक जाना चाहिए और उसे अपने नियंत्रण में लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब इन देशों को खुद अपनी रक्षा करना सीखना होगा, क्योंकि अमेरिका हमेशा उनकी मदद के लिए नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि अब बाकी देश खुद अपना तेल हासिल करें।ट्रंप ने फ्रांस की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि फ्रांस ने उन विमानों को अपने हवाई क्षेत्र से गुजरने की अनुमति नहीं दी, जो इजराइल के लिए सैन्य सामान लेकर जा रहे थे। ट्रंप ने फ्रांस के इस रवैये को बहुत ही असहयोगी बताया और कहा कि अमेरिका इस बात को याद रखेगा। वहीं, इटली ने भी ईरान के खिलाफ सैन्य अभियानों के लिए अमेरिकी विमानों को सिसिली स्थित उसके एक हवाई अड्डे का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी।

**फ्रांस और इटली ने अमेरिका को हवाई क्षेत्र उपयोग की अनुमति नहीं दी**



ईरान के इस्फहान में अमेरिका बंकर बस्टर बम से हमले का बाद आग और धुएं का विशाल गुबार

### ईरान के इस्फहान में अमेरिका का बंकर बस्टर बम से बड़ा हमला

अमेरिकी सेना ने इस्फहान के हथियार डिपो पर 2000 किलो वजनी बंकर बस्टर बम से हमला किया। इस्फहान में ही ईरान का संवर्धित यूरेनियम का भंडार भी रखा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया। इस हमले के चलते इस्फहान के आसमान में आग और धुएं का विशाल गुबार देखा गया। जिस जगह को निशाना बनाया गया, वह एक भूमिगत ढांचा था, जिसके लिए बंकर बस्टर बम का इस्तेमाल किया गया। इस्फहान में ईरानी सेना का बढ़ा सैन्य अड्डा भी है। ईरान के इस्फहान शहर की आबादी करीब 23 लाख है। बीते साल जब अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था, तब भी इस्फहान में परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इस्फहान की रणनीतिक अहमियत भी है। ईरान के संवर्धित यूरेनियम का बड़ा हिस्सा, जो करीब 540 किलो है, इस्फहान के भूमिगत ठिकानों में ही रखा है। अमेरिका का बंकर बस्टर बम बेहद खास है और यह कंक्रीट के मजबूत ढांचे को भी भेदकर उसे तबाह कर सकता है।



दुबई पर खड़े कुवैत के तेल टैंकर पर हमला किया

### कुवैत के तेल टैंकर पर हमला

ईरान ने दुबई के बंदरगाह पर कुवैत के तेल टैंकर पर हमला किया गया, जिससे टैंकर में आग लग गई। कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने बताया कि दुबई पोर्ट पर खड़े अल-सलमी तेल टैंकर पर ईरानी हमले के कारण आग लग गई। दुबई के अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन हमले के बाद कुवैत का झंडा लगे अल-सलमी जहाज पर लगी आग को नियंत्रित कर लिया गया है। अच्छी बात यह है कि तेल का कोई रिसाव नहीं हुआ और चालक दल को कोई चोट नहीं आई।

#### इजराइली जहाज था टारगेट

निगरानी सेवा टैंकर ट्रैकर्स डॉट कॉम के मुताबिक इसमें 1.2 मिलियन बैरल सऊदी कच्चा तेल और 800,000 बैरल कुवैती कच्चा तेल था। जो चीन के किंगदाओ की ओर बढ़ रहा था। अल-सलमी संभवतः टारगेट नहीं था। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि उन्होंने खाड़ी में एक कंटेनर जहाज को टारगेट किया था, क्योंकि उसका संबंध इजराइल से था। ईरान सिंगापुर का झंडा लगे, हेफोंग एक्सप्रेस का जिक्र कर रहे थे। यह अल-सलमी के पास लंगर डाले हुए था।

### कुछ हफ्तों में ईरान ऑपरेशन होगा खत्मः रुबियो




*अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका को उम्मीद है कि वह ईरान के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई का लक्ष्य महीनों में नहीं, बल्कि हफ्तों में पूरा कर लेगा। रुबियो ने कहा कि अमेरिकी सेना अपने बताए गए मकसद को पाने में बहुत आगे या तय समय से आगे है, जिसमें ईरान की एयर फोर्स और नेवी को खत्म करना और उनके पास मौजूद मिसाइल लॉन्चर की संख्या में काफी कमी शामिल है। उन्होंने कहा कि हम ये मकसद, हफ्तों में हासिल कर लेंगे, महीनों में नहीं। उन्होंने साफ किया कि होर्मुज स्ट्रेट पर कंट्रोल करने की ईरान की कोई भी कोशिश मंजूर नहीं होगी। दुनिया का कोई भी देश इसे स्वीकार नहीं कर सकता है।*

#### ईरान और अमेरिका के बीच बातचीत जारी

*मार्को रुबियो ने कहा कि सैन्य ऑपरेशन जारी रहने के बावजूद, ईरान और अमेरिका के अंदर कुछ लोगों के बीच खासकर बिचौलियों के जरिए मैसेज और कुछ सीधी बातचीत चल रही थी। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि ईरानी सरकार के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं हो सकते और उन्हें आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा और उन्हें ऐसे हथियार बनाना बंद करना होगा जो उनके पड़ोसियों के लिए खतरा बन सकते हैं। वहीं, मंगलवार को अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पेंटागन में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो चुका है। ईरान में अब नया शासन है और उसे पहले से ज्यादा समझदारी दिखानी होगी।*


### होर्मुज पर जल्द ही अमेरिका का नियंत्रण होगाः वित्त मंत्री बेसेंट



अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि जल्द ही या तो अमेरिकी जहाजों या कई देशों के संयुक्त जहाजों के जरिए अमेरिका का नियंत्रण होर्मुज जलडमरूमध्य पर होगा। फिलहाल कुछ देश ईरान के साथ समझौते करके अपने जहाजों को जलडमरूमध्य पार करा रहे हैं। लेकिन समय के साथ अमेरिका इसे पूरी तरह नियंत्रित करेगा और वहां जहाजों को सुरक्षित रूप से गुजरने की स्वतंत्रता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने जोर दिया कि बाजार में तेल की आपूर्ति अच्छी है और रोजाना कई जहाज जलडमरूमध्य से गुजर रहे हैं। लेकिन अंततः अमेरिका इस रास्ते पर फिर से नियंत्रण स्थापित करेगा।

#### होर्मुज पर नेतन्याहू ने सुझाया स्थाई समाधान

### ऊर्जा पाइपलाइनों को सऊदी के रास्ते ले जाएं



इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए एक सुझाव दिया है। उन्होंने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भरता कम करने के लिए ऊर्जा पाइपलाइनों का रास्ता बदलना चाहिए। इन पाइपलाइनों को सऊदी अरब के रास्ते लाल सागर और भूमध्य सागर की तरफ ले जाना एक स्थायी समाधान हो सकता है। नेतन्याहू ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान के पास है। इस वजह से ईरान जब चाहे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को खतरे में डाल सकता है। उन्होंने कहा कि सैन्य समाधान केवल कुछ समय के लिए स्थिरता दे सकता है। लेकिन अगर पाइपलाइनों का रास्ता बदल दिया जाए, तो ईरान की रणनीतिक ताकत कम हो जाएगी। नेतन्याहू का मानना है कि जमीन के रास्ते नए पाइपलाइन नेटवर्क बनाने से वैश्विक ऊर्जा बाजार पर ईरान का दबदबा खत्म होगा।

**भारत दबाव डाले तो युद्ध रूक सकता हैः हिजबुल्लाह**

*लेबनान में हिजबुल्लाह की संसदीय पार्टी के प्रमुख इब्राहिम मोसावी ने कहा कि इजराइल और लेबनान के बीच जारी युद्ध को भारत रोक सकता है। उन्होंने कहा कि यदि भारत इजराइल पर दबाव डाले कि यह मानवीय कानून के खिलाफ है, मानवता के खिलाफ है तो शायद वे यह युद्ध रोक दें। हम केवल एक डिफेंसिव फोर्स हैं। हम इजराइल पर हमला शुरू नहीं कर रहे हैं। अगर वे हमारे बीच हुए समझौते की हर शर्त का पालन करते हैं तो चीजें फिर से शुरू हो सकती हैं और हम एक समझौते पर पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम युद्ध में और अधिक जानमाल का नुकसान नहीं चाहते हैं।*

विदेश सचिव विक्रम मिसरीऔर रूस के उप-विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको के बीच वार्ता

### भारत में 14-15 मई को होगी ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की अहम बैठक, रूस से लावरोव आएंगे!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मौजूदा साल में ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत के पास है। जिसके तहत सितंबर महीने में समूह के राष्ट्राध्यक्षों का शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा सकता है। लेकिन उससे ठीक पहले 14 से 15 मई तक नई दिल्ली में ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिसमें भाग लेने के लिए रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भारत की यात्रा कर सकते हैं। यह जानकारी रूस की समाचार एजेंसी तास ने उप-विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको के हवाले से दी है। जिसमें यह बताया गया है कि विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ब्रिक्स की मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने की योजना बना रहे हैं। बैठक में उन अंतिम दस्तावेजों की रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी। जिसे भारत अपनी अध्यक्षता के दौरान शिखर सम्मेलन में पेश करेगा।

BRICS INDIA 2026

#### जयशंकर से मिलेंगे लावरोव

तास ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा भी किया है कि ब्रिक्स के कार्यक्रमों के दौरान लावरोव की एक पृथक आधिकारिक यात्रा भी होगी। जिसमें वह भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अन्य अधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे। बता दें, पिछले महीने 23 मार्च को रूस के विदेश मंत्री ने नई दिल्ली के साथ उच्च-स्तर की कूटनीतिक वार्ता जारी रखने की उम्मीद जताते हुए दोनों देशों के मजबूत संबंधों पर जोर दिया था।

#### इन पांच देशों का समूह है ब्रिक्स

ब्रिक्स दुनिया के जिन पांच देशों का समूह है। उनमें ब्राजील, भारत, चीन, दक्षिण-अफ्रीका और रूस शामिल हैं। आकार के हिसाब से इसके तहत विश्व की जनसंख्या की 40% से अधिक आबादी आती है। ब्रिक्स में दुनिया की 37% जीडीपी और व्यापार में भी अच्छी-खासी भागीदारी है। यह समूह पश्चिम केंद्रित वित्तीय संस्थानों के विकल्प के रूप में आर्थिक सहयोग, निवेश और बहुध्रुवीय ग्लोबल ऑर्डर को बढ़ावा देता है। ब्रिक्स का विस्तार भी हुआ है और अब इसमें ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे खाड़ी क्षेत्र के तीन देश भी शामिल हो गए हैं। जो वैश्विक कच्चे तेल के उत्पादन पर करीब 44% नियंत्रण रखते हैं।

#### मिस्री-रुडेंको ने इन मुद्दों पर की चर्चा

विदेश सचिव विक्रम मिसरी और रूस के उप-विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको ने भारत-रूस विदेश कार्यालय मंत्रणा बैठक में भाग लिया। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए हर मामले पर चर्चा की गई और साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। दोनों ने पिछले साल दिसंबर महीने में दिल्ली में हुए 23 वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में लिए गए निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की है।

## खबर संक्षेप

### कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

**ओटावा।** कनाडा के सरे में कथित तौर पर संगठित अपराध से जुड़े गोलीबारी के एक मामले में



भारतीय मूल के एक व्यक्ति की मौत हो गई है। यह घटना शनिवार रात सरे के सुलिवन हाइट्स इलाके के टाउनहाउस परिसर में हुई। इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम (आईएचआईटी) ने सोमवार को बताया कि मृतक की पहचान 27 वर्षीय जसमन सेखों के रूप में हुई है।

### आर्टेमिस-2 के प्रक्षेपण की तैयारी पूरी

**केप कैनवेरल।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 53 वर्षों में पहली बार मानवयुक्त चंद्र मिशन के प्रक्षेपण के



लिए उलटी गिनती शुरू कर दी है। 'आर्टेमिस-2' मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर विशाल स्पेस लॉन्च सिस्टम रॉकेट बुधवार शाम प्रक्षेपण के लिए तैयार है। यह रॉकेट अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में एक दिन बिताने के बाद 'ओरियन' कैप्सूल के जरिए चंद्रमा की ओर लेकर जाएगा।

### सूरीनाम के पूर्व राष्ट्रपति संतोखी का निधन

**पारामारिबो।** सूरीनाम के पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी का निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे।



सूरीनाम की राष्ट्रपति जेनिफर गीरलिंग्स-सायमंस ने सोशल मीडिया पर एक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। 'चान' के नाम से प्रख्यात संतोखी ने राष्ट्रपति के रूप में 2020 से 2025 तक देश की बागडोर संभाली थी।

#### भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार

## पीएम मोदी ने साणंद में सेमीकंडक्टर ओएसएटी सुविधा का किया उद्घाटन

**यह सुविधा केंद्र सरकार के 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के साणंद में केन्स सेमीकॉन की आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्ट (ओएसएटी) सुविधा का उद्घाटन किया। इस प्लांट में अब कमर्शियल ऑपरेशन भी शुरू हो गए हैं। पीएम मोदी ने प्लांट का निरीक्षण किया और वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर और चल रहे ऑपरेशंस का जायजा लिया।

साणंद यूनिट लगभग 3,300 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित की गई है। यह प्लांट सेमीकंडक्टर असेंबली, पैकेजिंग और टेस्टिंग का काम करेगा, जो चिप मैन्युफैक्चरिंग वैल्यू चेन का अहम हिस्सा है। यह सुविधा केंद्र सरकार के 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत देश में सेमीकंडक्टर निर्माण की घरेलू क्षमताएं बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा है।

**प्लांट चिप निर्माण का अहम हिस्सा**

**3,300 करोड़ के निवेश से स्थापित**



साणंद में केन्स सेमीकॉन की ओएसएटी सुविधा का उद्घाटन करते पीएम मोदी

### इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा

पीएम मोदी ने कहा कि इस तरह की परियोजनाएं भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देंगी। पीएम नरेंद्र मोदी को उनके सानंद दौरे के दौरान केन्स सेमीकॉन की यूनिट में इस्तेमाल हो रही एडवांस्ड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने सुविधा केंद्र में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की और क्लीनरूम और प्रोडक्शन लाइनों का भी निरीक्षण किया। पीएम ने कहा कि इस प्रोजेक्ट से रोजगार के अवसर बढ़ने और हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में कुशल कर्मचारियों के विकास में मदद मिलेगी।

#### प्रतिदिन 63 लाख मॉड्यूल का उत्पादन होगा

प्लांट में कमर्शियल प्रोडक्शन की शुरुआत इंटेलिजेंट पावर मॉड्यूल के निर्माण से हुई है। इन मॉड्यूल्स का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों, इंडस्ट्रियल सिस्टम और ऊर्जा-कुशल उपकरणों जैसे एप्लीकेशंस में बड़े पैमाने पर किया जाता है।

**अश्विनी वैष्णव बोले**

#### 2026 में चार और 2027 में दो और सेमीकंडक्टर प्लांट तैयार हो जाएंगे



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2026 तक चार सेमीकंडक्टर प्लांट तैयार हो जाएंगे और 2027 तक दो प्लांट का काम पूरा हो जाएगा। भारत की पहली फैब्रिकेशन यूनिट 2028 तक धोलेरा में तैयार हो जाएगी। वैष्णव ने बताया कि केयन्स सेमीकॉन की सानंद यूनिट देश का दूसरा सेमीकंडक्टर प्लांट है। माइक्रोन टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित देश के सबसे पहले सेमीकंडक्टर प्लांट का उद्घाटन 28 फरवरी को हुआ था और आज, 31 मार्च को, दूसरे प्लांट का उद्घाटन किया गया है। तीसरे प्लांट का उद्घाटन जुलाई में किया जाएगा।

#### वायु रक्षा क्षमता होगी और मजबूत

### वायुसेना के लिए माउंटेन रडार को मंजूरी, 1950 करोड़ का एमओयू

**पहाड़ी और सीमावर्ती इलाकों में रखेंगे दुश्मन पर पैनी नजर**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मंगलवार को रक्षा मंत्रालय और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के बीच भारतीय वायुसेना के लिए दो माउंटेन रडार खरीदने को लेकर लगभग 1,950 करोड़ रुपए का यह महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। यह समझौता 31 मार्च को नई दिल्ली में दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह सौदा 'भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित' श्रेणी के तहत किया गया है। इसका अर्थ यह है कि इस परियोजना में देश में विकसित तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इन रडार सिस्टम को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की इलेक्ट्रॉनिक्स एवं रडार विकास स्थापना द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। इसका निर्माण भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड करेगी।



#### रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे

*ये अत्याधुनिक रडार दुर्गम क्षेत्रों में भी सटीकता के साथ काम करने में सक्षम हैं। विशेष रूप से पहाड़ी और कठिन सीमावर्ती इलाकों में भी दुश्मन की हवाई गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ये रडार उपयुक्त हैं। इन रडार की तैनाती से देश की वायु रक्षा क्षमता और मजबूत होगी। साथ ही दुश्मन की किसी भी हरकत का समय रहते पता लगाना आसान होगा। ये आधुनिक रडार अलग-अलग टेरीयन में भारतीय वायुसेना के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। रक्षा मंत्रालय की यह पहल आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत की गई है। निर्माण की इस महत्वपूर्ण परियोजना में रडार के साथ-साथ उससे जुड़े उपकरण और जरूरी बुनियादी ढांचे को भी शामिल किया गया है।*

#### सेमीकंडक्टर और ग्रीन हाइड्रोजन साझेदारी पर चर्चा

### पीएम मोदी ने नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटन से की फोन पर बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटेन से फोन पर बात की। बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने भारत-नीदरलैंड संबंधों को और गहराई देने के अवसरों पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि सोमवार को नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटेन से बात करके खुशी हुई। हमने भारत-नीदरलैंड संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। हमने सेमीकंडक्टर, बड़े जल प्रोजेक्ट, ग्रीन हाइड्रोजन और टैलेंट मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में अपनी साझेदारी की संभावनाओं पर जोर दिया। हमने पश्चिम एशिया की



स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और इस क्षेत्र में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता बहाल करने की जरूरत पर जोर दिया। इस बातचीत में हाई-टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। पीएम मोदी ने बड़े जल परियोजनाओं पर भी चर्चा की, जहां बाढ़ प्रबंधन, डेल्टा तकनीक और टिकाऊ जल समाधानों में नीदरलैंड अनुभव भारत की जल सुरक्षा और जलवायु लचीलेपन के प्रयासों में महत्वपूर्ण सहयोग दे सकता है।

#### अपनी मारक क्षमता से समुद्री क्षेत्र की चुनौतियों से निपटेगा नया युद्धपोत

## भारतीय नौसेना को स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट 'दूनागिरी' सौंपा गया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नीलगिरी श्रेणी (प्रोजेक्ट 17ए) के पांचवें और इस श्रेणी के दूसरे युद्धपोत, दूनागिरी (यार्ड 3023), को कोलकाता स्थित जीआरएसई में भारतीय नौसेना को सौंपा गया। इसका निर्माण गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) में किया गया है।

यह युद्धपोत डिजाइन और निर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट बहुमुखी बहु-मिशन प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें समुद्री क्षेत्र में वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है।



'दूनागिरी' युद्धपोत

#### लिएंडर श्रेणी के फ्रिगेट का नवीनतम स्वरूप

*दूनागिरी, पूर्व में भारतीय नौसेना के बेड़े का हिस्सा रहे लिएंडर श्रेणी के फ्रिगेट आईएनएस दूनागिरी का नवीनतम स्वरूप है, जिसने 5 मई 1977 से 10 अक्टूबर 2010 तक 33 वर्षों तक राष्ट्र को गौरवशाली सेवा प्रदान की। यह अत्याधुनिक फ्रिगेट नौसेना डिजाइन, स्टील्थ, मारक क्षमता, स्वचालन में अभूतपूर्व प्रगति का प्रतीक है और युद्धपोत निर्माण में आत्मनिर्भरता का बेहतरीन उदाहरण है।*

#### भारतीय नौसेना को मिला 'संशोधक' युद्धपोत



भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा संचालित अंतिम सर्वेक्षण पोत (विशाल) संशोधक (यार्ड 3028) को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। यह पोत बंदरगाह/हार्बर के मार्गों का पूर्ण पैमाने पर तटीय और गहरे पानी का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने और नौवहन चैनलों/ मार्गों का निर्धारण करने में सक्षम है। रक्षा और नागरिक अनुप्रयोगों के लिए समुद्र विज्ञान और भूभौतिकीय डेटा एकत्र करना भी इस जहाज की भूमिका है। लगभग 3400 टन के विस्थापन और 110 मीटर की कुल लंबाई वाले संशोधक में अत्याधुनिक जलवैज्ञानिक उपकरण लगे हैं।

#### युद्धपोत तारागिरी का 3 अप्रैल को लोकार्पण



*भारतीय नौसेना अपने नवीनतम स्टील्थ फ्रिगेट तारागिरी (एफ41) को 3 अप्रैल 2026 को विशाखापत्तनम में कमीशन करने जा रही है। इस समारोह की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। यह प्रोजेक्ट 17ए क्लास का 6,670 टन वजनी फ्रिगेट 'मेक इन इंडिया' की प्रतिबद्धता और देशी शिपयार्ड की उन्नत इंजीनियरिंग क्षमताओं का प्रतीक है। आधुनिक हथियार और फ्लेक्सिबल मिशन प्रोफाइल के साथ, तारागिरी भारत की समुद्री ताकत और नीली सीमाओं की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाएगा। कंबाइंड डीजल या गैस प्रोपल्शन प्लांट से चलने वाला, तारागिरी 'हाई-स्पीड - हाई एंड्योरेंस' वर्सेटिलिटी और मल्टी-डाइमेंशनल समुद्री ऑपरेशन के लिए डिजाइन किया गया है।*



### डेब्यू मैच में कोनोली ने दिखाया दम, खेली 44 गेंद में 72 रनों की नाबाद पारी

# रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को हराया



एजेंसी ▶▶| न्यू चंडीगढ़

पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की है। पंजाब किंग्स ने मंगलवार को मुल्लांपुर के महाराजा यादविन्द्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए रोमांचक मुकाबले में गुजरात टाइटंस के विरुद्ध 3 विकेट से जीत हासिल की। पंजाब किंग्स के लिए डेब्यू करने वाले कूपर कोनोली ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेली। कोनोली ने 44 गेंदों में नाबाद 72 रन की पारी खेलकर दम दिखाया। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात टाइटंस ने 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए। साई सुदर्शन ने कप्तान शुभमन गिल के साथ पहले विकेट के लिए 3.4 ओवरों में 37 रन की साझेदारी की। सुदर्शन 13 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद गिल ने जोस बटलर के साथ दूसरे विकेट के लिए 46 रन जुटाकर टीम को मजबूती प्रदान की। गिल 27 गेंदों में 6 चौकों के साथ 39 रन बनाकर पवेलियन लौटे। यहां से जोस बटलर ने ग्लेन फिलिप्स के साथ 36 रन जोड़कर टीम को शतक के पार पहुंचा दिया। बटलर 38 रन और फिलिप्स 25 रन बनाकर आउट हुए। इनके अलावा, वाशिंगटन सुंदर ने 18 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी खेमे से विजयकुमार वैशाक ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए, जबकि युजवेंद्र चहल ने 2 विकेट निकाले। 1 विकेट मार्को जानसेन ने अपने नाम किया।

### पंजाब की तरफ से कोनोली ने संभाला मोर्चा

इसके जवाब में पंजाब किंग्स ने 19.1 ओवरों में जीत हासिल कर ली। इस टीम ने 7 के स्कोर पर प्रियांश आर्य (7) का विकेट खो दिया था। यहां से कूपर कोनोली ने प्रभसिमरन सिंह के साथ दूसरे विकेट के लिए 49 गेंदों में 76 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 83 के स्कोर तक पहुंचाया। प्रभसिमरन 24 गेंदों में 4 छक्कों और 1 चौके के साथ 37 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद कोनोली ने मोर्चा संभाला। उन्होंने कप्तान श्रेयस अय्यर (18) के साथ तीसरे विकेट के लिए 27 रन जुटाए। इसके बाद दूसरे छोर पर विकेट निरंतर अंतराल पर गिरते रहे, लेकिन कोनोली ने मोर्चा संभाले रखा। इस बीच मार्को जानसेन (9) के साथ 26 रन और जैवियर बार्टलेट (नाबाद 11) के साथ 21 रन की साझेदारी भी की। कूपर 44 गेंदों में 5 छक्कों और इतने ही चौकों की मदद से 72 रन बनाकर नाबाद रहे। विपक्षी खेमे से प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 विकेट निकाले। इनके अलावा, कगिसो रबाडा, अशोक शर्मा, राशिद खान और वाशिंगटन सुंदर ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

### दिल्ली और लखनऊ में आज कांटे की टक्कर

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के पांचवें मुकाबले में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स की भिड़ंत लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ होगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेला जाना है। लखनऊ और दिल्ली के बीच इस लीग में कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी। आईपीएल में अब तक इन दोनों टीमों के बीच कुल 7 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 4 मुकाबले दिल्ली ने जीते हैं, जबकि 3 मुकाबलों में लखनऊ को जीत मिली हुई है। आईपीएल 2025 में इन दोनों टीमों के बीच कुल 2 मुकाबले खेले गए थे और दोनों ही बार दिल्ली कैपिटल्स विजयी रही थी। दिल्ली अपने इस दबदबे को इस सीजन भी कायम रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। दिल्ली की टीम इस सीजन काफी संतुलित नजर आ रही है। टॉप ऑर्डर में टीम के पास केएल राहुल का अनुभव मौजूद है। दूसरी ओर, लखनऊ सुपर जायंट्स का टॉप ऑर्डर काफी दमदार दिख रहा है।

### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का श्रेयस बो यानसन | 13 | 11 | 2 | 0 |
| गिल का कोनोली बो चहल | 39 | 27 | 6 | 0 |
| बटलर का बार्टलेट बो चहल | 38 | 33 | 3 | 2 |
| फिलिप्स का यानसन बो विशाक | 25 | 17 | 1 | 1 |
| सुंदर का अर्शदीप बो विशाक | 18 | 16 | 2 | 0 |
| शाहरुख का अर्शदीप बो विशाक | 04 | 6 | 0 | 0 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 11 | 10 | 1 | 0 |
| राशिद खान नाबाद | 00 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 14, कुल योग : 20 ओवर में 162/6 रन
**गेंदबाजी :** अर्शदीप सिंह 4-0-42-0, जेवियर बार्टलेट 4-0-36-0, मार्को यानसन 4-0-20-1, विजयकुमार विशाक, 4-0-34-3, युजवेंद्र चहल 4-0-28-2

| पंजाब किंग्स : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश का अशोक बो रबाडा | 07 | 8 | 0 | 1 |
| प्रभसिमरन का कृष्णा बो राशिद | 37 | 24 | 1 | 0 |
| कूपर कोनोली नाबाद | 72 | 44 | 5 | 5 |
| श्रेयस अय्यर का सुंदर बो कृष्णा | 18 | 11 | 0 | 2 |
| नेहाल वढेरा का गिल बो सुंदर | 03 | 6 | 0 | 0 |
| शशांक सिंह का बटलर बो कृष्णा | 04 | 5 | 0 | 0 |
| स्टोइनिस का राशिद बो कृष्णा | 00 | 2 | 0 | 0 |
| यानसन का गिल बो अशोक | 09 | 10 | 0 | 1 |
| जेवियर बार्टलेट नाबाद | 11 | 5 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 04, कुल योग : 19.1 ओवर में 165/7 रन
**गेंदबाजी :** मोहम्मद सिराज 2-0-15-0, कागिसो रबाडा 3-0-34-1, अशोक शर्मा 3-0-31-1, राशिद खान 4-0-29-1, वाशिंगटन सुंदर 3.1-0-27-1, प्रसिद्ध कृष्णा 4-0-29-3

# एशियाई स्क्वाश में अनाहत का जलवा, जीता बड़ा पुरस्कार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




एशियाई स्क्वाश महासंघ (एएसएफ) ने उभरती हुई युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह को लड़कियों के वर्ग (जूनियर) में शीर्ष सम्मान के लिए चुना है।

विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी अनाहत कई बार एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीत चुकी हैं। 2025 में उन्होंने काहिरा में आयोजित विश्व जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था और वह भारत की स्वर्ण पदक विजेता विश्व कप मिश्रित टीम का भी हिस्सा रही थीं।

### अभय सिंह को 'उत्कृष्ट पुरुष खिलाड़ी' घोषित

वहीं अभय सिंह को 'उत्कृष्ट पुरुष खिलाड़ी' घोषित किया है। एएसएफ की जारी विजेताओं की सूची के अनुसार भारतीय लड़कों की टीम को 'पुरुष टीम पुरस्कार' के लिए चुना गया है, जिसने मिस्र में आयोजित 2025 विश्व जूनियर टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। अभय वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज हैं। वह कई बार एशियाई खेलों में पदक जीत चुके हैं और एशियाई चैंपियनशिप के विजेता भी हैं। वह उस टीम का भी हिस्सा थे, जिसने पिछले साल भारत को पहला 'विश्व कप मिश्रित टीम' खिताब दिलाया था। इससे पहले भारतीय खिलाड़ी 2022 में एएसएफ की वार्षिक पुरस्कार सूची में शामिल हुए थे जब सौरव घोषाल और जोशना चिनप्पा ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप : प्रिया की शानदार जीत, जुझारू प्रदर्शन के बाद हारे जादूमणि



**उलानबटोर।** भारत की प्रिया ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को 5-0 से जीत दर्ज की जबकि जादूमणि सिंह जुझारू प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। महिलाओं के 60 किलो वर्ग में प्रिया ने कजाखस्तान की रिम्मा वोलोस्सेंको को 5-0 से हराया। अब उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की चेंग्यू यांग से होगा। जादूमणि को जापान के रिम्मा यामागुची ने 3-2 से हराया। यामागुची ने अस्ताना में हुए टूर्नामेंट में रजत और मुक्केबाजी विश्व कप फाइनल्स में कांस्य पदक जीता था।

### खबर संक्षेप



### पारंपरिक केंद्रों ही नहीं हर जगह में खेले जाएं टेस्ट

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सौरव गांगुली चाहते हैं कि ईडन गार्डंस पर ज्यादा से ज्यादा टेस्ट हों लेकिन उन्हें यह देखकर भी खुशी होती है कि पारंपरिक प्रारुप के मैच गुवाहाटी और रांची जैसे केंद्रों पर खेले जा रहे हैं। बीसीसीआई ने पिछले सप्ताह भारतीय क्रिकेट टीम के 2026-27 के घरेलू सत्र का ऐलान करते हुए आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के टेस्ट कोलकाता और मुंबई जैसे पारंपरिक केंद्रों पर नहीं कराने का फैसला किया है। ये मैच 21 जनवरी से 25 फरवरी तक नागपुर, चेन्नई, गुवाहाटी, रांची और अहमदाबाद में खेले जाएंगे। गांगुली ने कहा,' ईडन गार्डंस पर बड़े टेस्ट मैच होते देखना हमेशा अच्छा लगता है । कैब के अध्यक्ष और पूर्व खिलाड़ी होने के नाते मैं चाहता हूं कि यहां टेस्ट मैच हो लेकिन हमने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट की मेजबानी की थी। इसके बाद टी20 विश्व कप के मैच हुए और अब आईपीएल के मैच भी यहां हो रहे हैं।' उन्होंने कहा,' हम सभी चाहते हैं कि ईडन पर ज्यादा मैच हो लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि दूसरे मैदानों पर भी मैच होने चाहिए।'

### आरसीबी में आया ठहराव खिलाड़ियों को पता है अपनी भूमिका : कृणाल

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कृणाल पंड्या का कहना है कि टीम में पिछले साल की तुलना में ठहराव आया है और खिलाड़ियों को इस सत्र में अपनी भूमिकाओं के



बारे में बखूबी पता है। कृणाल ने कहा,' मेरा मानना है कि इस साल अधिक ठहराव आया है। पिछले साल यह नई टीम थी और सभी एक दूसरे को समझ रहे थे। इस साल खिलाड़ियों को अपनी भूमिका, एक दूसरे की ताकत और कमजोरी बखूबी पता है।' उन्होंने कहा,' जब मैं बड़े मौकों पर खेलता हूं तो मुझे लगता है कि अगर भगवान आपको यहां तक लाए हैं तो कोई कारण होगा और मुझे लगता है कि ये बड़े मौके मेरे लिए ही बने हैं।

### आईपीएल 2026

**दोनों टीमों के बीच खेले गए 7 मुकाबले**

**4 मैच दिल्ली तो 3 मैच में जीती लखनऊ**

# दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स में कांटे की टक्कर आज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2026 के पांचवें मुकाबले में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स की भिड़ंत लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ होगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेला जाना है।

लखनऊ और दिल्ली के बीच इस लीग में कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी। आईपीएल में अब तक इन दोनों टीमों के बीच कुल 7 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 4 मुकाबले दिल्ली ने जीते हैं, जबकि 3 मुकाबलों में लखनऊ को जीत मिली हुई है। आईपीएल 2025 में इन दोनों टीमों के बीच कुल 2 मुकाबले खेले गए थे और दोनों ही बार दिल्ली कैपिटल्स विजयी रही थी। दिल्ली अपने इस दबदबे को इस सीजन भी कायम रखने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।




### टीमें इस प्रकार हैं

**लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान ), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीज्के, एडेन माक्रम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश महाराज सिंह, आवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन तेंदुलकर, मयंक यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिच नॉर्किया, जोश इंगलिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, मनिमारन सिद्धार्थ, मुकुल चौधरी

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नीतिश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स,आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी दर, पाथुम निसांका, लुंगी एंगिडि, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करुण नायर, साहिल पारख। **मैच :** शाम 7.30 से

# बॉल टैंपरिंग के लिए फखर जमान पर 2 मुकाबलों का बैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान के दिग्गज खिलाड़ी फखर जमान को बॉल टैंपरिंग के चलते पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 के दो मैचों के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। उल्लेखनीय है कि 29 मार्च को गद्दाफी स्टेडियम में लाहौर कलंदर्स के खिलाफ कराची किंग्स को अंतिम 6 गेंदों में 14 रन की दरकार थी। आखिरी ओवर की शुरुआत से ठीक पहले लाहौर के कप्तान शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ और फखर जमान एक साथ खड़े होकर गेंद को हाथ में लेकर चर्चा कर रहे थे। इस बीच फखर गेंद को खुरचते नजर आए।



### गेंद के साथ जानबूझ कर छेड़छाड़

मैदानी अंपायर ने पाया कि गेंद की स्थिति के साथ जानबूझकर छेड़छाड़ की गई है। इसके चलते लाहौर कलंदर्स पर 5 रनों की पेनाल्टी लगाई गई और पुरानी गेंद को बदलकर नई गेंद मैच में शामिल की गई। इसी के साथ मैच का समीकरण बदल गया और अब कराची किंग्स को जीत के लिए 6 गेंदों में महज 9 रन की दरकार थी। अब्बास अफरीदी ने एक चौका और एक छक्का लगाकर टीम को 4 विकेट से जीत दिलाई।

### फुटबॉल

# सीजन के बाद गुएरेरो लेंगे बायर्न म्यूनिख से विदाई



एजेंसी ▶▶| बर्लिन

पुर्तगाल के इंटरनेशनल खिलाड़ी राफेल गुएरेरो बायर्न म्यूनिख फुटबॉल क्लब से इस सीजन के खत्म होने के बाद अलग हो जाएंगे। गुएरेरो का कॉन्ट्रैक्ट भी इस सीजन के अंत में ही खत्म हो रहा है। गुएरेरो और क्लब ने इस कॉन्ट्रैक्ट को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला लिया है।

गुएरेरो साल 2023 में बोरूसिया डॉर्टमुंड से फ्री ट्रांसफर पर बायर्न म्यूनिख में आए थे। उन्होंने बायर्न के लिए कुल 89 मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 12 गोल किए और 8 गोल करने में मदद (असिस्ट) की। उनकी सबसे बड़ी खासियत यह रही कि वे एक ही पोजीशन तक सीमित नहीं थे। वे डिफेंस में फुल-बैक के रूप में भी खेले और जरूरत पड़ने पर मिडफील्ड में भी योगदान दिया। इसी वजह से वह टीम के एक बहुमूल्य खिलाड़ी रहे।

■ राफेल ने बायर्न के लिए खेले 89 मैच, दागे 12 गोल

गुएरेरो ने टीम को कई खिताब दिलाने में अहम योगदान दिया। उन्होंने बायर्न के साथ बुंडेसलीगा का खिताब और जर्मन सुपर कप जीता। इसके अलावा, उन्होंने अपनी राष्ट्रीय टीम पुर्तगाल के लिए भी 65 मैच खेले हैं।

### राफेल और क्लब के बीच बातचीत सकारात्मक

*बायर्न के स्पोर्ट मेंबर मैक्स एबरल ने गुएरेरो की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, हम राफेल को उस समय के लिए दिल से धन्यवाद देना चाहते हैं, जो उन्होंने हमारे साथ बिताया। आप मैदान पर हमेशा राफेल पर भरोसा कर सकते हैं, और उनके जैसे खिलाड़ी किसी भी ड्रेसिंग रूम को बेहतर बनाते हैं। उन्होंने कहा कि राफेल और क्लब के बीच बातचीत सकारात्मक और सम्मानजनक तरीके से हुई। उनके साथ हमारी बातचीत सकारात्मक रही है, जो भरोसे और आपसी समझ पर आधारित है।*

### आज से सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप

**रांची।** 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप बुधवार से शुरू हो रही है, जिसमें तीन श्रेणियों में 29 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट 12 अप्रैल तक चलेगा और टीमें ए , बी तथा सी श्रेणियों में भाग लेंगी। ए श्रेणी की टीमें चैंपियनशिप खिताब के लिए खेलेंगी जबकि बी श्रेणी की शीर्ष दो टीमों और सी श्रेणी की विजेता टीम को प्रमोशन मिलेगा। ए और बी श्रेणी की आखिरी दो टीमें अगले साल क्रमशः बी और सी श्रेणी में खिसक जाएंगी। ए श्रेणी में बारह टीमों को चार पूल में बांटा गया है और नॉकआउट चरण नौ अप्रैल से खेला जाएगा। पूल ए में मेजबान हॉकी झारखंड, बिहार और महाराष्ट्र हैं जबकि पूल बी में ओडिशा, हॉकी पंजाब और हॉकी आंध्र प्रदेश हैं।

# चेन्नई लायंस की जगह यूटीटी में शामिल यूपी प्रोमेथियंस

एजेंसी ▶▶| मुंबई

चेन्नई लायंस की जगह यूपी प्रोमेथियंस को अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में शामिल किया गया। आयोजकों ने लीग के सातवें सत्र से पहले यह घोषणा की। यूपी टीम के मालिक उद्यमी मुकेश शर्मा हैं।

यूटीटी के सातवें सत्र का आयोजन जुलाई में गोवा में होगा, जिसमें सात टीमें हिस्सा लेंगी। यह एकल राउंड-रॉबिन प्रारुप में खेला जाएगा, जिसमें हर टीम लीग चरण में एक बार हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलेगी। कुल मुकाबलों की संख्या 24 होगी, जो पिछले दो सत्र में 23 थी। जयपुर पैट्रियट्स भी लीग का हिस्सा नहीं रही क्योंकि उसने फ्रेंचाइजी समझौते की शर्तों का बार-बार उल्लघंन किया और लगातार भुगतान में चूक की।




### 9 अप्रैल से पहला लिटिल अंडमान प्रो, हिस्सा लेंगे सर्फर और स्टैंड-अप पैडर

**नई दिल्ली।** भारत के बेहतरीन सर्फर और स्टैंड-अप पैडर 9 से 12 अप्रैल तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में होने वाली पहली 'लिटिल अंडमान प्रो 2026 - राष्ट्रीय सर्फ़ और एसयूपी चैंपियनशिप' में पहला स्थान हासिल करने के लिए मुकाबला करेंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ की ओर से



आयोजित इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडल (एसयूपी) दोनों स्पर्धाएं होंगी। साथ ही इस प्रतियोगिता से प्रतिभागियों को इस साल के एशियाई खेलों से पहले अनुभव भी मिलेगा। भारत ने 2024 एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में अपना पहला एशियाई खेलों का कोटा हासिल किया था और महाबलीपुरम में हुए 2025 के चरण में उस लय को बनाए रखते हुए आखिरकार जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए अधिकतम चार स्थान सुनिश्चित किए, जिसमें पुरुष और महिला दोनों वर्गों में दो-दो स्थान शामिल हैं।

### कड़ी मेहनत, नाकामियों और चुपचाप किए गए बलिदानों के बाद मिला सम्मान

# शीतल देवी का बड़ा मंत्र: अपनी सीमाएं खुद तय करो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2025 की सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुनी गई दुनिया की नंबर एक शीतल देवी का मानना है कि यह सम्मान बरसों की कड़ी मेहनत, नाकामियों और चुपचाप किए गए बलिदानों को दर्शाता है और उनका फलसफा यही है कि किसी और को अपनी सीमाएं तय करने नहीं दें। दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज शीतल को विश्व तीरंदाजी ने वर्ष 2025 का सर्वश्रेष्ठ पैरा तीरंदाज चुना, जो उनकी असाधारण उपलब्धियों में एक और इजाफा है। बैंकॉक में एक टूर्नामेंट में भाग ले रही शीतल ने कहा,' यह अद्भुत है।

### नई तकनीक सीखना सबसे चुनौतीपूर्ण



अपने कैरियर की अब तक की सबसे बड़ी चुनौती के बारे में पूछने पर शीतल देवी ने कहा कि पिछले साल नई तकनीक सीखना सबसे चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा,' नई तकनीक सीखना आसान नहीं था। उस समय नतीजे नहीं मिल रहे थे और लोग मेरी काबिलियत पर संदेह करने लगे थे।' उन्होंने कहा,' मैंने समारोहों में जाना और इंटरव्यू देना बंद कर दिया, जिससे सवाल और संदेह बढ़ते गए। मैंने अपना पूरा फोकस ट्रेनिंग पर लगा दिया। इससे मुझे दृढ़ता मिली और आत्मविश्वास भी।

### प्रदर्शन में निरंतरता लाने पर फोकस

शीतल देवी के कोच गौरव शर्मा ने कहा,' इसके मायने थे कि हमें नए सिरे से शुरूआत करनी पड़ी । इसमें काफी संयम और समय लगा । इसके साथ यह भी सुनिश्चित करना था कि वह दबाव झेलने के लिए मानसिक रूप से मजबूत रहे। हमने एक टीम के रूप में एक एक बाधा को पार किया।' इस साल बड़े टूर्नामेंटों में पदक जीतने पर फोकस करने वाली शीतल हफ्ते में छह दिन कड़ा अभ्यास कर रही है। शीतल ने कहा,' मेरे दिन की शुरूआत सुबह आठ बजे होती है और दो घंटे के ब्रेक के साथ शाम छह बजे तक अभ्यास करती हूं।

## ‘पेड़ की कथा’ नाटक ने दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश

# बच्चों ने अभिनय के माध्यम से पेड़, पक्षियों और पर्यावरण के महत्व को प्रभावी ढंग से समझाया

*नाटक की कहानी एक ऐसे पेड़ के इर्द-गिर्द घूमती है, जिस पर लंबे समय से फूल नहीं आ रहे होते हैं। पेड़ सूना हो जाता है और गांव में चिड़ियों की चहचहाहट भी खत्म हो जाती है, जिससे गांवा वाले चिंतित रहते हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी की अक्षदा वेलफेयर सोसाइटी के सौजन्य से गांधी भवन के अर्ध्य प्रेक्षागृह सभागार में आयोजित बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक ‘पेड़ की कथा’ ने दर्शकों का दिल जीत लिया। पंडित विष्णु शर्मा द्वारा रचित पंचतंत्र की कहानियों पर आधारितत इस नाटक के माध्यम से बच्चों ने प्रकृति संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक में लेखन संजय मेहता और निर्देशन निहारिका धौलपुरिया का था।

नाटक की कहानी एक ऐसे पेड़ के इर्द-गिर्द घूमती है, जिस पर लंबे समय से फूल नहीं आ रहे होते हैं। पेड़ सूना हो जाता है और गांव में चिड़ियों की चहचहाहट भी खत्म हो जाती है। इस कारण गांव वाले काफी चिंतित और परेशान हो जाते हैं।


नाटक ‘पेड़ की कथा’ का मंचन करते कलाकार।

### सभी लोग पक्षियों की मदद करते हैं

समस्या के समाधान के लिए एक किसान आगे आता है और गांव वालों के साथ मिलकर उपाय खोजने की कोशिश करता है। नाटक में दिखाया गया कि सभी लोग मिलकर पक्षियों की मदद लेते हैं। पक्षी प्रकृति के महत्व को समझाते हैं और उसका संतुलन बनाए रखने का संदेश देते हैं। अंत में पेड़ पर फिर से फूल खिलते हैं और गांव में खुशियां लौट आती हैं।



## राजधानी के दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित किया नाटक का मंचन

# ‘गज फुट इंच’ नाटक ने बिखेरा हास्य का रंग, सरलता और सच्चाई का दिया संदेश

*टिल्लू एक कपड़ा व्यापारी परिवार से है और आज के डिजिटल दौर में भी अपनी जिंदगी का हिसाब ‘गज, फुट, इंच’ में लगाता है, उसकी यही आदत उसे दूसरों से अलग और थोड़ा अनाड़ी बनाती है।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजधानी के दुष्यंत संग्रहालय में साया वेलफेयर एवं कल्चरल सोसाइटी द्वारा प्रस्तुत केपी सक्सेना द्वारा लिखित नाटक ‘गज फुट इंच’ ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस हास्य-व्यंग्य नाटक का निर्देशन विकास सिरमोलिया ने किया, जिसमें सामाजिक संदेश को हल्के-फुल्के अंदाज में पेश किया गया।

नाटक की कहानी टिल्लू नाम के एक सीधे-सादे और पुराने विचारों वाले युवक के इर्द-गिर्द घूमती है। टिल्लू एक कपड़ा व्यापारी परिवार से है और आज के डिजिटल दौर में भी अपनी जिंदगी का हिसाब ‘गज, फुट, इंच’ में लगाता है। उसकी यही आदत उसे दूसरों से अलग और थोड़ा अनाड़ी बनाती है।

- ***टिल्लू और जुगनी की कहानी ने दर्शकों को हंसाया भी, सोचने पर भी किया मजबूर***
- ***सामाजिक संदेश को हल्के-फुल्के अंदाज में पेश किया***



### आधुनिक और पढ़ी-लिखी लड़की से तय होता है टिल्लू का रिश्ता

कहानी में रोचक मोड़ तब आता है जब टिल्लू का रिश्ता जुगनी नाम की आधुनिक और पढ़ी-लिखी लड़की से तय होता है। टिल्लू के पिता उसे लड़की को प्रभावित करने के तरीके सिखाते हैं, जिससे कई मजेदार और हास्यास्पद स्थितियां पैदा होती हैं। हंसी का सिलसिला तब और बढ़ जाता है जब जुगनी अपनी सहेली गुल्लो के साथ पहली बार टिल्लू से मिलने पार्क जाती है, लेकिन गलती से किसी और युवक को ही टिल्लू समझ लिया जाता है।

### प्यार और संबंधों में दिखावा नहीं

इस गलतफहमी से नाटक में हास्य का रंग और गहरा हो जाता है। अंत में जुगनी, टिल्लू को उसके असली रूप में स्वीकार कर लेती है और टिल्लू भी समझता है कि जीवन केवल ‘नाप-तोल’ से नहीं चलता, बल्कि रिश्तों में सच्चाई और सहजता ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। नाटक ने यह संदेश दिया कि प्यार और संबंधों में दिखावा या ज्यादा ज्ञान नहीं, बल्कि ईमानदारी और अपनापन सबसे ज्यादा मायने रखता है।



## गौहर महल में आज से शुरू होगी ‘सितारा प्रदर्शनी’

**भोपाल।** गौहर महल में एक अप्रैल से ‘सितारा प्रदर्शनी’ की शुरुआत होने जा रही है। यह प्रदर्शनी 5 अप्रैल तक चलेगी। इसमें देश के अलग-अलग राज्यों से आए 75 कुशल शिल्पी और कारीगर अपनी पारंपरिक और स्थानीय कला का प्रदर्शन करेंगे।

इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य खासकर उन महिलाओं को मंच देना है, जो घर से काम करते हुए अपनी कला के जरिए समाज में योगदान दे रही हैं। प्रदर्शनी में बनारसी सिल्क, बाग प्रिंट, चंदेरी, कोटा डोरिया साड़ियां, भागलपुर की सिल्क शॉल और असम की पारंपरिक कलाकृतियां देखने को मिलेंगी। इसके अलावा कारपेट, क्रोकरी, फर्नीचर और घर सजाने के कई आकर्षक सामान भी उपलब्ध रहेंगे।

आयोजन की संयोजक संजना राजपूत के अनुसार, यह प्रदर्शनी कलाकारों को अपने हुनर को दिखाने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का एक अच्छा अवसर है। प्रदर्शनी में गौहर महल के अलग-अलग हिस्सों में स्टॉल लगाए गए हैं

-दीवान-ए-आम में 35, दीवान-ए-खास में 25 और बाहरी हिस्से में 15 शिल्पी अपनी कला प्रस्तुत करेंगे।

## सिंधी कहानी कार्यशाला का आयोजन

# कहानी लिखने की कला और उद्देश्य पर किया विमर्श



***दो दिवसीय कार्यशाला में 55 प्रतिभागियों ने सहभागिता की***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

सिंधु दर्पण सांस्कृतिक संस्था, संत हिरदाराम नगर एवं राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली के सहयोग से दो दिवसीय सिन्धी कहानी कार्यशाला का आयोजन नवनिध हासोमल लखानी स्कूल में 30 एवं 31 मार्च को आयोजित किया। कहानी कार्याशाला में 55 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

विशेषज्ञों ने कहानी की महत्ता, कहानी के अंग एवं कहानी लिखने के लिए विचार निर्माण के उद्देश्य से अपने महत्वपूर्ण विचारों एवं सुझावों से प्रतिभागियों को अवगत करवाया। कहानी कार्यशाला का उद्देश्य कहानी लिखने की कला एवं कहानी कहने की क्षमता में सुधार का अवसर प्रदान करना है, ताकि कहानी को अधिक प्रभावी एवं असरदार बनाया जा सके।

### कहानीकारों से सीखने का अवसर मिला

*कार्याशाला में अन्य समान शौक रखने वाले लेखकों एवं कहानीकारों से मिलने एवं सीखने का अवसर भी प्रतिभागियों को प्राप्त हुआ। कार्यशाला में नई दिल्ली से डॉ रवि टेकचंदानी, इंदौर से मनीष, नर्मदापुरम से अशोक, भोपाल से आरजे रूपक, भास्कर इंद्रकांति, राजेश भट्ट एवं अमृता मोटवानी ने कहानी लिखने की बारीकियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। संस्था की अध्यक्ष कविता इसरानी ने प्रतिभागियों को सफल कहानीकार के लिए शुभकामनाएं दी एवं कहानी लेखन में रूचि एवं सतत लेखन के लिए प्रयासरत रहने का आग्रह किया गया।*

# थियेट्रिक्स की 29वीं कड़ी में अभिनय और चित्रकला का अनोखा संगम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

विहान ड्रामा वर्क्स की कार्यशाला श्रृंखला ‘थियेट्रिक्स’ की 29वीं कड़ी के तहत चल रही तीन दिवसीय कार्यशाला का आज का सत्र काफी रोचक रहा। इस सत्र में प्रतिभागियों ने रेखांकन और अभिनय के बीच के गहरे संबंध को समझा।कार्यशाला में कलाकारों ने अपने साथियों को अलग-अलग भाव और मुद्राओं में बैठाकर उनका लाइव स्केच बनाया। इससे उन्हें यह सीखने का मौका मिला कि किसी व्यक्ति को ध्यान से देखना कितना जरूरी है और उसके भावों को रेखाओं में कैसे उतारा जा सकता है।सत्र के दौरान रेखांकन की बुनियादी तकनीक, संरचना और अवलोकन की कला पर भी ध्यान दिया गया। प्रतिभागियों को यह भी सिखाया गया कि केवल बाहरी रूप ही नहीं, बल्कि व्यक्ति के अंदर के भावों को भी चित्र में दिखाना जरूरी होता है।

**रेखाओं के जरिए भावों को समझने का रोचक**

# कॅरियर कॉलेज ऑटोनॉमस के वार्षिक समारोह में गूंजे लोकगीत, हुई स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

राजस्थान की सौंधी मिट्टी की महक के हो या पंजाब का भांगड़ा गुजरात का डांडिया हो या महाराष्ट्र का लावणी आदि लोकगीतों और लोक नृत्यों से संगीतमय हो उठा कॅरियर कॉलेज का ऑडिटोरियम। मौका था दो दिवसीय वार्षिक उत्सव उत्कर्ष 2026 का। जिसके प्रथम दिवस विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे कबाड़ से जुगाड़, लोकगीत, नेल आर्ट फेस पेंट, लोक नृत्य, हास परिहास, फोटोग्राफी एंकरिंग आदि विधाओं में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लेते हुए पूरे भारत देश की संस्कृति को मंच पर सरकार किया।

उत्कर्ष के दूसरे दिवस पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि सीएआईआर एमओआरआई भोपाल के निदेशक थललाडा भास्कर का स्वागत कॉलेज अध्यक्ष मनीष राजोरिया ने किया। श्री राजोरिया ने कहा कि वार्षिक उत्सव युवाओं का उत्सव है जो पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों में छुपी विभिन्न




गतिविधियों को उजागर करने में सहयोग प्रदान करता है। अतिथि भास्कर ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में वार्षिक प्रतिवेदन प्राचार्य डॉ. चरणजीत कौर, डॉ अनिल दीक्षित एवं प्रोफेसर सोनी टोपो द्वारा प्रस्तुत किया गया। विभिन्न गतिविधियों में विजय रहे विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी टॉपर्स को रुपए 11000/- और कॉलेज टॉपर्स को रुपए 1100/- कॉलेज मैनेजमेंट द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान किए गए।

## गीतकार शकील आज़मी ने ‘खयाल’ संग्रह का किया विमोचन

# सुहेल उमर की शायरी में सदियों का अनुभव और गहरी चेतना का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

युवा शायर सुहेल उमर के शायरी संग्रह ‘खयाल’ का विमोचन प्रसिद्ध फिल्म गीतकार शकील आज़मी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. महताब आलम ने कहा कि सुहेल उमर की शायरी भले ही नई हो, लेकिन उसमें सदियों का अनुभव झलकता है।

सुहेल उमर ने अपनी रचनाओं में काफिया के साथ-साथ इतिहास, तहजीब, रिवायत, नैतिकता और मूल्यों को खूबसूरती से पेश किया है। उनकी शायरी की भाषा सरल है, जिसमें तस्बीह और इस्तआरों का प्रभावी उपयोग करते हुए समकालीन मुद्दों को भी उभारा गया है।



### शायरी का हुनर विरासत में मिली

डॉ. आलम के अनुसार, सुहेल उमर की शायरी में विषयों की विविधता, गहरी चेतना, बोध और दार्शनिक चिंतन साफ दिखाई देता है, जो उन्हें खास बनाता है। उन्होंने यह भी कहा कि शायरी का हुनर उन्हें अपने परिवार से विरासत में मिला है और उन्हें उस्ताद शायर डॉ. अहसान आज़मी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है।

## निराला सृजन पीठ के आयोजन में 12 टीमों ने लिया हिस्सा

# साहित्यिक अंताक्षरी में दिखा उत्साह, महादेवी वर्मा दल रहा प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

शहर में निराला सृजन पीठ द्वारा आयोजित साहित्यिक अंताक्षरी प्रतियोगिता में लेखकों, कवियों और साहित्य प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध पंक्तियों जैसे ‘हे री...मैं तो प्रेम दीवानी”, “यह तन कांचा कुंभ है” और “रावण रथी वीरथी रघुवीरा” के साथ हुई, जिससे माहौल साहित्यमय हो गया।

**दूसरों की रचनाओं को भी याद रखने का अवसर मिलता है**

**प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया**




निदेशक डॉ. साधना बलवटे ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को अपनी साहित्यिक धरोहर से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि पहले अंताक्षरी दोहे-चौपाई पर आधारित होती थी, लेकिन आज के समय में लोग केवल अपना लिखा पढ़ने तक सीमित हो गए हैं। ऐसे आयोजनों से दूसरों की रचनाओं को भी याद रखने और समझने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया, प्रत्येक टीम में 3 सदस्य थे।

### पहले चरण से 6 टीमें फाइनल में पहुंचीं

प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित हुई। पहले चरण में प्रतिभागियों को अंतिम अक्षर से कविता सुनानी थी, जबकि दूसरे चरण में चिट्ठी उठाकर दिए गए शब्द पर कविता प्रस्तुत करनी थी। पहले चरण से 6 टीमें फाइनल में पहुंचीं। फाइनल राउंड के बाद महादेवी वर्मा दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दल में डॉ. मीना शुक्ला, चंद्रहास शुक्ला और ओमप्रकाश खुराना शामिल थे।द्वितीय स्थान तुलसी दल (अनिता सक्सेना, डॉ. कुमकुम गुप्ता, विवेक रंजन श्रीवास्तव) को मिला।तृतीय स्थान भूषण दल (सीमा शिवहरे, हरिओम श्रीवास्तव, जयंत भारद्वाज) ने हासिल किया।इसके अलावा पांच टीमों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए गए। कार्यक्रम ने सभी प्रतिभागियों को साहित्य से जुड़ने और उसे याद रखने की प्रेरणा दी।

# राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश पहुंचे ज्ञानतीर्थ....



**भोपाल।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश सिंह मंगलवार को ज्ञानतीर्थ सप्रे संग्रहालय पहुंचे। यहां उन्होंने वरिष्ठ पत्रकार विजयदत्त श्रीधर से भेंट की और इस दौरान सम्मति पुस्तिका में अपनी अनुभूति दर्ज की।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930